CMYK

तापमान
अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 21°C

सेंसेक्स
78,553.20
23,851.65

सोना
चांदी
97,746
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

देहरादून, शुक्रवार 18 अप्रैल 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 255 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 19 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### पाकिस्तान को पीओके खाली करना पड़ेगा: भारत

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### सौरव कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियर्ड्स खिताब जीता

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# वक्फ पर सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत, स्थिति यथावत रहेगी

## कहा: मौजूदा वक्फ कानून में पांच मई तक कोई बदलाव नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार होगा

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर गुरुवार को सुनवाई करते हुए कहा कि मौजूदा वक्फ में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होने चाहिए। न्यायालय मामले की अगली सुनवाई पांच मई को करेगा।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलें सुनने के बाद कहा कि हम नहीं चाहते कि स्थिति बदले। पांच साल (इस्लाम का अभ्यास) जैसे प्रावधान हैं, जिन पर हम रोक नहीं लगा रहे हैं। पीठ के समक्ष श्री मेहता ने निवेदन करते हुए कहा कि केंद्र सरकार सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करेगी और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि अगली तारीख तक उपयोगकर्ताओं द्वारा वक्फ का स्वरूप नहीं बदलेगा, हालांकि उन्होंने तर्क दिया कि अदालत को वक्फ संशोधन अधिनियम, 1995 पर अप्रत्यक्ष रूप से रोक लगाकर कठोर रुख नहीं अपनाना चाहिए। अदालत ने श्री मेहता का बयान दर्ज किया और जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। शीर्ष अदालत ने सरकार के जवाब पर याचिकाकर्ताओं को पांच दिन के भीतर जवाब दाखिल करने की अनुमति दी। पीठ -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे



**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का स्वागत है, हमें उम्मीद है की अदालत के फैसले का रुख सही होगा। श्री मदनी ने कहा कि आज नहीं तो एक हफ्ते बाद ही सही। सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक तरह का स्टे है और आगे की सुनवाई में भी यही रुख बने रहने की उम्मीद है।

### सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं: इमरान



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों पर कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि अंतरिम राहत के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट का शुक्रगुजार हूं। कोर्ट ने लगभग वे सभी मुद्दे उठाए, जो हमने संसद में उठाए थे। आज के फैसले से पता चलता है कि यह कानून संविधान के खिलाफ बनाया गया है। यह संविधान की जीत है, किसी पक्ष की नहीं। आने वाले दिनों में कोर्ट और राहत देगा।

### वक्फ बोर्ड वैसे ही बना रहेगा: खान



**नई दिल्ली।** 'आप' नेता अमानतुल्लाह खान ने कहा कि मैं सुप्रीम कोर्ट, जजों और अधिवक्ताओं का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने धर्म से ऊपर उठकर देश की रक्षा करने में हमारी मदद की। हम फैसले से संतुष्ट हैं, क्योंकि केंद्र सरकार ने कोर्ट में कहा कि वक्फ-बाय-यूजर के तहत संपत्तियां वक्फ के पास ही रहेंगी और वक्फ बोर्ड के सदस्यों से भी हस्तक्षेप नहीं होगा। केंद्र सरकार सात दिन में जवाब देगी, डीएम कोर्ट से ऊपर कैसे हो सकता है।

### रॉबर्ट वाड्रा से ईडी की लगातार तीसरे दिन तीन घंटे पूछताछ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा धन शोधन निवारक अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ का सामना करने के लिए गुरुवार को यहां लगातार तीसरे दिन ईडी के अधिकारियों के समक्ष हाजिर हुए। उन्होंने तीन घंटे से अधिक की पूछताछ के बाद ईडी के कार्यालय से निकलने पर मीडिया से बातचीत में कहा कि ईडी उनसे पुराने सवाल ही पूछे जा रही है और उन्हें बार-बार वही जवाब देना पड़ रहा है। श्री वाड्रा के विरुद्ध यह मामला 2008 में हरियाणा में एक भूमि सौदे से जुड़े कथित घोटाले से जुड़ा है। ईडी इस मामले में कथित तौर पर अपराध की काली कमाई को वैध करने के पहलू की जांच कर रही है।

# राष्ट्रपति को कोई निर्देश नहीं दे सकता

## धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर किया सवाल



> न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है, परामर्श सहमति नहीं है, केवल परामर्श है

**नई दिल्ली।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने न्यायपालिका की असीमित स्वतंत्रता पर सवाल करते हुए गुरुवार को कहा कि कोई शक्ति किसी भी आधार पर उप राष्ट्रपति निवास पर राज्यसभा के छठे बैच के प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में ऐसी स्थिति नहीं बनाई जा सकती कि कोई राष्ट्रपति को निर्देश दे सके। न्यायपालिका की भूमिका परामर्श की है। उन्होंने कहा कि परामर्श सहमति नहीं है, परामर्श केवल परामर्श है। उप राष्ट्रपति का यह वक्तव्य उच्चतम न्यायालय के हाल के उस निर्णय के संदर्भ में महत्वपूर्ण है, जिसमें उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि राष्ट्रपति को विचार के लिए भेजे विधेयकों पर अधिकतम तीन महीने के भीतर फैसला करना होगा। श्री धनखड़ ने कहा कि भारत के राष्ट्रपति का पद सर्वोच्च है। राष्ट्रपति संविधान की रक्षा, संरक्षण और बचाव की शपथ लेते हैं। यह शपथ केवल राष्ट्रपति और उनके द्वारा नियुक्त राज्यपाल लेते हैं। हर कोई, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति, मंत्री, सांसद, न्यायाधीश, ये सभी संविधान का पालन करने की शपथ लेते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान की रक्षा करने के लिए और संविधान का संरक्षण करने के लिए, वह भारत के राष्ट्रपति, सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर की शपथ है।

### अगले सप्ताह अमेरिका जाएंगे राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह की शुरुआत में अमेरिका की यात्रा पर जाएंगे और इस दौरान वह ब्राउन यूनिवर्सिटी में शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता पवन खेड़ा ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर यह जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि श्री गांधी 21 और 22 अप्रैल को रोड आइलैंड के ब्राउन यूनिवर्सिटी जाएंगे, जहां वह शिक्षकों और छात्रों से बातचीत करेंगे। रोड आइलैंड का दौरा करने से पहले वह एनआरआई समुदाय के सदस्यों के साथ-साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस (आईओसी) के पदाधिकारियों और सदस्यों से भी मिलेंगे।

# पश्चिम बंगाल के शिक्षकों को सुप्रीम राहत

■ बेदाग शिक्षक ही नई भर्ती तक पढ़ा सकेंगे

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उन शिक्षकों को गुरुवार को सशर्त एक बड़ी राहत दी, जिनकी नियुक्ति वर्ष 2016 की भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं के आधार पर रद्द कर दी गई थी।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए यह राहत दी। पीठ ने यह राहत राज्य सरकार और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को कक्षा नौ से 12 तक के लिए सहायक शिक्षक के पदों की नई भर्ती के लिए 31 मई, 2025 तक नए विज्ञापन प्रकाशित करने और 31 दिसम्बर, 2025 तक भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की शर्त पर दी है। शीर्ष अदालत ने अपने आदेश में कहा कि कक्षा नौ से 12 तक के सहायक शिक्षक राज्य में संबंधित पदों पर नई भर्ती पूरी होने तक पढ़ाना जारी रख सकते हैं। अदालत ने हालांकि, यह भी स्पष्ट किया कि यह राहत सिर्फ उन्हीं शिक्षकों को मिलेगी, जिनकी नियुक्ति में कोई गड़बड़ी नहीं पाई गई थी। शीर्ष अदालत ने गत तीन अप्रैल को पश्चिम बंगाल के स्कूलों में शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के उन पदों पर भर्ती की पूरी प्रक्रिया को 'दूषित' और 'सुधार से परे दागदार' घोषित करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय की ओर से भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने के फैसले पर मुहर लगाई थी।

S.D. COLLEGE OF COMMERCE
(Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur)
BHOPA ROAD, MUZAFFARNAGAR
विद्ययामृतमश्नुते
Invites Application for
APPOINTMENT OF FACULTY
M.Com. B.Com.
M.Sc.(Home Sc.) Food & Nutrition
B.Sc. Home Science
B.Sc. Micro Biology
B.A. (Economics, Geography, Sociology, Hindi, History, English, Political Science)
B.Sc. (Physics, Chemistry, Maths, Zoology, Botany)
Eligibility & Salary :- As per University Norms
Interested candidates can mail their resume within 07 days of publishing of the advertisement to :
sdccmzn819@gmail.com
or Contact at- 9897690116




with you hamesha | xmart by mahindra | *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

DEHRADUN PREMIER MOTORS
DEHRADUN 9711614830 9634091119 | RISHIKESH 9711614830 | KOTDWAR 9711614830 | VIKASH NAGAR 9711614830 | TEHRI 9711614830 | RUDRAPRAYAG 9711614830 | UTTARKASHI 9711614830 | CHAMOLI 9711614830 | CHAMBA 9711614830 | SRINAGAR 9711614830

MIGHTY MOTORS
HARIDWAR 9711615062 7055009890 | ROORKEE 9711615062 | BHAGWANPUR 9711615062

# वक्फ मुस्लिम समाज के लिए बेहतर: मंत्री दानिश

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद ने कहा कि वक्फ बिल का मामला कोर्ट में विचाराधीन है। इसमें न्यायालय के मसले पर बोलना फिलहाल ठीक नहीं है। अंसारी ने कहा कि हमारी सरकार वह वक्फ संशोधन अधिनियम मुस्लिम समाज के बेहतरी के लिए लेकर आई है, क्योंकि वक्फ क्या है यह समझने की जरूरत है। क्या ऐसा संशोधन इस अधिनियम में पहली बार हो रहा है, तो यह गलत है। इसके पहले 1954 में 1995 में 2013 में ऐसे संशोधन हुए हैं।

उन्होंने कहा कि यह संशोधन मुस्लिम महिलाओं संबंध या जो पासमांदा मुस्लिम हैं, उनकी बेहतरी होगीं अंसारी ने कहा कि इसके आने से हमें पूरा विश्वास है कि मुस्लिम समाज की जो मूलभूत आधार संरचना है, उसे और अधिक मजबूती मिलेगी, जिससे वक्फ की संपत्तियों का मिसयूज नहीं होगा। यह बहुत ही सकारात्मक है और हमें विश्वास है कि भारत के जो नवनिर्माण कि हमने परिकल्पना की है वह बहुत ही सार्थक सिद्ध होगा। सुप्रीम कोर्ट द्वारा कानून को एक हफ्ते तक डीनोटिफाई करने की रोक पर उन्होंने कहा कि मामला विचाराधीन है , हम उस पर कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन केंद्र सरकार ने 6 महीने का विंडो पीरियड दिया है, जिसमें एक वेबसाइट जारी होगी, जिसमें वक्फ की संपत्तियां लिस्ट करना है। अभी इसकी लंबी प्रक्रिया है। मंत्री ने कहा कि न्यायालय सभी बिंदुओं को गंभीरता से ले रहा है और हमारी मोदी सरकार लोकतंत्र और संविधान को मानने वाली सरकार है। संविधान का सम्मान करने वाली सरकार है और निश्चित तौर पर लो. कतंत्र की रोशनी में हम जो भी मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए होगा, वह करेंगे। वक्फ की संपत्ति से आम मुसलमान का भला होना चाहिए और इसी भावना के साथ हम पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं।

## वक्फ बिल पर हमारी कानूनी लड़ाई जारी रहेगी: ओवैसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में वक्फ संशोधन अधिनियम की सुनवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि हम इस एक्ट को असंवैधानिक मानते हैं। हमारी कानूनी लड़ाग्र जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सेंट्रल वक्फ काउंसिल और स्टेट वक्फ काउंसिल का गठन नहीं किया जाएगा और 'वक्फ बाय यूजर' को हटाया नहीं जा सकता। ओवैसी की ओर से भी कोर्ट में याचिका दायर कर एक्ट की वैधता को चुनौती दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में वक्फ एक्ट की सुनवाई पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जेपीसी की चर्चा के दौरान मैंने सरकार की ओर से प्रस्तावित सभी संशोधनों का विरोध करते हुए एक रिपोर्ट दी थी। संसद में बिल पर बहस के दौरान मैंने बिल को असंवैधानिक बताया था। यह आर्टिकल 14, 15, 25 और 26 का उल्लंघन है।

## यूपी के 20 जिलों में तीन दिन बारिश की चेतावनी

**आंधी चलने की भी आशंका, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट**

**लखनऊ।** यूपी के 20 जिलों में अगले तीन दिन बारिश और आंधी को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर , संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर में आंधी बारिश की संभावना है। महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा में बारिश की संभावना है। दिन और रात के तापमान में भी बदलाव होगा। हालांकि अभी तक रात के तापमान में कुछ खास बदलाव नहीं देखा गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के करीब 20 जिलों में आंधी और बारिश का अलर्ट जारी हुआ है। जिनमें से कई जिलों में आंधी के साथ बारिश होने की संभावना जताई गई है, तो कई जिलों में तेज आंधी चलने की बात कही गई है। इस दौरान न्यूनतम और अधिकतम तापमान में भी गिरावट हो सकती है। मौसम विभाग की माने को इन जिलों के लोगों को बारिश और आंधी चलने की वजह से गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है। मौसम विभाग के मुता. बिक, अभी तक राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान रात्रि के तापमान में कोई खास बदलाव देखने को नहीं मिला है। वहीं 16 अप्रैल तक राज्य में सबसे कम न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। कानपुर, मुरादाबाद, गोरखपुर, बरेली, आगरा और मेरठ मंडलों में सामान्य से एक से तीन डिग्री सेल्सियस अधिक तापमान दर्ज किया गया है।

# सपा के बहकावे में नहीं आएं दलित: मायावती

लखनऊ, वार्ता



**राणा** सांगा के खिलाफ समाजवादी पार्टी नेता रामजीलाल सुमन के विवादित बयान को लेकर गरमाई सियासत के बीच बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने दलितों को आगाह किया है कि वह सपा के बहकावे में न आएं और दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय अपने समाज के संतो महापुरुषों के संघर्ष के बारे में बात करें।

मायावती ने गुरुवार को सोशल मीडिया हैंडल एक्स के जरिए कहा कि अन्य पार्टियों की तरह आएदिन सपा द्वारा भी पार्टी के खासकर दलित लोगों को आगे करके तनाव व हिंसा का माहौल पैदा करने वाले आ रहे इनके अति विवादित बयानबाजी, आरोप-प्रत्यारोप व कार्यक्रम आदि का जो दौर चल रहा है, यह इनकी घोर संकीर्ण स्वार्थ की राजनीति ही प्रतीत होती है, क्योंकि सपा भी दलितों के वोटों के स्वार्थ की खातिर यहां किसी भी हद तक जा सकती है। अत: दलितों के साथ-साथ अन्य पिछड़ों व मुस्लिम समाज आदि को भी इनके किसी भी उग्र बहकावे में नहीं आकर इन्हें इस पार्टी के भी राजनीतिक हथकण्डों का शिकार होने से ज़रूर बचना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऐसी पार्टियों से जुड़े अवसरवादी दलितों को दूसरों के इतिहास पर टीका-टिप्पणी करने की बजाय यदि वे अपने समाज के सन्तों, गुरुओं व महापुरुषों की अच्छाईयों एवं उनके संघर्ष के बारे में बताएं, तो यह उचित होगा, जिनके कारण ये लोग किसी लायक बने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी फायर सर्विस से जुड़ेंगें दो लाख युवा

**लखनऊ।** यूपी सरकार अब अग्निशमन विभाग के माध्यम से प्रदेश के दो लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण देकर फायर सेफ्टी ऑफिसर और अग्नि सुरक्षा कर्मी के रूप में निजी भवनों में नियुक्ति का अवसर देगी। फायर सेफ्टी के क्षेत्र में यह योजना उत्तर प्रदेश को देश में पहला राज्य बना देगी, जहां युवाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर दिया जाएगा। फायर विभाग की एडीजी पद्मजा चौहान ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर कार्ययोजना तैयार की गई है। इसमें तय किया गया है कि सिक्योरिटी गार्ड की तरह अब मॉल, हॉस्पिटल, मल्टीप्लेक्स, ऊंची इमारतें और बड़े औद्योगिक भवनों में फायर सेफ्टी ऑफिसर और अग्नि सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य होगी। इसके लिए इच्छुक युवाओं को 1 से 4 हफ्ते तक का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले युवाओं को विभाग द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जिससे उन्हें निजी संस्थानों में नौकरी मिल सकेगी। फायर सेफ्टी ऑफिसर बनने के लिए कम से कम 18 वर्ष आयु और निर्धारित योग्यता होनी चाहिए।

### फारूक पर दुलत के खुलासे से हैरान नहीं हूं: महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने गुरुवार को कहा कि वह रॉ के पूर्व प्रमुख एएस दुलत के इस खुलासे से हैरान नहीं हैं नेकां के संरक्षक फारूक अब्दुल्ला ने निजी तौर पर अनुच्छेद 370 को हटाने का समर्थन किया था और यहां तक कि अगर उन्हें विश्वास में लिया जाए, तो इस प्रक्रिया में मदद करने की इच्छा भी जताई थी। मुफ्ती ने श्रीनगर में कार्यकर्ताओं के सम्मेलन के मौके पर संवाददाताओं से कहा कि दुलत साहब लंबे समय से नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक परिवार के सदस्य की तरह करीब रहे हैं। आज वह लिखते हैं कि फारूक साहब अनुच्छेद 370 को हटाने पर चर्चा चाहते थे और विधानसभा के माध्यम से इसे हटाने के लिए भी तैयार थे। यह पहली बार नहीं है। दावा किया कि मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत वरिष्ठ नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेताओं ने 2014 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से कथित तौर पर देर रात की बैठकों के दौरान मुलाकात की थी, ताकि बीज. पी से पीडीपी की बजाय बल्कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ सरकार बनाने का आग्रह किया जा सके।

# मनरेगा मजदूरी नहीं बढ़ाना अधिकार पर आघात

नई दिल्ली, वार्ता



**श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चला रही सरकार: खड़गे**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी नहीं बढ़ाना कामगारों के साथ अन्याय है और ऐसा नहीं करके मोदी सरकार अपनी श्रमिक विरोधी नीति के कारण मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात कर रही है। खड़गे ने कहा कि ऐसा लगता है कि जनविरोधी मोदी सरकार ने मनरेगा की मजदूरी बढ़ाने से इनकार कर दिया है। ये मनरेगा श्रमिकों के अधिकारों पर कुल्हाड़ी चलाना है।

हाल ही में संयुक्त संसदीय समिति ने मनरेगा श्रमिकों की रोज़ाना मजदूरी को 400 रुपए करने की सिफारिश की थी। वर्ष 2023 में बनी अमरजीत सिन्हा की उच्च स्तरीय समिति ने भी मजदूरी बढ़ाने और मनरेगा का बजट बढ़ाने का सुझाव दिया था। पर गरीब विरोधी मोदी सरकार, एक के बाद एक मनरेगा मज़दूरों पर जुल्म ढ़ाने पर उतारू है। करीब सात करोड़ पंजीकृत वर्करों को मनरेगा से आधार आधारित भुगतान की शर्त लगा बाहर करना हो या फिर 10 सालों में मनरेगा बजट का पूरे बजट के हिस्से में सब से कम आवंटन करना हो, मोदी सरकार ने मनरेगा पर लगातार चोट मारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि मनरेगा-हमारे देश के सबसे गरीब परिवारों के लिए कांग्रेस पार्टी द्वारा लाया रोजगार की गारंटी का अधिकार है। हम अपनी दो मांगों पर अडिग हैं।

### खड़गे ने कर्नाटक जाति सर्वेक्षण से खुद को अलग किया

**कलबुर्गी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण को लेकर चल रहे विवाद से खुद को अलग करते हुए कहा कि यह मामला राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में आता है। कर्नाटक में जाति सर्वेक्षण को लेकर चल रहे विवाद के बारे में पूछे जाने पर खड़गे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि यह राज्य सरकार पर छोड़ दिया गया है। हर राज्य में, वे अपने हिसाब से फैसला करेंगे। मैंने रिपोर्ट नहीं देखी है या यह भी नहीं देखा है कि कैबिनेट में इस पर क्या चर्चा हुई।

## हर पीड़ित के चेहरे पर मुस्कान लाना सरकार का ध्येय: योगी

# सुबह दस बजे से जनसमस्या सुनें अफसर

लखनऊ, वार्ता



**जिला स्तर पर समस्या का समाधान किया जाए जो समस्या जिला स्तर की नहीं उसे ही प्रदेश स्तर पर भेजा जाए: मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि हर पीड़ित को न्याय दिला कर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना ही उनकी सरकार का मुख्य उद्देश्य है। अपने सरकारी आवास पर 'जनता दर्शन' आयोजन के दौरान योगी ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 125 से अधिक पीड़ितों से मुलाकात की और सभी के पास जाकर उनकी समस्याएं सुनीं।

उन्होंने समस्यायों के निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा हर पीड़ित को न्याय दिलाकर चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का ध्येय है। जनता दरबार में पुलिस, राजस्व, चिकित्सा सहायता, पेंशन, सड़क निर्माण समेत अनेक मामले आए, जिस पर प्रार्थना पत्र लेकर मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया। जनता दरबार में चंदौली से आए दो युवकों को मुख्यमंत्री ने इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक भी दी। साथ ही अभिभावकों के साथ पहुंचे बच्चों को पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी। योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सुबह 10 बजे से सभी अधिकारी कार्यालय में बैठें और जनशिकायतों को सुनें। स्थानीय शिकायतों का समाधान जनपद स्तर पर ही कराया जाए। जो समस्याएं शासन स्तर से निस्तारित होनी हैं, उन्हें ही यहां भेजी जाए। समस्याओं का निस्तारण सरकार की विशेष प्राथमिकता है। अफसरों से कहा कि पीड़ितों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता से लेते हुए उनका समाधान त्वरित और संतुष्टिपरक तरीके से कराना सुनिश्चित कराएं। जनता दरबार में चंदौली से दो दिव्यांग युवक भी अपनी समस्या लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनकी समस्याएं सुनीं, फिर अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चंदौली के राजेश व चंद्रशेखर को इलेक्ट्रॉनिक चार्जिंग वॉकिंग स्टिक प्रदान की। इस दौरान कुछ पीड़ितों के साथ बच्चे भी आए थे, जिन्हें देख मुख्यमंत्री ने दुलारा-पुचकारा, गोद में लेकर खिलाया और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में मौजूद शासन के वरिष्ठ अधिकारियों को जनता की शिकायतों का प्रार्थना पत्र सौंपते हुए इसके समय से निस्तारण के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़ीं शिकायतों के निस्तारण के लिए डीजीपी को निर्देशित किया, तो वहीं राजस्व संबंधी मामलों में कार्रवाई के लिए राजस्व परिषद के अध्यक्ष को कहा। मुख्यमंत्री ने सभी पीड़ितों को आश्वस्त किया कि उनके प्रार्थना पत्रों पर उचित कार्रवाई कर समस्या का समाधान किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) एसपी गोयल, प्रमुख सचिव (गृह/मुख्यमंत्री) संजय प्रसाद, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, राजस्व परिषद के अध्यक्ष अनिल कुमार समेत कई आलाधिकारी भी मौजूद रहे।

### गोरखुर को 1500 करोड़ रुपये की सौगात देंगे

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को गोरखपुर को करीब 1500 करोड़ रुपए की लागत वाली 147 विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। वह 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपए की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपए की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह समारोह मानबेला में होगा। लोकार्पण और शिलान्यास की अनेक ऐसी परियोजनाएं हैं, जिनसे जिले की रोड कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई मिलेगी। इनमें एक महत्वपूर्ण फोरलेन का प्रोजेक्ट भी शामिल है। अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपए से अधिक की सीवरेज परियोजना का लोकार्पण होना है। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं की अनेक परियोजनाओं की श्रृंखला में जिले के बांसगांव क्षेत्र को मुख्यमंत्री के हाथों 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय का भी उपहार मिलेगा। मुख्यमंत्री मेडिकल कॉलेज के ट्रॉमा सेंटर को अपग्रेड करने के कार्य और जिला अस्पताल के विस्तार कार्य का भी शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री पर्यटन विकास की कई परियोजनाओं का भी शिलान्यास करेंगे।

### आज यूपी दंगा और अराजकता मुक्त

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने भारत की अनेकता में एकता का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि आज देश का हर कोना यूपी से जुड़ना चाहता है। सीएम ने कहा कि उत्तर प्रदेश, देश का सबसे बड़ा राज्य है। यूपी,भारत की आस्था का केंद्र बिंदु भी है। पूरा भारत या अगर मैं कहूं कि वृहत्तर भारत, तो वह जीवन में एक बार यूपी आने का इच्छुक होता है। सीएम ने कहा कि पूरा भारत खुद को यूपी से जोड़ने की कोशिश करता है। कोई तो बात रही होगी, अनायास तो यह नहीं होगा। देश में कहीं भी रहने वाले लोग खुद को यूपी से जोड़ते हैं। आप पूर्व में जाएंगे तो हर व्यक्ति यह देखता है कि माता रुक्मणि पूरब से ही गईं और भगवान श्रीकृष्ण के साथ ब्याही गईं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप पश्चिम के लोगों से देखेंगे, तो वह लोग इस बात से यूपी के साथ जुड़ने को इच्छुक होते हैं कि यहां से कृष्ण द्वारका में आए थे। अगर आप देखेंगे दक्षिण में, तो वहां लोग यह मानकर चलते हैं कि बजरंग बली उसी कर्नाटक में पैदा हुए थे और हनुमानगढ़ी अयोध्या में पूजे जाते हैं।

## अर्थ व्यापार

# चौतरफा लिवाली से बाजार में तेजी बरकरार

मुंबई, वार्ता



अमेरिका और चीन के बीच आयात शुल्क (टैरिफ) को लेकर चल रही जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर व्यापार युद्ध की आशंका के बावजूद भारत के टैरिफ से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होने की बदौलत स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली से आज शेयर बाजार लगातार चौथे दिन उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1508.91 अंक अर्थात 1.96 प्रतिशत की तेजी के साथ तेरह कारोबारी सत्र के बाद 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,553.20 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 414.45 अंक यानी 1.77 प्रतिशत की छलांग लगाकर 23851. 65 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.56 प्रतिशत मजबूत होकर 41,980.48 अंक और स्मॉलकैप 0.52 प्रतिशत चढ़कर 47,946.66 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2427 में लिवाली जबकि 1522 में बिकवाली हुई, वहीं 157 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों के शेयर कारोबार के लिए रखे गए, जिनमें से 1847 में तेजी जबकि 1047 में गिरावट हुई, वहीं 83 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक बाजारों में जारी उतार-चढ़ाव और व्यापार युद्ध की आशंकाओं के बीच भारत का हालिया बेहतर प्रदर्शन बाजार विशेषज्ञों के लिए चौंकाने वाला, लेकिन उत्साहजनक रहा है। इस वर्ष 2 अप्रैल के बाद से जब प्रमुख वैश्विक बाजार नुकसान झेल रहे हैं, भारत उन गिने-चुने बड़े बाजारों में शामिल है जिसने न सिर्फ अपने नुकसान की भरपाई की, बल्कि 2 अप्रैल से पहले के स्तर से ऊपर बंद होकर निवेशकों का भरोसा भी कायम रखा। इस मजबूती के पीछे दो प्रमुख वजहें बताई जा रही हैं। पहला भारत एक घरेलू खपत आधारित अर्थव्यवस्था है, जिससे यह टैरिफ संकट जैसे बाहरी झटकों से अपेक्षाकृत कम प्रभावित होता है। चीन या अमे. रिका जैसे देशों के मुकाबले भारत की अर्थव्यवस्था का निर्यात पर कम निर्भर होना वैश्विक झटकों के दौरान इसे एक सुरक्षित विकल्प बनाता है।

### इंफ़ोसिस की चौथी तिमाही के मुनाफे में 11.7 प्रतिशत की गिरावट

**मुंबई।** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनी आईटी सेवा निर्यातक इंफ़ोसिस लिमिटेड का 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में सकल शुद्ध मुनाफा इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के 7,969 करोड़ रुपए के मुकाबले 11.7 प्रतिशत घटकर 7,033 करोड़ रुपए पर आ गया। कंपनी ने गुरुवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उसे 7,033 करोड़ रुपए का सकल शुद्ध मुनाफा हुआ, जो वित्त वर्ष 2023-24 की जनवरी-मार्च तिमाही के 7,969 करोड़ रुपए से 11.7 प्रतिशत कम है। इस अवधि में उसका कुल राजस्व 37,923 करोड़ रुपए के मुकाबले 7.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 40,925 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। उसका परिचालन व्यय 3,554 करोड़ रुपए से 6.2 प्रतिशत बढ़कर 3,775 करोड़ रुपए हो गया।

# खाद्य तेलों में रहा टिकाव, चावल हुआ महंगा

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजार में गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर आवक और उठाव बराबर रहने से आज दिल्ली थोक जिस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि चावल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिसों के भाव स्थिर रहे। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 20 रिंगिट उतरकर 4187 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.02 सेंट फिसलकर 47.46 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल दो रुपए प्रति क्विंटल महंगा हो गया, वहीं गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3450-3550 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 15385 रुपए, मूंगफली तेल 19047 रुपए, सूरजमुखी तेल 16703 रुपए, सोया रिफाइंड 14835 रुपए, पाम ऑयल 13187 रुपए और वनस्पति तेल 16484 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा है।

# उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा बना देश में रक्षा विनिर्माण का प्रमुख केन्द्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) द्वारा 2018 में स्थापित और विकसित उत्तर प्रदेश रक्षा औद्योगिक गलियारा (यूपीडीआईसी) राज्य को रक्षा और एयरोस्पेस विनिर्माण के प्रमुख केंद्र में स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। छह नोड्स कानपुर, झांसी, लखनऊ, अलीगढ़, आगरा और चित्रकूट में रणनीतिक रूप से फैला यह गलियारा रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने के लक्ष्य को पूरा करता है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**वक्फ पर...**

ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए पांच मई, 2025 की तारीख मुकर्रर की। सुनवाई के दौरान, अदालत ने कहा कि केवल पांच रिट याचिकाओं पर विचार किया जाएगा और शेष को निपटाया हुआ माना जाएगा, क्योंकि 100 या 120 याचिकाओं पर विचार करना असंभव है। अदालत ने आदेश दिया कि 1995 के वक्फ अधिनियम और 2013 में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं को सूची में अलग से दिखाया जाएगा। अदालत ने केंद्र के लिए कनु अग्रवाल को नोडल वकील नियुक्त किया। शुरुआत में श्री मेहता ने कहा कि वह बुधवार को अदालत द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब देने के लिए काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अदालत को केवल कुछ धाराएं पढ़कर कानून पर रोक नहीं लगानी चाहिए। उन्होंने कहा कि कई संशोधन हुए, समितियां बनीं और लाखों लोगों ने प्रतिनिधित्व किया। गांव छीने जा रहे हैं और निजी संपत्तियां वक्फ के तौर पर छीनी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर अदालत पक्षों की बात सुन ले, तो कुछ नहीं बदलेगा। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस- ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान और समाजवादी पार्टी सांसद ज़िया उर रहमान शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वाईएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फ़ॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से भी याचिकाएं दायर की गई हैं।

# वाराणसी गैंगरेप की जांच करेगी एसआईटी: पीसी

वाराणसी, वार्ता



**एफआईआर में 23 दरिंदों के नाम, पीड़िता ने कोर्ट में बताए सिर्फ 9, 14 गायब**

पुलिस कमिश्नर ने गैंगरेप मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए हैं। पत्रकार वार्ता के दौरान पुलिस कमिशनर ने बताया कि आरोपियों के परिजनों के बाद ये फैसला लिया गया है। पुलिस कमिश्नर को परिजनों ने कुछ वीडियो और इंस्टाग्राम चैट भी उपलब्ध कराए हैं। आरोपियों के परिजनों द्वारा उपलब्ध कराए गए वीडियो और इंस्टाग्राम चैट के आधार पर यह फैसला लिया गया है। जांच के दायरे में पीड़िता के इंस्टाग्राम पोस्ट, घटना के समय उसकी गतिविधियां और एफआईआर में नामजद आरोपियों की संख्या में अंतर जैसे कई संदिग्ध पहलू शामिल हैं। एसआईटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस मामले में कुछ ऐसे बिंदु हैं, जिनकी जांच जरूरी है। डीसीपी क्राइम के नेतृत्व में एसआईटी टीम एक महीने के अंदर रिपोर्ट पेश करेगी। इस मामले का पीएम मोदी के संज्ञान लेने के बाद वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट सक्रिय हो गया है। वाराणसी के कई इलाकों में अवैध बार, कफै और रेस्टोरेंट पर लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कई फोटोग्रफ पोस्ट किए हैं। सीसीटीवी फुटेज से भी ये बात बिल्कुल साफ है कि इस अवधि में युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती तो पुलिस से मदद ले सकती थी। उनका कहना है कि इस मामले में कई बातें संदिग्ध हैं, लिहाजा इस मामले में एसआईटी जांच के आदेश दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर का कहना है कि 29 मार्च से 4 अप्रैल के बीच युवती कई ऐसी जगहों पर अकेले थी, जहां वो चाहती, तो पुलिस की मदद ले सकती थी। लेकिन, उसने ऐसा नहीं किय। इसी अवधि में युवती ने इंस्टाग्राम पर अपने फोटो पोस्ट किए, कैसे? एफआईआर में 12 नामजद और 11 अज्ञात कुल 23 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज था, लेकिन युवती ने कोर्ट में सिर्फ 9 लोगों के ही नाम क्यों लिए? ये जांच का विषय है।

### छात्रा ने कॉलेज के गेट पर की आत्महत्या की कोशिश

**कानपुर।** जनपद के चौबेपुर में एक नर्सिंग कॉलेज की छात्रा ने फीस विवाद और परीक्षा देने से रोके जाने के कारण आत्महत्या करने की कोशिश की। कॉलेज ने निर्धारित शुल्क से अधिक पैसे मांगे थे और छात्रा का परीक्षा फॉर्म नहीं भरा गया। तीन दिन पहले हुए विवाद के बावजूद उसे परीक्षा देने से रोका गया, जिससे आहत होकर उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने छात्रा को बचा लिया और मामले की जांच कर रही है। यह चौंकाने वाली घटना गुरुवार सुबह सामने आई, जब छात्रा कॉलेज गेट पर पेट्रोल की बोतल लेकर पहुंच गई। छात्रा मूल रूप से डुडवा जमौली गांव की निवासी है। छात्रा का आरोप है कि प्रबंधन ने निर्धारित शुल्क से 2000 रुपये अधिक की मांग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# उत्तराखंड को पॉवर सरप्लस राज्य बनाने के लिए समन्वय के साथ बढ़ें आगे: सीएम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन, देहरादून में ऊर्जा निगमों के कार्मिकों की और से आयोजित 'स्वागत एवं अभिनन्दन' कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उत्तराखण्ड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने ऊर्जा निगमों के कार्मिकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान करने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया गया।



**उत्तराखण्ड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने जताया मुख्यमंत्री का आभार , राज्य में 16 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर टेक्नॉलोजी के माध्यम से पारदर्शिता लाने का हुआ कार्य इकॉनोमी और इकॉलोजी के बीच समन्वय बनाकर ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को दिया जा रहा प्रोत्साहन**

मुख्यमंत्री ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस अभिनंदन की असली हकदार उत्तराखंड प्रदेश की जनता है, जिन्होंने प्रदेश की सेवा करने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि ऊर्जा प्रदेश उत्तराखंड की मूल अवधारणा में था। उत्तराखण्ड को पॉवर सरप्लस राज्य बनाने के लिए सबको समन्वय के साथ आगे बढ़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा भारत सरकार का राज्य सरकार को हर योजना पर सहयोग मिल रहा है। विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी रैंकिंग में यूपीसीएल ने विशेष श्रेणी डिस्कॉम में देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार, उत्तराखण्ड को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए संकल्पित है। बिजली उत्पादन के लिए लखवाड़ बांध परियोजना, जमरानी बांध बहुउद्देश्यीय परियोजना और देहरादून में आने वाले 50 सालों में पेयजल की समस्याओं को दूर करने के लिए सौंग बांध परियोजना पर कार्य गतिमान है। राज्य में अत्याधुनिक जीआईएस (गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन) उपकेंद्रों की स्थापना भी जारी है। उन्होंने कहा राज्य में 16 लाख स्मार्ट मीटर लगाकर टेक्नॉलजी के माध्यम से पारदर्शिता लाने का कार्य किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देहरादून शहर की बिजली लाइनें भूमिगत की जा रही हैं। यूपीसीएल द्वारा अत्याधुनिक ओटोमेटेड डिमान्ड रिसपॉन्स सिस्टम के उपयोग से ओवरड्राल की स्थिति पर रियल टाइम पर नियंत्रण कर हर वर्ष करोड़ो रूपये की बचत की है। उन्होंने कहा 2023 में देहरादून में विश्व स्तरीय आपदा प्रबंधन सम्मलेन आयोजित किया गया था। आपदाओं को रोका नहीं जा सकता पर आपदाओं के प्रभाव को कम किया जा सकता राज्य सरकार ने इकोलॉजी और इकोनॉमी में संतुलन वाले विकास के मॉडल को चुना है। इकॉनमी और इकॉलजी के बीच समन्वय बनाकर ग्रीन एनर्जी के उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अन्तर्गत लगभग 20,000 रूफटॉप सोलर संयंत्र किए गए स्थापित। उन्होंने कहा कि अन्य राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को हमने अपने राज्य में भी अपनाना है। राज्य सरकार आने वाले 10 , 25, 50 सालों को देखते हुए भी विकास के मॉडल तैयार कर रही है।इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, एम.डी यू.जे.वी.एन.एल संदीप सिंघल और उत्तराखंड विद्युत अधिकारी कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रिनचेन ने पर्यटन को विश्वभर में सम्मान दिलाया: महाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** वेन कुंगा रिनचेन ने केवल भारत में ही नहीं, बल्कि यूरोप, नेपाल, ताइवान, सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका जैसे अनेक देशों में जाकर बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उत्तराखंड की संस्कृति, शांति और आध्यात्मिकता का भी वैश्विक स्तर पर परिचय करवाया। यह बात प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने गुरुवार को जनपद नैनीताल के चोरसा स्थित साधना ध्यान उपवन (रुद्र समतेन गत्सल) के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं।

उन्होंने कहा कि आज का यह आयोजन केवल एक भवन के लोकार्पण का नहीं, बल्कि यह एक आध्यात्मिक संकल्प, नि:स्वार्थ सेवा, और समर्पण की भावना का उत्सव है। महाराज ने कहा कि यह केंद्र, जो चोरसा गांव की शांत वादियों में स्थापित हुआ है, एक साधक की तपस्या और दूरदृष्टि का साकार रूप है। उन्होंने वेन. कुंगा रिनचेन (आनन्द



लामा) का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केंद्र न केवल एक दिव्य धरोहर है बल्कि यह उत्तराखंड की आध्यात्मिक चेतना को भी एक नई ऊँचाई प्रदान करता है। वेन. कुंगा रिनचेन जी केवल एक धर्मगुरु नहीं हैं वे एक जनसेवक, एक द्रष्टा, और एक सांस्कृतिक दूत हैं। उन्होंने वर्षों तक उत्तराखंड के दूरस्थ क्षेत्रों में जाकर जरूरतमंदों को कंबल, राशन, दवाइयाँ और जीवनोपयोगी सामग्री प्रदान की। उनके द्वारा स्थापित रत्न एवं ज्ञान चौरिटेबल ट्रस्ट इसके अनेक प्रमाण प्रस्तुत करता है। महाराज ने बताया कि वेन. कुंगा रिनचेन ने वर्ष 2008 से, जब वे देहरादून स्थित सक्या सेंटर, राजपुर रोड के प्रधानाचार्य थे, तभी से पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी गहरी प्रतिबद्धता दिखाई है। उन्होंने स्वच्छता अभियानों, वृक्षारोपण कार्यक्रमों तथा पुनर्चक्रण (रीसाइक्लिंग) प्रक्रियाओं से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन प्रारंभ किया, जो आज भी नियमित रूप से जारी हैं। वह न केवल भारत में अपितु यूरोप, नेपाल, ताइवान, सिंगापुर, मलेशिया, श्रीलंका जैसे अनेक देशों में जाकर बौद्ध धर्म का प्रचार-प्रसार करने के अलावा उत्तराखंड की संस्कृति, शांति और आध्यात्मिकता का भी वैश्विक स्तर पर परिचय करवाया। उन्होंने अपने निजी प्रयासों से उत्तराखंड पर्यटन को विश्वभर में सम्मान दिलाया है। इस अवसर पर परमाध्यक्ष सक्या गोंग्मा त्रिचेन रिनपोछे, 42वें सक्या त्रिजिन रत्न ज्ञाना वज्र सक्या, देश-विदेश से आये अनेक भिक्षु, भिक्षुणियाँ, श्रद्धालु, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय लोग मौजूद थे।

# प्रदेशभर में फ्रूट जूस विक्रय केंद्र खोलने के लिए रोडमैप करें तैयार: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में कृषि एवं उद्यान विभाग के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति समीक्षा की।



कृषि मंत्री गणेश जोशी हाल ही में कैबिनेट में पास हुई कीवी नीति-2025, ड्रैगन फ्रूट फार्मिंग स्कीम और उत्तराखंड स्टेट मिलेट मिशन को सुनियोजित ढंग से धरातल पर उतारने के अधिकारियों निर्देश दिए। प्रदेश में ग्रेड-सी फलों के बेहतर उपयोग व काश्तकारों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने के लिए प्रदेश भर में फ्रूट जूस विक्रय केंद्र खोलने के लिए रोड मैप तैयार कर जल्द से जल्द प्रस्तुत करने को कहा। विभागीय मंत्री ने बैठक के दौरान किसानों की फसलों को सुरक्षित रखने के लिए घेरबाड़ से संबंधित कार्यों को तेजी से किए जाएं। उन्होंने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड जिस उद्देश्य के लिए बना है, उस दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने उत्पादों की

**कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री ने की कृषि एवं उद्यान विभाग की समीक्षा, कीवी नीति-2025, ड्रैगन फ्रूट फार्मिंग स्कीम और उत्तराखंड स्टेट मिलेट मिशन को सुनियोजित ढंग से धरातल पर उतारें**

मार्केटिंग, ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि एरोमा के क्षेत्र में प्रदेश में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने अधिकारों को यह भी निर्देशित किया कि एरोमा में प्रदेश के पर्यावरण के अनुकूल जो क्रॉप हैं, उस पर अधिक कार्य किया जाए। कृषि मंत्री ने अधिकारियों को केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार किया जाने पर भी जोर दिया जाए।

बैठक में सचिव कृषि एसएन पांडे, अपर सचिव डा आनन्द श्रीवास्तव, कृषि निदेशक केसी पाठक, संयुक्त निदेशक रतन सिंह, निदेशक कैप नृपेन्द्र सिंह चौहान, महेन्द्र पाल, एमडी जैविक विनय कुमार, नरेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे।

## वक्फ संशोधन कानून को लेकर भाजपा की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आज

**देहरादून ।** भाजपा, वक्फ संशोधन कानून को लेकर जागरण की दृष्टि से शुक्रवार को प्रदेश स्तरीय कार्यशाला का आयोजन करने जा रही है। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि बलबीर रोड स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रात: 9.30 बजे से इस कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। जिसे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ इस मुद्दे पर निर्धारित केंद्रीय कमेटी के सदस्य, राष्ट्रीय महामंत्री एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। कार्यशाला में इस कानून की बारीकियों और उससे गरीब मुस्लिमों, पसमांदा समाज को मिलने वाले लाभ पर चर्चा होगी। साथ ही आने वाले दिनों में किस तरह कार्यकर्ताओं को मुस्लिम समाज और मुस्लिम बुद्धिजीवियों के बीच इसकी सही जानकारी साझा करनी है, उसके सम्बन्ध में कार्ययोजना भी बताई जाएगी। मकसद स्पष्ट है, वक्फ कानून को लेकर फैलाए जा रहे विपक्षी झूठ और भ्रम को हमे रोकना है ताकि मुस्लिम समाज की बेहतरी के लिए उठाए इस ऐतिहासिक कदम का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिल सके।

# स्वास्थ्य विभाग को मिले 34 एक्स-रे टेक्नीशियन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 34 नये एक्स-रे टैक्नीशियन मिल गये हैं। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित इन सभी एक्स-रे टैक्नीशियन को प्रदेश के पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों के विभिन्न चिकित्सा इकाईयों में तैनाती दी जायेगी। जिससे इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और अधिक सुदृढ़ हो सकेंगी। इसके अलावा चयन बोर्ड ने चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत 31 नर्सिंग ट्यूटर तथा 7 सोशल वर्कर के पदों पर भी भर्ती परिणाम घोषित कर दिये हैं। इनकी नियुक्ति राज्य के विभिन्न राजकीय नर्सिंग कॉलेजों व मेडिकल कॉलेजों में की जायेगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की प्रभारी महानिदेशक डॉ. सुनीता टम्टा ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की सक्रियता एवं निरंतर समीक्षा का प्रतिफल है कि



**राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने जारी किए परीक्षा परिणाम, 31 नर्सिंग ट्यूटर व 7 सोशल वर्कर का भी परिणाम घोषित**

विभाग में लम्बे समय से रिक्त पड़े पदों पर समयबद्ध तरीके से भर्ती आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को 34 एक्स-रे टैक्नीशियन का अधियाचन भेजा गया था, जिसके क्रम में चयन बोर्ड द्वारा भर्ती का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। इन सभी चयनित एक्स-रे टैक्नीशियनों को शीघ्र ही पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्र के चिकित्सालयों में प्रथम तैनाती दी जायेगी। उन्होंने बताया कि एक्स-रे टेक्नीशियन की नियुक्ति से जहां चिकित्सा इकाईयों में एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड व सीटी स्कैन जैसी महत्वपूर्ण जांच सेवाओं में सुधार होगा वहीं मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट भी मिल सकेगी। जिससे उन्हें निजी डायग्नोस्टिक सेंटर के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा एक्स-रे टैक्नीशियन के अलावा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के 31 नर्सिंग ट्यूटर तथा राजकीय मेडिकल कॉलेजों के 7 मेडिकल सोशल वर्कर के पदों का भी चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। विभागीय निदेशक डॉ. आशुतोष सयाना के बताया कि नर्सिंग ट्यूटर मिलने से नर्सिंग कॉलेजों में शिक्षकों की कमी दूर होगी, जिससे कॉलेजों में शैक्षणिक गतिविधियों में तेजी आयेगी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही चयनित नर्सिंग ट्यूटरों को विभिन्न कॉलेजों तैनाती दी जायेगी। इसके साथ ही मेडिकल सोशल वर्कर को भी विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में नियुक्ति दी जायेगी।

> चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग में विभिन्न संवर्गों के 72 पदों पर राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने भर्ती परिणाम जारी कर दिया है। जिसमें एक्स-रे टैक्नीशियन के 34, नर्सिंग ट्यूटर 31 तथा मेडिकल सोशल वर्कर के 7 पद शामिल है। सभी चयनित अभ्यर्थियों शीघ्र तैनाती दी जायेगी। - **'डॉ. धन सिंह रावत, चिकित्सा स्वास्थ्य एंव चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**

# व्यवसायिक, उद्यमिता एवं रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए: धामी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उच्च शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। व्यावसायिक, उद्यमिता एवं रोजगार परक शिक्षा को बढ़ावा दिया जाए। उच्च शिक्षा से डिग्री प्राप्त करने के बाद युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए उनके कौशल विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। विदेशों में मानव संसाधन की आवश्यकता के अनुसार युवाओं को विदेशी भाषा के साथ ही कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जाए। विदेशों में रोजगार के लिए राज्य से दक्ष मानव संसाधन उपलब्ध कराने के लिए विदेशी



दूतावासों से सम्पर्क कर विभिन्न देशों की आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। ये निर्देश मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान

**मुख्यमंत्री ने सचिवालय में उच्च शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा -उच्च शिक्षा विभाग में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए**

अधिकारियों को दिये।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में गुणवत्तापरक और रोजगारपरक शिक्षा के लिए प्राध्यापकों को भी आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण दिया जाए। शिक्षण गतिविधियों को रूचिकर बनाने के लिए शिक्षण सहायक सामग्री की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की लाइब्रेरी में पुस्तकों की पर्याप्त उपलब्धता के साथ ही प्रयोगशालाओं में आवश्यक उपकरणों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। विश्व. विद्यालयों और महाविद्यालयों में पढ़ने वाले मेधावी छात्रों के लिए राज्य सरकार की भारत दर्शन योजना के तहत देश के प्रमुख संस्थानों में भ्रमण कराया जाए। राज्य के अधिकतम विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को नैक ग्रेडिंग सिस्टम में लाने के प्रयास किये जाएं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार राज्य में उच्च शिक्षा उन्नयन की दिशा में तेजी से कार्य किये जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्च शिक्षा में बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने के लिए पाठ्यक्रम को नवाचार से जोड़ा जाए। इसके लिए शिक्षण के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले प्रतिष्ठित संस्थानों से भी सहयोग लिया जाए। बच्चों को प्रतियोगी परीक्षा और शैक्षणिक पाठ्यक्रम की पुस्तकें आसानी से और नि:शुल्क उपलब्ध हो, इसके लिए ई-लाइब्रेरी सिस्टम को मजबूत बनाया जाए। महाविद्यालयों में व्यावसायिक कोर्स भी शुरू कराए जाएं। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, उपाध्यक्ष अवस्थापना अनुश्रवण परिषद विश्वास डाबर, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, डॉ. रंजीत सिन्हा, अमित कुमार सिन्हा उपस्थित थे।

# 26 अप्रैल को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** केन्द्रीय गृह एवं सहका. रिता मंत्री अमित शाह आगामी 26 अप्रैल को उत्तराखंड के दौरे पर रहेंगे। वह देहरादून में आयोजित एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगे, इसके साथ ही वह सहकारिता विभाग की भी समीक्षा बैठक लेंगे। केन्द्रीय मंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर सभी तैयारियां पूरी रखने के निर्देश दिये।

सूबे के सहकारिता मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने गुरुवार को विधानसभा स्थित सभाकक्ष में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने विभागीय अधिकारियों को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के उत्तराखंड दौरे को लेकर सभी तैयारियां पुख्ता रखने के निर्देश दिये। डा. रावत ने बताया कि केन्द्रीय गृह मंत्री आगामी 26 अप्रैल को उत्तराखंड दौरे पर रहेंगे। अपने दौरे के दौरान वह देहरादून स्थित एफआरआई प्रेक्षागृह में भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड के कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। इसके बाद केन्द्रीय मंत्री उत्तराखंड सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक लेंगे।

**देहरादून में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सहकारिता विभाग की लेंगे बैठक,कैबिनेट मंत्री डा. रावत ने तैयारियों को लेकर की विभागीय समीक्षा**

जिसमें विभाग की राज्य में संचालित विभिन्न सहकारी योजनाओं, सहक. री बैंकों एंव समितियों की प्रगति सहित विभाग के किये गये नवाचारी कार्यक्रमों का प्रस्तुतिकरण दिया जायेगा। डॉ. रावत ने बताया कि बैठक में खासकर पैक्स समितियों के कम्प्यूटरीकरण, आधुनिक अन्नभण्डारण, जनऔषधि केन्द्र, अर्गेनिक बोर्ड, सहकार से समृद्धि योजना के सफल संचालन के बारे में रिपोर्ट प्रस्तुत की जायेगी। इसके अलावा विभाग में किये गये नवाचारी कार्यों सहकारी बोर्डों एवं समितियों में महिलाओं को 33 फीसदी प्रतिनिधित्व, सहकारी बैंकों की महिला शाखाओं की स्थापना, माधो सिंह भण्डारी सामुहिक खेती योजना, घसयारी कल्याण योजना, प्रगतिशील किसनों का विभिन्न राज्यों में अध्ययन भ्रमण, एफपीओ के गठन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय सहका. रिता किसान कल्याण योजना सहित पैक्स कैडर सेवा नियमावली बनाये जाने सहित तमाम योजनाओं की जानकारी प्रस्तुतिकरण के माध्यम से केन्द्रीय सहकारिता मंत्री के समक्ष रखी जायेगी।

बैठक में अपर सचिव एवं निबंधक सहकारिता सोनिका, उप महाप्रबंधक नाबार्ड आलोक गुप्ता, अपर निबंधक सहकारिता ईरा उप्रेती, महाप्रबंधक राज्य सहकारी बैंक आकांक्षा कण्डारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# कृषि-उद्यान में 5 योजनाओं को मंजूरी से होगा काश्तकारों को फायदा: चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि धामी सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र मे 5 योजनाओं को अलग अलग मंजूरी से काश्तकारों की आर्थिकी मे क्रांतिकारी बदलाव साबित होगा।



प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने कैबिनेट में कृषि क्षेत्र से जुड़े निर्णयों को क्रांतिकारी बताया है और इसके लिए उन्होंने प्रदेशवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार विगत कुछ वर्षों में राज्य की आधारभूत संरचनाओं में आमूलचूल परिवर्तन लेकर आई है। पीएम मोदी के मार्गदर्शन और धामी सरकार के नेतृत्व में आज राज्य का विकास दोग. ुनी रफ्तार से हो रहा है। सरकार ने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सुविधाओं को लेकर जनकल्याणकारी योजनाओं से आम लोगों के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने का काम किया है। कैबिनेट बैठक में सरकार एक और महत्वपूर्ण कदम आगे बढ़ते हुए कृषि में स्वरोजगार वृद्धि की नीतियां लेकर आई हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि कृषि और उद्यान को लेकर कीवी, मिलेट, ड्रैगन फ्रूट सीएम सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन, सेब तुड़ाई आदि योजनाओं की मंजूरी से राज्य में किसानों को बहुत लाभ मिलने वाला है। इन तमाम योजनाओं के धरातल पर उतरने से बड़ी संख्या में युवा कृषि क्षेत्र में स्वरोजगार को अपनाएंगे। जो

**प्रदेशवासियों की तरफ से मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार जताया**

न केवल पलायन को कम करने में मददगार होगा। वहीं कृषि का हमारी अर्थव्यस्थता में योगदान बढ़ना तय है। इससे पूर्व भी पारंपरिक खेती और उत्पादों को बढ़ावा देने को लेकर हमारी सरकार ने अनेकों कदम उठाए हैं जिसका परिणाम हमें मिलने लगा है। ऐसे में यह सभी नीतियां राज्य में कृषि का मजबूत ढांचा तैयार करने वाला साबित होंगी।पर्यटन के साथ कृषि और उद्यान को लेकर धामी सरकार का यह निर्णय सराहनीय है। चौहान ने कहा कि किसानो की आय बढ़ाने के लिए पीएम मोदी की मुहिम को धामी पूरी गति से आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रहे हैं। राज्य मे बड़ी संख्या मे अब युवक भी कृषि और उद्यान से जुड़ कर लाभ अर्जित कर रहे हैं जो कि निश्चित रूप से राज्य मे पलायन पर अंकुश लगाने मे सार्थक होगा।

# यूपीईएस में एआई का नया युग शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस) ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' का उद्घाटन किया। इस पहल का उद्देश्य रिसर्च, शिक्षा और नवाचार को एक नई दिशा देना है। रिलायंस जियो के चीफ डेटा साइंटिस्ट डॉ. शैलेश कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में समारोह की शोभा बढ़ाई।

यह सेंटर न केवल एआई कौशल को विकसित करेगा, बल्कि शैक्षणिक शोध को व्यावसायिक समाधानों में बदलने की दिशा में भी अहम भूमिका निभाएगा। शुरुआती चरण में सांख्यिकी और मशीन लर्निंग की ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसके बाद एनएलपी, कंप्यूटर विजन जैसे एडवांस्ड कोर्स शुरू होंगे। शिक्षण को बेहतर बनाने के लिए एआई आधारित टूल्स जैसे क्विज जनरेटर और वीडियो सिंकिंग टूल विकसित किए




**सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से इनोवेशन और रिसर्च को मिलेगी नई उड़ान**

जाएंगे। इसके अलावा, सेंटर हेल्थकेयर, शिक्षा, वित्त जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली रिसर्च को बढ़ावा देगा।

यूपीईएस ने किया 50 करोड़ का निवेश

यूपीईएस ने इस विजन को साकार करने के लिए रूपये 50 करोड़ का निवेश किया है। सेंटर में न्यूजन एनवीडिया डीजीएक्स एच100 क्लस्टर्स, 16 जीपीयू और पेटाबाइट स्केल स्टोरेज जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं जो एआइ टूल्स के तेजी से प्रोटोटाइप और मॉडल रन में मदद करेंगी।

डॉ. शैलेश कुमार ने कहा, एआई हर मानव प्रणाली की उत्पादकता को बढ़ाने की शक्ति रखता है। ऐसे सेंटर भारत को वैश्विक एआई मानचित्र पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

# हम गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाकर रहेंगे: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने वक्फ पर विपक्षी रुख पर अफसोस जताते हुए कहा कि मुस्लिम समाज का जिक्र आते ही उनके नेता संविधान को दरकिनार कर देते हैं।

प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट की प्रक्रिया का सम्मान है, लेकिन जिस तरह कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता लाइन लगाकर वक्फ बोर्ड की पैरवी में लगे थे, उसे भी जनता देख रही है। उन्होंने वक्फ बोर्ड को लेकर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कानूनी प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए, हम गरीब मुसलमानों को उनका हक दिलाकर रहेंगे। एक सप्ताह बाद, सरकार न्यायलय में वक्फ संशोधन को लेकर अपना रुख स्पष्ट कर देगी।उन्होंने लोकतांत्रिक चर्चा के बाद लाए गए इस कानून का मकसद शीशे की तरह साफ है कि वक्फ के उद्देश्य के अनुसार दान की गई संपत्तियों का रखरखाव नियमानुसार हो और उसका अधिक से अधिक लाभ गरीब



और पसमांदा मुसलमानों को मिल सके। बोर्ड की लाखों एकड़ जमीन पर हुए कब्जे मुक्त हों और उन पर अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान जैसे समाज कल्याण के प्रकल्प चलाए जाएं। 2103 में दिए असीमित अधिकारों को सीमित करने से बोर्ड की भूमाफिया प्रवृति पर लगाम लगेगी और न्यायलयों में अपील का दरवाजा खुलेगा। भट्ट ने कटाक्ष किया कि देर सवेर इन संशोधनों का लाभ मिलने से समाज पूरी तरह से इसे समझ जायेगा, लेकिन विपक्ष तुष्टिकरण के लिए अंध विरोध पर तुला है। मुस्लिम वोटों की होड़ में लाखों करोड़ों की फीस वाले कांग्रेसी वकील नेता संवैधानिक संशोधन के खिलाफ कोर्ट में खड़े हैं।

# लामरीधर में अधूरे आयुष अस्पताल को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** जाखणीधार के लामरीधार क्षेत्र में वर्षों से अधूरे पड़े 50 बेड के आयुष अस्पताल को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर इस अस्पताल का निर्माण कार्य पुनः शुरू नहीं किया गया, तो वे 20 अप्रैल से बड़े आंदोलन की शुरुआत करेंगे। इस बीच यह भी सामने आया है कि अस्पताल को लामरीधार से अन्यत्र स्थानांतरित करने की तैयारी प्रशासन स्तर पर की जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष और गहराता जा रहा है।



पूर्व विधायक धन सिंह नेगी के नेतृत्व में गुरुवार को स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने लामरीधार पहुंचकर अधूरे पड़े अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस अस्पताल का निर्माण कार्य जनवरी 2022 में शुरू हुआ था, जिसकी आधारशिला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वर्चुअली रखी थी। इस परियोजना को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत वर्ष 2021-22 में 17 करोड़ 70 लाख रुपये की लागत से स्वीकृति मिली थी। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद सुरक्षा दीवारों और अन्य प्रारंभिक संरचनाओं पर करीब चार करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं, लेकिन विधानसभा चुनाव के कुछ समय बाद यह कार्य बीच में ही बंद कर दिया गया।पूर्व विधायक नेगी ने कहा कि अस्पताल का निर्माण बंद करना न केवल जनहित के साथ धोखा है, बल्कि अब इसे किसी अन्य स्थान पर शिफ्ट करने की प्रक्रिया शुरू करना स्थानीय जनता के साथ अन्याय है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में स्थानीय विधायक के निर्देश पर किसी अन्य जगह भूमि चयन की कार्रवाई की जा रही है, जिससे लामरीधार क्षेत्र के लोगों का आक्रोश और भी बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने निर्णय लिया है कि 20 अप्रैल को लामरीधार में एक बड़ी बैठक कर आगामी बेमियादी आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए लामरीधार में स्वीकृत अस्पताल का निर्माण जरूरी है और इसके लिए वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

■ **तीन साल से बंद पड़ी परियोजना के स्थानांतरण पर ग्रामीणों में आक्रोश**
**20 अप्रैल से बेमियादी आंदोलन की रणनीति बनाएंगे स्थानीय लोग**

निरीक्षण के दौरान पूर्व प्रधान विक्रम उनाल, कांतिराम, दर्शन लाल, कीर्ति कुमाई, कमल सिंह नेगी, अनार चंद कुमाई, विक्रम राणा, महावीर रावत, मानवेंद्र रावत समेत कई अन्य स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारी हुई शुरू

**कोटद्वार ।** भारतीय सेना की ओर से सत्र 2025-26 के लिए अग्निवीर भर्ती रैली की तैयारी शुरू कर दी गई है। भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 25 अप्रैल तक जारी रहेंगे। निदेशक एआरओ लैंसडौन कर्नल आरएस पंवार ने बताया कि नए नियम के अंतर्गत पहले प्रवेश परीक्षा होगी। प्रवेश परीक्षा में सफल अभ्यर्थी ही रैली में प्रतिभाग कर सकेंगे। भर्ती प्रक्रिया में नए बदलाव के अंतर्गत अभ्यर्थी अब एक साथ दो पदों पर आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को निर्धारित आवेदन शुल्क के साथ निर्धारित वेब साइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

# चारधाम यात्रा से पहले सड़कों पर तेजी से पैचवर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चारधाम यात्रा को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित बनाने के लिए जिला प्रशासन टिहरी गढ़वाल द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के निर्देशन में जनपद की प्रमुख सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया है, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि यात्रा आरंभ होने से पूर्व जनपद क्षेत्रान्तर्गत सभी प्रमुख मार्गों को पूरी तरह गड्ढामुक्त कर दिया जाए। इसी कड़ी में लोक निर्माण विभाग द्वारा नीरगड्डू मोटर मार्ग पर तेजी से पैचवर्क का कार्य कराया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि यात्रियों को सुगम,



सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि यात्रा मार्गों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारी खुद फील्ड में जाकर कार्यों की निगरानी करें। चारधाम यात्रा के सुचारु संचालन के लिए जिले भर में सड़क मरम्मत, यातायात प्रबंधन, सफाई व्यवस्था और आपातकालीन सेवाओं को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।

# साबली गांव में नशामुक्त विवाह से दिया सामाजिक संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चंबा ब्लॉक के थाना साबली गांव निवासी लक्ष्मी देवी और आनंद सिंह ने अपनी बेटी अनीता की शादी को नशामुक्त वातावरण में संपन्न कराकर समाज के सामने एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह शादी बिना किसी नशे के पूरी तरह से सादगी और संस्कारों के साथ संपन्न की गई, जिससे गांव में जागरूकता का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। मंगलवार को आयोजित इस विवाह समारोह में दूल्हा-दुल्हन के परिवारों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों और सादगी के साथ शादी की सभी रस्में निभाईं, लेकिन विवाह समारोह में किसी भी प्रकार का नशा, विशेषकर शराब, परोसा नहीं गया। इस पहल के जरिए उन्होंने "शराब नहीं संस्कार" अभियान का समर्थन किया, जो ग्रामीण क्षेत्र विकास समिति के अध्यक्ष सुशील बहुगुणा की अगुवाई में चलाया जा रहा है।सुशील बहुगुणा ने इस अवसर पर कहा कि नशामुक्त विवाह अब एक सामाजिक आंदोलन का रूप ले चुका है और इससे गांव-गांव में जागरूकता फैल रही है। उन्होंने अनीता के परिजनों को मंच पर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया। आनंद सिंह ने बताया कि वे बहुगुणा से प्रेरणा लेकर यह निर्णय ले सके, और अब वे चाहते हैं कि अन्य लोग भी इस तरह की पहल करें।

इस अवसर पर संस्था की सचिव कुंभीबाला भट्ट, लक्ष्मी बहुगुणा, चांदनी देवी, मंजूद देवी, रोशन कुमार और गीता देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस विवाह को एक नई सोच की शुरुआत बताया और समाज में नशे के खिलाफ खड़ा होने का संकल्प दोहराया।

## चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**कोटद्वार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व में चित्रकला परिषद के तत्वावधान में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य, प्रोफेसर डीएस नेगी द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं को अपनी कला को प्रदर्शित करने का एक उचित अवसर प्राप्त होता है। अतः ऐसी प्रतियोगिताएं समय-समय पर आयोजित की जानी चाहिए ।प्रतियोगिता में शिखा गौड़ ने प्रथम, नेहा ने द्वितीय व बादल सिंह चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। साक्षी बिष्ट, खुशी कुकरेती व कामिनी नैथानी को सांत्वना पुरस्कार मिला।

# यूसीसी के सकारात्मक के साथ नकारात्मक प्रभावों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अगस्त्यमुनि में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो केसी दुतपुड़ी ने किया। उन्होंने समान नागरिक संहिता की अवधारणा और इसके महत्व पर छात्र-छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी।

राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ दलीप सिंह बिष्ट ने समान नागरिक संहिता के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया और इसके सकारात्मक और नकारात्मक प्रभावों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने इस विषय के सामाजिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक आयामों पर भी चर्चा की।



इस अवसर पर डॉ राजेन्द्र ने विद्यार्थियों को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) पर निष्पक्ष विवेचना करने और इसके विभिन्न पहलुओं का गहन अध्ययन करने को लेकर प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ दीपक कुमार ने किया।

संगोष्ठी के अंतर्गत समान नागरिक संहिता पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें मनीषा, नितिन, दीपिका, कंचन, अंजली और अंजली ने भाग लिया।

प्राचार्य की ओर से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ हरिओम शरण बहुगुणा, डॉ तनुजा मौर्य, डॉ शशिबाला पंवार तथा डॉ रतूड़ी उपस्थित रहे।

## एक नजर.....

### गौ रक्षा विभाग की टीम कर रही सराहनीय कार्य: संतोष

**रुद्रप्रयाग।** नगर पालिका अध्यक्ष संतोष रावत ने कहा कि गौ रक्षा विभाग की टीम नगर क्षेत्र में निराश्रित घूम रहे गोवंश के संरक्षण को लेकर लगातार कार्य कर रहा है। उनकी टीम पूरी तन्मयता से यहां-वहां भटककर चोटिल हो रहे गोवंश का इलाज करने के साथ ही उनकी देखभाल भी कर रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों के लोगों से निवेदन है कि वे अपने मवेशियों का उपयोग करने के बाद उन्हें मरने के लिए सड़कों पर ना छोड़े। उनके इस कृत्य से गोवंश वाहनों की चपेट में आकर बुरी तरह चोटिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि गोवंश को सड़कों पर छोड़ने वाले पाप के भागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि असामाजिक लोगों के कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है, जिसको लेकर जल्द ही ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### 19 अप्रैल को रायड़ी में आयोजित होगा जन दरबार

**रुद्रप्रयाग।** उप वन संरक्षक 19 अप्रैल को विकास खंड जखोली के अंतर्गत ग्राम पंचायत रायड़ी का भ्रमण करेंगी। इस दौरान उनके द्वारा गांव का भौतिक स्थलीय निरीक्षण करने के साथ ही जल संरक्षण एवं जल संवर्द्धन से संबंधित कार्यों के शुभारंभ संबंधी आयोजन किया जाना है। उप वन संरक्षक कल्याणी ने बताया कि उनके द्वारा 'सरकार जनता के द्वार' कार्यक्रम के तहत शनिवार 19 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत रायड़ी में ग्रामीणों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से उनके अधीनस्थ कार्मिकों को निर्धारित तिथि में आयोजित होने वाले जनता दरबार कार्यक्रम में आवश्यक सूचनाओं सहित उपस्थित रहने को लेकर निर्देशित करने की अपील की है।

### 29 अप्रैल को आयोजित होगा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिशिप मेला

**रुद्रप्रयाग।** आगामी 29 अप्रैल को जनपद में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर श्रम विभाग, सिडकुल, उद्योग व सेवायोजन विभाग सहित सार्वजनिक उपक्रमों का आईटीआई, पॉलीटेक्निक तथा समस्त स्कूलों व महाविद्यालयों आदि से आपसी समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य के समस्त जनपदों में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिशिप मेला आयोजित किया जा रहा है। आगामी 29 अप्रैल को जनपद में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अप्रेन्टिशिप मेला आयोजित किया जाना है। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों सहित आईटीआई, पॉलीटेक्निक, स्कूलों व महाविद्यालयों से आयोजित होने वाले मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थी का निर्धारित प्रारूप पर आवश्यक विवरण उपलब्ध कराने की अपील की गई है।

### बुडोली गांव में हुई चौपाल, अधिकारियों ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**कोटद्वार ।** जिलाधिकारी गढ़वाल के निर्देश पर पशुपालन विभाग द्वारा विकासखंड एकेश्वर के बुडोली गांव में सरकार जनता के द्वार चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कुल 8 शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखी। चौपाल में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ विशाल शर्मा ने बताया कि अधिकतर शिकायतें पेयजल और जंगली जानवरों से रही। उन्होंने संबंधित विभागों को समस्याओं का निस्तारण कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा। चौपाल में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारियों को खुरपका-मुंहपका रोग के टीकाकरण अभियान को गति देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने एनआरएलएम के क्षेत्रीय अधिकारी को स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अचार, जूस, अगरबत्ती सहित अन्य के प्रशिक्षण देने को कहा। उन्होंने ग्रामीणों को डेयरी, बकरी पालन व कुक्कुट पालन जैसे स्वरोजगार से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों की योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ उठाने को कहा।

### पुलिस ने चेक बाउंस सम्बन्धी मामले में फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने के साथ-साथ न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारण्ट की शत प्रतिशत तामील कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किये जाने हेतु कड़े निर्देश दिये गए हैं। जिसके क्रम में कोतवाली कोटद्वार पुलिस टीम ने न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोटद्वार से जारी वारंट फौ0वा0स0-871/2 धारा-138 एनआई एक्ट से सम्बंधित वारण्टी अभियुक्त आशीष सुंदरियाल पुत्र गोपाल दत्त सुंदरियाल, निवासी- पदमपुर, कोटद्वार को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# किसानों पर मौसम की मार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** चंबा-मसूरी फलपट्टी के किसानों की इस बार की मेहनत पर मौसम ने पानी फेर दिया है। एक ओर ओलावृष्टि और हाल की अतिवृष्टि ने मटर की फसल को बर्बाद कर दिया, तो दूसरी ओर सेब की बौर झड़ने से आगामी उत्पादन पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं।

खेतों में तैयार मटर की फलियों पर दाग पड़ जाने से बाजार में इसका मूल्य औंधे मुंह गिर गया है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।यह क्षेत्र मटर और सेब उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है। हर साल सीजन में यहां से प्रतिदिन 50 कुंतल से अधिक मटर स्थानीय मंडियों में भेजा जाता था, जिससे किसानों को मटर का अच्छा मूल्य मिल जाता था। इस बार हालात बिल्कुल उलट हैं। बुवाई के समय पर्याप्त वर्षा नहीं हुई, जिससे भूमि में नमी की कमी रही। किसान किसी तरह मटर की बुवाई कर पाए, लेकिन जैसे ही फसल तैयार होने लगी, वैसे ही क्षेत्र में ओलावृष्टि और मूसलधार बारिश ने दस्तक दे दी। नतीजतन, मटर की फलियों पर काले दाग पड़ गए, जिससे यह बाजार में स्वीकार्य गुणवत्ता की श्रेणी में नहीं रही। सामान्यतः 50 रुपये प्रति किलो बिकने वाला मटर इस बार 20 रुपये किलो से भी नीचे बिक रहा है। केवल मटर ही नहीं, सेब की फसल पर भी मौसम की मार पड़ी है। फलपट्टी में फूल आने के समय हुई भारी वर्षा से सेब के फूल झड़ गए, जिससे इस बार उत्पादन पर गहरा असर पड़ने की संभावना है। सेब की फ्लावरिंग नष्ट होने से काश्तकार पहले से ही चिंता में हैं, क्योंकि फूल न होने का अर्थ है कम फल और कम आमदनी।

# चारधाम यात्रा में प्रशिक्षित डॉक्टरों से लाभ पाएंगे यात्री: डॉ. सयाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज श्रीनगर में आगामी चारधाम यात्रा में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर ढ़ग से संचालित करने तथा तीर्थ यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवा मिले इसके लिए आयोजित दो दिवसीय ट्रैनिंग संपंन हो गयी। जिसमें प्रशिक्षण लेने वाले पौड़ी, रूद्रप्रयाग और चमोली जिले के विभिन्न अस्पतालों में तैनात चिकित्सा अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि आगामी चारधाम यात्रा के दौरान पहुंचने वाले यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सेवा दे। प्रशिक्षण में चिकित्सा शिक्षा निदेशक एवं प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने ऑनलाइन जुड़कर प्रशिक्षण में पहुंचे सभी चिकित्साधिकारियों से कहा कि ट्रेनिंग के दौरान हाई एल्टीट्यूड में पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों के सम्मुख कौन-कौन सी स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें आ सकती है, इस पर ट्रैनिंग में विस्तार से बताने के साथ किस तरह से टैकल करना है। इसकी संपूर्ण जानकारी दी गई।




डॉक्टरों से उम्मीद रहेगी कि वह ट्रैनिंग में दिये गये स्वास्थ्य संबंधी सभी पहलुओं पर गंभीरता से कार्य करे, ताकि यात्रा के दौरान किसी भी यात्री को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से परेशान ना होना पड़े।

कहा कि यात्रा काल के दौरान प्रशिक्षित डॉक्टरों की स्वास्थ्य सेवा का लाभ इस बार तीर्थ यात्रियों को मिलेगा। डॉ. सयाना ने ट्रैनिंग देने वाले सभी सीनियर डॉक्टरों की सराहना की। चिकित्सा परिवार कल्याण निदेशक डॉ. शिखा जंगपागी ने भी इस तरह की ट्रैनिंग डॉक्टरों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में पहले से बेहतर करने में मदद मिलेगी और तीर्थ यात्रियों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं मिलेगी।

प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी डॉ. केएस बुटोला ने प्रशिक्षण की सफलता पर सभी डॉक्टरों का आभार प्रकट किय ट्रैनिंग के समापन अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश कुमार, सर्जरी विभाग के एचओडी डॉ. बेअंत सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. केएस बुटोला, डॉ. सतेन्द्र यादव, डॉ. आलोक ने ट्रैनिंग लेने वाले सभी डॉक्टरों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# कीर्तिनगर और देवप्रयाग में अपर सचिव ने लगाई चौपाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** उत्तराखण्ड शासन में लोक निर्माण विभाग एवं वन विभाग के अपर सचिव विनीत कुमार ने गुरुवार को टिहरी जनपद के विकासखण्ड कीर्तिनगर की ग्राम पंचायत बागवान और विकासखण्ड देवप्रयाग के ग्राम तुणगी में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। उन्होंने न केवल शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी स्थिति की जानकारी ली, बल्कि ग्रामवासियों की समस्याओं को सुनकर कई मुद्दों का मौके पर ही समाधान भी किया।




चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने गांव की प्रमुख समस्याओं को खुलकर सामने रखा, जिनमें पेयजल संकट, बंदरों व आवारा पशुओं का उत्पात, सूअर द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाना, विद्युत आपूर्ति में बाधाएं, सिंचाई सुविधाओं की कमी, मनरेगा के भुगतान में देरी, और मोटर मार्गों के मुआवजे जैसे विषय प्रमुख रहे। विनीत कुमार ने इन समस्याओं को गंभीरता से सुना और कुछ शिकायतों का तुरंत निस्तारण संबंधित अधिकारियों से करवाया, जबकि अन्य नीतिगत मसलों को शासन स्तर पर उठाने और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

इसके अतिरिक्त अपर सचिव ने ग्राम पंचायत तुड़गी में जाइका परियोजना के तहत निर्माणाधीन ग्रोथ सेंटर का स्थलीय निरीक्षण भी किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और

■ **शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत पर लिया फीडबैक**
**गांवों की समस्याएं सुन मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण**

निर्धारित समयसीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

चौपाल के दौरान स्थानीय लोगों में प्रशासनिक स्तर पर हो रहे संवाद को लेकर संतोष और उम्मीद देखी गई। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी मोहम्मद असलम, उपजिलाधिकारी देवप्रयाग, खंड विकास अधिकारी कीर्तिनगर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# राप्रावि सांकरों चौरास के छात्र गौतम ने टिहरी जनपद में प्राप्त किया प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

श्रीनगर। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सांकरों चौरास के छात्र गौतम ने पहले जवाहर नवोदय विद्यालय की परीक्षा पास की और फिर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की परीक्षा में टिहरी जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की शिक्षिका प्रीति कैठत निरन्तर मेहनत से शिक्षा में अलग ही ज्योत जगा रही हैं। आज के समय में जहां सरकारी शिक्षा के प्रति लोगों का भरोसा कम होता जा रहा है, वहीं चौरास जैसे शिक्षा के क्षेत्र में यह विद्यालय अपनी अलग ही पहचान बना रहा है। इस विद्यालय से जवाहर नवोदय, राजीव गांधी नवोदय, हिम ज्योति जैसे प्रवेश परीक्षा में हर साल बच्चों का चयन हो रहा है। इसके लिए विद्यालय की शिक्षिका प्रीति कठैत को शिक्षा मंत्री भी सम्मानित कर चुके हैं और पूर्व डीजी भी विद्यालय के बच्चों को पुरस्कृत कर चुके हैं। यह विद्यालय क्षेत्र में अपनी अलग ही पहचान बना रहा है, जिससे आज यह क्षेत्र में लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। शिक्षिका की इस मेहनत पर सेनि प्रधानाध्यापक सत्ये सिंह रावत, सहायक अध्यापक शिव सिंह रावत, खण्ड शिक्षा अधिकारी कीर्तनगर, खण्ड शिक्षा अधिकारी जखोली ने खुशी व्यक्त की है। वहीं, राप्रावि चौरास की छात्रा दीपिका का चयन हिम ज्योति स्कूल देहरादून के लिए हुआ है। गौतम के पिता अशोक फर्स्वाण और दीपिका के पिता पंचम सिंह खेती करके परिवार का लालन पालन कर रहे हैं, जबकि दोनों की मां गृहणी हैं।

# उपजिलाधिकारी थराली ने बाजार में जाम की समस्या और पिंडर नदी से मलबा उठान को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली /** उपजिलाधिकारी थराली पंकज भट्ट ने गुरुवार को कार्यालय में नगर पंचायत अध्यक्ष सुनीता रावत ,स्थानीय व्यापारियों के साथ बैठक की ,बैठक में पिंडर नदी में चौनेलाइजेशन के बाद किनारे लगाए मलबे के उठान में तेजी लाने ,बाजार क्षेत्र में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए सड़क किनारे आड़े तिरछे खड़े वाहनों को नगर पंचायत द्वारा बनाई गई पार्किंग में खड़े करने के निर्देश दिए गए।



उपजिलाधिकारी भट्ट ने कहा कि बाजार में लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए जल्द ही स्थानीय व्यापारियों ,वाहन चालकों और पुलिस समेत नगर प्रशासन के साथ एक बैठक की जाएगी जिए सुझाव और निदान के उपायों पर चर्चा की जायेगी

वहीं पिंडर नदी के मलबे के ऊठान में लगे डंपरों से लगने वाले जाम और थराली मोटरपुल को लेकर उपजिलाधिकारी ने कहा कि थराली मोटरपुल पूरी पिंडर घाटी की लाइफलाइन है लिहाजा इस मोटरपुल से एक बार मे एक ही डंपर की आवाजाही और निर्धारित भार क्षमता के ही वाहनो की आवाजाही हो इसके लिए मोटरपुल पर पुलिस और होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी इस अवसर पर विनोद रावत , मनोज चंदोला ,हीरा चिनवान , आशु रावत , सुरेंद्र नेगी , अब्बल गुसाई , आदि लोग मौजूद रहे ।

# चोटिल अवस्था में घूम रहे निराश्रित नंदी का ट्रीटमेंट किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** नगर क्षेत्र में घूम रहे निराश्रित गोवंश को वाहन चालक कुचलकर निकल रहे हैं, जिस कारण गोवंश के पैरों में गंभीर चोटे आ रही हैं और वे घायल अवस्था में यहां-वहां मदद के लिए भटक रहे हैं। ऐसे में गौ रक्षा विभाग की टीम चोटिल गोवंश का ट्रीटमेंट कर रैंतोली स्थित गोसदन पहुंचाकर राहत देने का काम कर रहा है। अब तक गौ रक्षा विभाग की टीम पशुपालन और नगर पालिका के सहयोग से दर्जनों निराश्रित गोवंश की जान को बचा चुका है।

बता दें कि रुद्रप्रयाग नगर क्षेत्र में आये दिन निराश्रित गोवंश की संख्या बढ़ती जा रही है, जिस कारण बाजार में जाम की समस्या के साथ ही रात के समय वाहन चालक गोवंश को कुचलकर उन्हें घायल अवस्था में छोड़कर भाग रहे हैं। दिन-ब-दिन ये समस्या बढ़ती जा रही है। बृहस्पतिवार को गौ रक्षा विभाग की टीम ने पशुपालन विभाग की मदद से एक निराश्रित नंदी का ट्रीटमेंट किया। बेलनी पुल के समीप निराश्रित नंदी को वाहन चालक ने कुचल दिया। जिसके बाद वह यहां-वहां भटकने लगा। इस दौरान नंदी के पीछे के पैरों से बहुत खून भी बह गया। इसके बाद गौ रक्षा विभाग को सूचना मिली तो टीम पशुपालन विभाग के कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंची और चोटिल नंदी का ट्रीटमेंट किया। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत से चोटिल नंदी का ट्रीटमेंट करने के बाद सफाई कर्मचारियों के सहायता से पालिका के वाहन से नंदी को गोसदन रैंतोली पहुंचाया गया। जहां नंदी का इलाज किया जा रहा है। साथ ही घास-चारे की भी व्यवस्था की गई है। गौ रक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष रोहित डिमरी ने कहा कि निराश्रित गोवंश के संरक्षण व संवर्द्धन को लेकर लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। ग्रामीण इलाकों से लोग अपने मवेशियों का उपयोग करने के बाद उन्हें सड़कों में मरने के लिए छोड़ रहे हैं, जिस कारण ये वाहनों की चपेट में आकर चोटिल हो रहे हैं। गौ रक्षा विभाग पशुपालन विभाग के सहयोग से निराश्रित गोवंश का ट्रीटमेंट कर रहा है। साथ ही नगर पालिका के सहयोग से उन्हें रैंतोली गोसदन भी पहुंचाया जा रहा है। जिससे उनके जीवन को बचाया जा सके।

■ **रैंतोली में बने गोसदन पहुंचाकर किया जा रहा इलाज, गौ रक्षा विभाग के कार्य की चौतरफा प्रशंसा, अब तक गौ रक्षा विभाग कर चुका है दर्जनों निराश्रित गोवंश का संरक्षण**

उन्होंने कहा कि आये दिन निराश्रित गोवंश की समस्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में जिले में एक हजार क्षमता का निराश्रित गोवंश शाला का निर्माण किया जाना चाहिए, जिससे इस समस्या से निजात मिल सके। साथ ही ग्रामीण इलाकों से गोवंश को सड़कों में छोड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही किए जाने की जरूरत है। इस मौके पर गौ रक्षा विभाग के उपाध्यक्ष दीपक नौटियाल, संदीप कोठारी, दुर्गेश चमोली, पशुपालन विभाग से दुर्गा प्रसाद देवशाली, नगर पालिका से मनीष गोडियाल सहित अन्य मौजूद थे।

## जड़ी-बूटी के क्षेत्र में सभी विभागों को एक मंच की आवश्यकता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के वानिकी एवं प्राकृतिक संसाधन विभाग में गुरूवार को पहुंचे जड़ी-बूटी सलाहकार समिति के उपाध्यक्ष एवं राज्य मंत्री बलवीर सिंह घुनियाल का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होने जड़ी-बूटी के सरंक्षण और उसके कृषिकरण को बढ़ावा देने के लिए सुझाव लिए। इस दौरान सबसे अधिक समस्या विपणन और योजना लागू करने से पहले सरकार को वैज्ञानिकों से सुझाव लिए जाने आदि सुझाव प्रस्तुत किए गये। इस मौके पर विषय विशेषज्ञ ने किया जड़ी-बूटी के क्षेत्र में सरकार के साथ ही कृषि से सम्बंधित सभी विभागों को एक मंच पर आकर कार्य करना होगा।

Page 5_26 June -doon page-7.qxd 4/17/2025 10:22 PM Page 1



# विदेशी घुसपैठियों के खिलाफ व्यापक ड्राइव चलाकर तत्काल करें कठोर कार्यवाही : सीएम

## घुसपैठियों को फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में सहायता करने वाले लोगों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही होगी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस विभाग को राज्य में गैर कानूनी तौर पर फर्जी प्रमाण पत्रों (फर्जी आधार कार्ड आदि) के आधार पर रह रहे विदेशी घुसपैठिये के खिलाफ प्रशासन के साथ मिलकर एक व्यापक ड्राइव चलाकर तत्काल कठोर कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। उन्होंने ऐसे घुसपैठियों को फर्जी प्रमाण पत्र बनाने में सहायता करने वाले लोगों के विरूद्ध भी कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम धामी ने ड्रग्स माफिया के खिलाफ भी सख्त कार्यवाही की हिदायत देते हुए पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट किया कि राज्यवासियों का भरोसा बनाए रखना हमारी शीर्ष प्राथमिकता हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत दी है कि उत्तराखण्ड पुलिस को आम जनमानस के साथ मित्रवत व्यवहार बनाए रखते हुए अपराधियों में भय का प्रकोप भी बनाए रखना हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश और दुनियाभर में उत्तराखण्ड की पहचान शान्तिपूर्ण राज्य की हैं लेकिन पुलिस प्रशासन को सर्तक रहना होगा कि अपराधिक तत्व इसे अपनी सुरक्षित पनाहगाह ना समझे तथा राज्य की शान्तिपूर्ण छवि का दुरूपयोग ना कर पाए। सीएम ने निर्देश दिए हैं कि पुलिस को अपनी कार्य संस्कृति में जरूरी बदलाव करते हुए जनता से संवाद बनाना होगा। उन्होंने सभी एसएसपी व एसपी को थानों में जनसुनवाई के निर्देश दिए हैं, ताकि आम आदमी को तत्काल न्याय मिल सके। राज्य स्तरीय पुलिस संगोष्ठी के अवसर पर पुलिस मुख्यालय, देहरादून में गुरूवार देर रात तक लगभग तीन घण्टे से अधिक चली मैराथन बैठक में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने पुलिस महानिदेशक से लेकर सभी एसपी-एसएसपी से उनके विभाग की स्थिति का अपडेट लिया। मुख्यमंत्री धामी ने नैनीताल एसएसपी से कैंची धाम की पार्किंग एवं ट्रैफिक व्यवस्था का अपडेट लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को कैंची धाम में अगले 10 दिन के भीतर हैलीपेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। सीएम धामी ने कहा वे स्वयं 10 दिन बाद इस हैलीपेड में पहुंचेगे। उन्होंने कैंची धाम में पार्किंग एवं अन्य पर्यटन विकास कार्यों के प्रस्ताव तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साइबर अपराधों के मामले में विलम्ब से एफआईआर दर्ज होने के मामलों पर सख्ती से संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से साइबर मामलों में अभी तक हुई रिपोर्टिंग एव कार्यवाहियों की रिपोर्ट तलब की। उन्होंने इन मामलों में तत्काल कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सीएम ने साइबर क्राइम के सम्बन्ध में जन जागरूकता एवं अवेयनेस कैम्पेन चलाने के भी निर्देश दिए हैं। पुलिस विभाग को सभी स्तरों पर कार्य संस्कृति में सुधार की कड़ी हिदायत देते हुए मुख्यमंत्री श्री धामी ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि थाना स्तर पर यदि कोई पुलिस कार्मिक जमीनों के प्रकरण सहित अन्य अवैध कार्यवाही में लिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ तत्काल कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिए कोई स्थान नही हैं। मुख्यमंत्री धामी ने पुलिस कार्मिकों की सुविधाओं के लिए थानों के आसपास ही आवासीय सुविधाओं के विकास के निर्देश दिए हैं। उन्होंने थानों के आधुनिकीकरण की कार्यवाही को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विशेषरूप से देहरादून में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की रिपोर्ट तलब करते हुए लेते हुए सीएम श्री धामी ने पूरे प्रदेश में सीसीटीवी की आवश्यकताओं के आंकलन की जल्द से जल्द रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सचिव गृह एव डीजीपी को ऊधमसिंह नगर में प्रस्तावित फॉरसेनिक लैब की स्थापना के सम्बन्ध में तत्काल भारत सरकार से प्रभावी समन्वय के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने सभी एसएसपी एवं एसपी से उनके द्वारा गोद लिए गए थानों की स्थिति में भी जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि गोद लिए थानों की स्थिति पर निरन्तर निरीक्षण करते हुए सुधार कार्य जारी रखे। बैठक में सचिव गृह शैलेश बगौली, डीजीपी दीपम सेठ सहित पुलिस विभाग के सभी अधिकारी एवं सभी जिलों के एसएसपी एवं एसपी मौजूद रहे।



### पर्यटन सीजन को देखते हुए नैनीताल में की जाए अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था

पर्यटन सीजन को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने अधिकारियों को नैनीताल में अस्थायी पार्किंग की व्यवस्था एवं शटल सेवा आरम्भ करने के सम्बन्ध में तत्काल परिवहन विभाग के साथ बैठक करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यात्रा सीजन के दौरान अधिकारी ट्रेफिक व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था में ऐसा बेहतरीन मॉडल स्थापित करे ताकि उनकी व्यवस्था बेस्ट प्रेक्टिसेज में मानी जाए तथा अन्य राज्यों द्वारा भी अपनायी जाए। मुख्यमंत्री ने पर्यटन सीजन एवं चारधाम यात्रा के दौरान यात्रियों सहित अन्य सभी प्रकार की डाटा के संग्रह की व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। सीएम ने स्पष्ट किया है कि नीति नियोजन एवं अन्य रणनीति बनाने में सबसे महत्वपूर्ण हैं। इसका व्यवस्थित संग्रहण जरूरी है। उन्होंने चारधाम मार्गों सहित सभी महत्वपूर्ण मार्गों में आगे के रूट पर ट्रैफिक की व्यवस्था की जानकारी के लिए डिस्पले बोर्ड एवं एसएमएस की व्यवस्था के भी निर्देश दिए हैं।

## 'प्रोजेक्ट बुनियाद' व ह्यउस्ताद एम्पॉवर्मेंट' से संवारे भविष्य

**देहरादून।** दायित्व फाउंडेशन 'प्रोजेक्ट बुनियाद' व 'उस्ताद एम्पॉवर्मेंट' योजना शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के 9वीं व 10वीं के छात्रों को कोचिंग की सुविधा मुहय्या कराई जाएगी। दायित्व फाउंडेशन ट्रस्ट के चेयरमैन मौहम्मद यूसुफ ने बताया कि मदरसा दार-ए-अरकम आजाद कॉलोनी में दायित्व फाउंडेशन की एक अहम मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें शिक्षा और छात्रों के विकास से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स 'प्रोजेक्ट बुनियाद' और 'उस्ताद एम्पॉवर्मेंट' पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के छात्रों को शिक्षा में गुणवत्ता लाने के लिये निःशुल्क कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, जिसके लिये प्रोजेक्ट बुनियाद आरंभ करने पर सहमति बनी। मौहम्मद यूसुफ ने बताया कि प्रोजेक्ट बुनियाद का मकसद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के 9वीं व 10वीं के छात्रों को एक्स्ट्रा क्लासेज के जरिये मजबूत बुनियाद देना है। इसके तहत नजदीकी 5 स्कूलों में काउंसलिंग की जाएगी और मेधावी छात्रों को चुना जाएगा। मई के पहले सप्ताह से इस प्रोजेक्ट की शुरूआत कर दी जाएगी। वही दूसरा अहम मुद्दा 'उस्ताद एम्पॉवर्मेंट प्रोग्राम' रहा, जिसके तहत मदरसों के अध्यापकों को बेसिक कंप्यूटर कोर्स से लैस कराने की योजना है, ताकि वे दफ्तरी काम खुद कर सकें। कंप्यूटर स्किल्स के जरिये अपनी आमदनी बढ़ा सकें और बच्चों को डिजिटल एजुकेशन दे सकें। बैठक में फरमान इकबाल, मौहम्मद शाह नजर, इ. मो. वसीम, मास्टर मुस्तकीम व मास्टर अब्दुल सत्तार आदि मौजूद रहे।

# जोशी ने किया गढ़ी कैंट में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गढ़ीकैंट क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन सामुदायिक भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोशी ने निर्माण कार्य से संबंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्णक पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की विशेषता है, कि वह जिन परियोजनाओं का शिलान्यास करती है, उनका लोकार्पण भी सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि यह अत्याधुनिक सामुदायिक भवन गढ़ीकैंट क्षेत्र की जनता के लिए एक बहुउपयोगी संसाधन होगा, जिसका उपयोग शादी-विवाह एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही यह भवन जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। इस दौरान एमडीडीए के अधिशासी अभियंता सुनील कुमार, छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद गुप्ता, नीरा थापा, निर्मला भट्ट, मनोज क्षेत्री, प्रदीप शर्मा, सारिका प्रधान आदि उपस्थित रहे।

- हरिश्चन्द गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को महिला आयोग अध्यक्ष ने किया सम्मानित
- दिल व पाचन की सेहत सुधारता है बादाम

## सांस्कृतिक विरासत से होती है किसी भी समाज की असली पहचान : जोशी



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने गुरुवार को देहरादून के गढ़ी कैंट में आयोजित गोखार्ली सुधार सभा के 87वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने सभा के समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि किसी भी समाज की असली पहचान उसकी सांस्कृतिक विरासत से होती है, और गोखार्ली सुधार सभा इस दिशा में अत्यंत सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समाज के सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण और सामाजिक एकजुटता के लिए यह संस्था निरंतर प्रेरणास्त्रोत बनी हुई है। इस अवसर पर मंत्री जोशी ने विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों एवं वीर नारियों को सम्मानित भी किया। मंत्री ने कहा कि भारतीय सेना के पराक्रमी यौद्धा दल बहादुर थापा की स्मृति में द्वार का निर्माण भी करवाया जाऐगा। इसके अतिरिक्त, काबीना मंत्री ने गोखार्ली सुधार सभा में चल रहे भवन के जीर्णोद्वार कार्य के लिए वर्तमान वित्तीय स्वीकृति के साथ-साथ रुपये 60 लाख की अतिरिक्त स्वीकृति के लिए भी कार्य करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर टिहरी सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, सभा अध्यक्ष पदम सिंह थापा, ले. जनरल (सेनि) शक्ति गुरुंग, ले. जनरल (सेनि) राम सिंह प्रधान, ब्रिगेडियर (सेनि) पीएस गुरुंग, टीडी भूटिया, ज्योति कोटिया, नंदिनी शर्मा, प्रभा शाह, राजीव गुरुंग, इंद्रेश उपाध्याय, राजन छेत्री, मधुसूदन शर्मा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## गैरोला ने प्रगति प्रतिवेदन फरवरी से अप्रैल 2024-25 का कार्मिक रिपोर्ट की जारी

**देहरादून (शाह टाइम्स)।** उपाध्यक्ष बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति उत्तराखंड ज्योति प्रसाद गैरोला ने प्रगति प्रतिवेदन फरवरी से अप्रैल 2024-25 का कार्मिक रिपोर्ट जारी की। गैरोला ने बताया कि इस रिपोर्ट के अनुसार बागेश्वर प्रथम उधम सिंह नगर द्वितीय एवं पौड़ी तृतीय स्थान पर जिले के अनुसार रहे हैं। उन्होंने बागेश्वर जिले के समस्त अधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उनके द्वारा अपने जिले में काम को आधार मानते हुए उत्तम कार्य किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के माध्यम से प्रत्येक राज्य में जिले के अनुसार लाभकारी योजनाओं को पहुंचना ही सरकार का प्रथम उद्देश्य है प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में यह कार्य निरंतर चल रहे हैं। जहां एक और प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है। वही पीएम मोदी के कथन अनुसार आने वाला दशक उत्तराखंड राज्य का दशक होगा इस उद्देश्य के साथ धामी सरकार लगातार आम जनमानस को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का काम कर रही है प्रत्येक जिला अच्छा कार्य कर रहा है लेकिन कार्य की सूचक अनुसार प्रथम स्थान बागेश्वर जिले को प्राप्त हुआ है।

# मेधावियों छात्राओं ने विद्यालय के साथ अपने परिवार का भी बढ़ाया सम्मान : कुसुम

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने हरिश्चंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज ऋषिकेश में शैक्षिक सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाली नई छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया वहीं उन्होंने वर्ष 2023-24 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को भी पुरस्कृत किया। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बीते शैक्षणिक सत्र के परीक्षा परिणाम में सर्वोत्तम अंक लाने वाली मेधावी छात्राओं ने अपने विद्यालय का ही नहीं अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है। यह सम्मान उनकी मेहनत को समर्पित है। वही आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि बेटियों के लिए शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण है। एक शिक्षित बेटी केवल स्वयं तक ही नहीं बल्कि अपने साथ-साथ दूसरे के परिवार को भी शिक्षित करती है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बेटियों के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं उन्हें निशुल्क शिक्षा मिले इसके लिए भी अनेकों योजनाएं है। साथ ही कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जिनका उद्देश्य उनके विकास, शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। शैक्षणिक सत्र 2023-24 की मेधावियों में कक्षा 10३ँ में प्रथम स्थान पाने वाली पलक वर्मा, द्वितीय स्थान नेहा रावत, तृतीय स्थान पर प्रेक्षा जाटव तो वहीं 12३ँ में साइंस ग्रुप में सर्वाधिक अंक पाने वाली ईशा वर्मा, आट्र्स में सर्वाधिक अंक पाने वाली कु.श्रद्धा, कॉमर्स ग्रुप में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रीति गुप्ता को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रधानाचार्या पूनम शर्मा, पीटीए अध्यक्ष रीना देवी, पिंकी देवी अध्यापिका संध्या गुप्ता, ममता शर्मा, सीमा कोठियाल सहित अभिभावकगण आदि उपस्थित रहे।

- हरिश्चन्द गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को महिला आयोग अध्यक्ष ने किया सम्मानित
- दिल व पाचन की सेहत सुधारता है बादाम




## अब फर्श नहीं, कुर्सी पर बैठेगा भविष्य!

शाह टाइम्स संवाददाता


**देहरादून।** टाटपट्टी और चटाई पर बैठकर पढ़ाई करने वाले मदरसा छात्रों को अब राहत मिलने वाली है। उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद् ने एक अहम पहल करते हुए सभी मदरसों को छात्रों की जानकारी भेजने के लिए कहा है, ताकि उन्हें टेबल-कुर्सियों जैसी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जा सकें। लेकिन अफसोस की बात है कि 461 मदरसों में से अभी तक केवल 14 ने ही जवाब भेजा है। बोर्ड के उप रजिस्ट्रार उबेदुल्लाह अंसारी ने 14 फरवरी को सभी जिलों को पत्र भेजा था, जिसमें छात्रों का कक्षावार विवरण, मदरसे की मान्यता और यू-डाइस कोड सहित अन्य विवरण मांगे गए थे। अब तक केवल ऊधमसिंहनगर जिले से ही जवाब मिला है। बाकी जिलों की ओर से चुप्पी है।

### फर्श से फर्नीचर तक

गुरुवार को दोबारा पत्र जारी कर देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और चंपावत के अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर निरीक्षण कर रिपोर्ट भेजने का निर्देश दिया गया है। जिन मदरसों में बच्चे आज भी फर्श पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं, उनकी पहचान कर सरकार उन्हें सुविधाएं देना चाहती है। यह योजना सिर्फ फर्नीचर देने की नहीं, बल्कि शिक्षा को गरिमा देने की है। मदरसा शिक्षा परिषद् का यह कदम ना सिर्फ बच्चों को सुविधा देगा, बल्कि शिक्षा के प्रति समाज की सोच को भी बदलेगा।

### बच्चों को गरिमा मिले, यही है मकसद : शमून

सभी मदरसा प्रबंधकों से अपील की है कि वे छात्रों का विवरण जल्द से जल्द भेजें। हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा सम्मान और सुविधा के साथ शिक्षा पाए। जब बच्चों को बेहतर माहौल मिलेगा, तभी उनका आत्मविश्वास और भविष्य दोनों मजबूत होगा...



**मुफ्ती शमून कासमी**
अध्यक्ष
उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद्।

# सीएम धामी से की गोल्ड मेडल जीतने वाली ज्योतिर्मठचमोली के छात्रों की टीम ने मुलाकात

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में स्कूल गेम्स फेड़रेशन ऑफ इण्डिया से सम्बद्ध विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा आयोजित 35वें राष्ट्रीय खेल कूद टेबल टेनिस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज ज्योतिर्मठ चमोली के छात्रों की टीम ने भेंट की। मुख्यमंत्री ने विजेता टीम के सदस्य छात्रों को बधाई देते हुए भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल प्रतियोगितायें छात्रों में अनुशासन की भावना के साथ शारीरिक व मानसिक स्वस्थता को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक छात्र खेलों के प्रति जागरुक होकर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी बनें, इसके लिये राज्य की खेल नीति तैयार की गयी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल अवस्थापना सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अवसर पर रतनगढ़ राजस्थान में आयोजित 35वें राष्ट्रीय खेल कूद टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 14 छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावक तथा टी.टी. कोच विजय कुमार अग्रवाल सीनियर वेटरन खिलाडी देवेन्द्र कांडपाल आदि उपस्थित थे। प्रतियोगी छात्रों में केशव चौहान, प्रियांशु नेगी, अनमोल, शार्दुल नेगी, सिद्धार्थ नेगी, समीर, शौर्य भट्ट, आयुष राणा तथा छात्राओं में अदिति नेगी, जोया पंवार, खुशी नेगी, विभूति चौहान, दिया, एवं अंशिका नेगी शामिल थी।

# डेंगू व संक्रमित रोगों से बचाव व फागिंग के लिए चार बड़े वाहनों को किया रवाना

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** महापौर सौरभ थपलियाल के नेतृत्व एवं नगर आयुक्त ने नगर निगम देहरादून परिसर से डेंगू तथा अन्य संक्रमित रोगों के बचाव व फागिंग के लिए चार बड़े वाहनों को रवाना किया गया। लार्विसाइडल के छिड़काव के लिए पांच टैंकरों तथा 100 छोटी फॉकिंग मशीन से प्रत्येक 100 वार्ड में पहुंचने का कार्य किया गया।



इसके अतिरिक्त सुपरवाइजरों को मशीन उपलब्ध कराई गई ताकि देहरादून नगर निगम क्षेत्र में मच्छरों की ग्रोथ को नगण्य किया जा सके। इसके अतिरिक्त दिशा निर्देश जारी किए गए कि प्रत्येक सेनेटरी इंस्पेक्टर अपने-अपने सुपरवाइजर के साथ समन्वय बनाते हुए लार्वी साइकिल का छिड़काव नियमानुसार क्षेत्र में करवाए। जहां-जहां आवश्यक हो वहां अतिरिक्त व्यवस्था बना ली जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

साथ ही यदि किसी के द्वारा जल जमाव अथवा ऐसे स्थान जहां पर निर्माण हो रहा हो वहां पर खुले में पानी का स्टोर किया जा रहा हो तो उनको चेतावनी जारी करते हुए विधि संगत कार्रवाई की जाए।

# उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति व परीक्षा नियंत्रक से शासन ने माँगा स्पटीकरण : सिद्धार्थ

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि वीर माधो सिंह भडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्विद्यालय में चल रहे फर्जी डिग्री जाँच प्रकरण, भ्रस्टाचार वित्तीय अनिमिताओ की शिकायतो को लेकर पिछले दो माह से चल रहे छात्र आंदोलन में आज उस वक्त नया मोड आ गया जब शासन ने सख्ती दिखाते हुए उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओमकार यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ. वी. के. पटेल एवं वित्त नियंत्रक विक्रम सिंह जंतवाल से विस्तृत स्पष्टीकरण माँगा है ! छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति एवं परीक्षा नियंत्रक से शासन द्वारा स्पष्टीकरण मांगे जाने का स्वागत किया है ! ज्ञातव्य हो कि शासन की जाँच समिति द्वारा कुलपति डॉ. ओंकार यादव द्वारा अपने निकट सम्बन्धी की इ.आर.पी. कंपनी को करोडो रु दिलवाने में सांठ गांठ एवं मिली भगत की पुष्टि, डॉ. ओंकार यादव द्वारा विवादित इ.आर.पी. कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के शासन के आदेश को पूरी तरह से निकालने, तकनीकी शिक्षा सचिव को घूस की पेशकश करने एवं चोरी छिपे कुछ गिने चुने निवेशकों की गुप्त मीटिंग करके आगामी सत्र में भी विवादित इ.आर.पी. कंपनी को जारी रखने के निर्णय को सभी कॉलेजों पर जबरन थोपे जाने के आदेश के बाद से उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय एवं संबद्ध कॉलेजों के बीच परीक्षा के मूल्यांकन को लेकर चल रहे जबरदस्त गतिरोध रिजल्ट में हो रही देरी को लेकर छात्र काफी समय से आंदोलित है ! परीक्षा होने के 3 माह के बाद भी अभी तक काफी रिजल्ट घोषित नहीं हुए है ! डी.ए.वी. छात्र संघ अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि सॉफ्टवेयर घोटाले, भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितताओं की वजह से रिजल्ट में देरी से छात्रों का भविष्य दांव पर लग गया है ! उन्होंने कहा कि छात्रों के हितो से कोई भी खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा ! सारे रिजल्ट सही तरीके से घोषित नहीं किये जाते है एवं शासन की समिति की रिपोर्ट के आधार पर कुलपति डॉ. ओमकार सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. वी. के पटेल को तत्काल बर्खास्त नहीं किया जाता है तो हफ्ते से छात्र संघ अपनी मांगो को लेकर विश्विद्यालय में पूर्ण तालाबंदी करने को मजबूर हो जायेगा !

- फर्जी डिग्री जाँच प्रकरण व भ्रष्टाचार को लेकर छात्र संघ कर रहा है धरना प्रदर्शन

# एक सप्ताह में पद सृजन और नोडल अधिकारी करें नामित : बर्द्धन

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन की अध्यक्षता में गुरुवार को सचिवालय में कुंभ 2027 की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक आयोजित हुई। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को कुंभ 2027 की तैयारियों के लिए सभी सम्बन्धित विभागों योजना एवं प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारी हरिद्वार को सम्बन्धित विभागों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित किए जाने की के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने निर्देश दिए कि अगले 7 दिनों में सभी कार्यदायी विभागों के नोडल अधिकारी नामित कर लिए जाएं। साथ ही, पदों के सृजन की कार्यवाही भी पूर्ण कर ली जाए। इनसे सम्बन्धित आदेश अगले 7 दिनों में कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि जिन समितियों/ उप समितियों का गठन किया जाना है, अगले 7 दिनों में कर लिया जाए। उन्होंने 30 अप्रैल तक प्रस्ताव एवं आंकलन तैयार कर भारत सरकार को भेजे जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर. के. सुधांशु, आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नीतेश झा, राधिका झा, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, विनय शंकर पाण्डेय, आर. राजेश कुमार, जिलाधिकारी हरिद्वार कर्मेंद्र सिंह, जिलाधिकारी पौड़ी आशीष चौहान, जिलाधिकारी टिहरी सहित सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### मुख्य पर्वों के लिए क्राउड मैनेजमेंट और ट्रैफिक मैनेजमेंट प्लान किया जाए तैयार

मुख्य सचिव ने कुंभ 2027 के अंतर्गत शाही स्नान वाले विशेष दिवसों पर श्रद्धालुओं की अधिकतम संख्या का आंकलन करते हुए कार्य योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में कनेक्टिविटी बढ़ने श्रद्धालुओं के बढ़ने की अत्यधिक सम्भावना है। उन्होंने इसके अनुरूप श्रद्धालुओं संख्या का आंकलन करते हुए पार्किंग एवं ट्रैफिक मूवमेंट योजना तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए विशेषज्ञों द्वारा आंकलन कराए जाने के उपरांत योजनाएं तैयार कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने नए पार्किंग स्थल चिन्हित किए जाने के साथ ही पुराने पार्किक स्थलों की क्षमता बढ़ाए जाने के भी निर्देश दिए।

### हरिद्वार क्षेत्र में ऑडिटोरियम और सांस्कृतिक केंद्र बनाए जाने के निर्देश

मुख्य सचिव ने कहा कि हरिद्वार कुंभ मेला, कांवड़ यात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों के लिए अत्यधिक महत्त्वपूर्ण क्षेत्र है, इसके लिए मूलभूत ढांचों को मजबूत किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालीन योजना के अंतर्गत स्थाई प्रकृति के कार्यों को ध्यान में रखा जाए। उन्होंने हरिद्वार क्षेत्र में ऑडिटोरियम और सांस्कृतिक केंद्र बनाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को कुंभ क्षेत्र सहित अन्य उपयोगी स्थानों का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य योजनाएं तैयार किए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कुंभ 2027 के लिए अनिवार्य कार्यों की सूची तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा ऐसे कार्य जिन्हें अनिवार्य रूप से कराया जाना है, उनकी तैयारी पूर्व से ही कर ली जाए। साथ ही, तत्काल शुरू किए जाने वाले कार्यों की सूची भी तैयार कर इनकी डीपीआर एवं आंकलन सहित अन्य तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित कर ली जाएं, ताकि स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कराए जा सकें।

# बहादराबाद पुलिस ने दबोचे वाहन चोर, सात दोपहिया वाहन बरामद

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** थाना क्षेत्र की पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर 7 दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। दोनों आरोपी आपस में दोस्त है और पैसों की तंगी दूर करने के लिए दोपहिया वाहन चोरी कर बेचने का धंधा चला रहे थे। वाहन चोरी करने के साथ आरोपी घर के छोटे-मोटे सामानों पर भी हाथ साफ करते थे। मंगलवार को रोहालकी किशनपुर निवासी अलग-अलग पीड़ितों की मोटर साईकिल, मोबाईल फोन, पर्स व डीएल तथा बुधवार को बेगमपुर बहादराबाद निवासी व्यक्ति की मोटरसाईकिल चोरी के संबंध दर्ज मुकदमें की जांच में जुटी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चेकिंग के दौरान पथरी पावर हाउस के पास से 2 संदिग्धों रोहालकी निवासी आदित्य पुत्र सुनील व मोन्टी पुत्र मेहराज को दबोचकर उनके पास से चुराया गया पर्स जिसके अन्दर 2800 रूपए बरामद हुए, ड्राईविंग लाईसेन्स, मोबाईल फोन व मोटर साईकिल बरामद की। बरामद पैसो व मोटर साईकिल के संबंध में पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि वह दोनो दोस्त है और आर्थिक तंगी के चलते छोटी-मोटी चोरी करने की योजना बनाकर बहादराबाद क्षेत्र व हरिद्वार क्षेत्र से मोटर साइकिलों व घर से सामान चोरी कर राहगीरों को बेच देते है। पूछताछ के बाद आरोपियों की निशांदेही पर पुराना पथरी पावर हाउस खण्डर से 6 मोटर साईकिल बरामद की गई। पुलिस टीम में बाजार चौकी प्रभारी एसआई महिपाल सैनी, एसआई मनोज सिंह रावत, हेडकांस्टेबल देशराज, कांस्टेबल वीरेन्द्र चौहान, रणजीत शामिल रहे।




# युवक को तमंचे के साथ किया गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। बताया कि युवक पथरी क्षेत्र में तमंचा लेकर आवारा घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस के अनुसार पथरी थाना क्षेत्र में वाहन चौकिंग के दौरान अवारा घूम रहे एक युवक शाकिर 19 वर्ष पुत्र गालिब निवासी कासमपुर को गिरफ्तार किया है। युवक की तलासी लेने पर उसके पास से एक तमंचा 12 बोर बरमाद हुआ है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेजा जायेगा। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया युवक को एक 12 बोर तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया।

# 750 ग्राम चरस के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कोतवाली ज्वालापुर पुलिस ने चरस की तस्करी कर रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 750 ग्राम चरस, दो मोबाईल फोन ओर छः सौ रूपए बरामद हुए हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। ज्वालापुर कोतवाली प्रभारी ने बातया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर जनपद में मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसआई नवीन नेगी सहयोगी पुलिसकर्मियों कांस्टेबल रणवीर सिंह व सतवीर सिंह सिंचाई विभाग के सामने घाट के पास रात्रि चेकिंग के दौरान कीर्ति सिंह पुत्र बचन सिंह व भगवानदास पुत्र गंगादास निवासी ग्राम गेवाली पट्टी थाली कठूड विनयखाल जनपद टिहरी गढ़वाल को चरस समेत गिरफ्तार कर लिया।

# कमलप्रीत अरोरा बनी रालोद महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** उत्तराखंड में राष्ट्रीय लोकदल का विस्तार करते हुए रालोद की महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने कमल प्रीत अरोरा को प्रदेश अध्यक्ष और हरिद्वार की चौधरी सरिता देवी को गढ़वाल मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है। मनीषा अहलावत ने कहा कि रालोद अपने नेता जयंत चौधरी के दिखाए सर्व समाज के अपने सन्देश को मजबूती से जनता के बीच पहुंचा रही है। मनीषा अहलावत ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष कमलप्रीत को शुभकामनायें देते हुए उन्हें उत्तराखंड की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। नवनियुक्त प्रदेशध्यक्ष कमल प्रीत ने राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश में रालोद को बढ़ाने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। मुख्य प्रवक्ता अनुपम खत्री, सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बनने पर कमलप्रीत को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# व्यापारियों ने जताया विद्युत विभाग की कार्यशैली के खिलाफ रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** हरिद्वार समेत ज्वालापुर और कनखल में अघोषित विद्युत कटौती पर महानगर व्यापार मंडल के व्यापारियों ने विद्युत विभाग की कार्यशैली के खिलाफ रोष जताया। व्यापारियों ने अधिकारियों के फोन बंद होने ओर जनता की शिकायतों का संज्ञान न लिए जाने का आरोप भी विद्युत विभाग लगाया। महानगर व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष सुनील सेठी ने कहा कि गर्मी और व्यापारी सीजन शुरू होते ही विद्युत विभाग नींद से जागता है और सारे काम याद आते हैं। जब बिजली की अधिक जरूरत होती है। तब सप्लाई नहीं मिलती। कटौती का समय भी दोपहर रखा जाता है, जब गर्मी ज्यादा होती है। एक साथ 5 से 7 घंटे कटौती की जाती है। लंबी कटौती कर जनता को पानी सप्लाई से भी वंचित रखा जाता है। जिला उपाध्यक्ष प्रीत कमल एवं हरि मोहन भारद्वाज ने कहा कि विद्युत विभाग अधिकारियों के फोन नहीं उठते न ही वो फील्ड में निकलकर समस्याओं का निराकरण करते है। सिर्फ दफ्तरों से बैठ कर कर्मचारियों के भरोसे कार्य करते है।



आपसी तालमेल के अभाव ओर पहले से कार्य न हो पाने के कारण हर वर्ष सीजन के समय जनता को परेशान होना पड़ता है। सेठी ने बताया कि विद्युत विभाग के अधिकारियों की कार्यशैली से परेशान जनता और व्यापारियों की तरफ से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हरिद्वार में सरकार की छवि धूमिल करने वाले गैर जिम्मेदार अधिकारियों के स्थानांतरण के साथ कार्यवाही की मांग की गयी है। रोष जताने वालो में जिला उपाध्यक्ष प्रीतकमल, हरिमोहन भारद्वाज, वरिष्ट उपाध्यक्ष देवेंद्र गिरी, जिला मंत्री रवि बांगा, उपाध्यक्ष एसएन तिवारी, राहुल गुप्ता, अनिल कोरी, दिनेश कुमार नंदा, सुभाष अदलखा, डा.विनेश शर्मा, कुलदीप सिंह, राजू जोशी, गौरव खन्ना, लक्की अनेजा, नंदकिशोर शर्मा, राजेंद्र कश्यप, महेशचन्द, सुभाषचन्द छाबड़ा, विक्की भाटिया, खुशीराम, आशीष अग्रवाल, पंकज माटा, पवन पंडित, सोनू चौधरी, भूदेव शर्मा, दीपक कुमार आदि व्यापारी शामिल रहे।

# चारधाम यात्रा पंजीकरण में आ रही परेशानियों को लेकर अखाड़ा परिषद महामंत्री से मिले होटल व पर्यटन कारोबारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ट्रैवल्स और होटल व्यवसायियों ने अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरी से मिलकर चारधाम यात्रा रजिस्ट्रेशन में आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए सरकार के समक्ष इस विषय को उठाने की मांग की। बृहस्पतिवार को ट्रैवल्स और होटल कारोबार से जुड़े व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जूना अखाड़ा पहुंचकर अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरी से भेंट की। व्यवापारियों ने श्रीमहंत हरिगिरी को बताया कि चारधाम पंजीकरण के ऑनलाईन स्लॉट भर जाने पर आगे पंजीकरण नहीं हो पा रहे हैं। ऑनलाईन स्लॉट भर जाने पर ऑफलाईन पंजीकरण की सुविधा दी जाए। व्यापारियों ने धामों में दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सीमित किए जाने पर भी आपत्ति जतायी और कहा कि इससे चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पर प्रभाव पड़ेगा। बंटी भाटिया, संजय शर्मा और चंद्रकांत कोठारी आदि व्यापारियों का कहना है कि अभी यात्रा शुरू भी नहीं हुई है और सभी ऑनलाईन स्लॉट फुल हो चुके हैं। स्लॉट फुल होने से श्रद्धालु यात्रा पर नहीं आ रहे हैं। होटल और पर्यटन कारोबारियों ने चारधाम यात्रा को लेकर अपने व्यवसाय में भारी निवेश किया है। बैंकों से कर्ज भी ले रखा है। यात्रियों के नहीं आने पर उन्हें भारी नुकसान होगा। व्यापारियों ने कहा कि सरकार चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु का पंजीकरण करे। इससे उन्हें कोई ऐतराज नहीं है। लेकिन दर्शन करने वाले यात्रीयो की संख्या निर्धारित करने पर पुर्नविचार करे। जिससे अधिक संख्या में श्रद्धालु चारधाम करने उत्तराखंड पहुंचे। इससे सरकार को भी अधिक राजस्व प्राप्त होगा और व्यापारियों को भी लाभ होगा। अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरिगिरी ने व्यापारियों को सरकार तक उनकी बात पहुंचाने का आश्वासन देते हुए कहा कि चारधाम यात्रा उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। श्रद्धालु यात्री चारधाम यात्रा पर आएंगे तो राज्य से पलायन रूकेगा और लोगों को रोजगार मिलेगा। इस दौरान बंटी भाटिया, संजय शर्मा, हरीश भाटिया, इकबाल सिंह, चंद्रकांत कोठारी, विजय शुक्ला, राजेश्वर ठाकुर, अरविंद खनेजा, अभिषेक अहलूवालिया, सुनील जायसवाल, टीटू सरदार, अनिल धारीवाल, अकरम, लियाकत, विवेक चौहान, विष्णु, सलीम, मुकेश गिरी, मुकेश चौहान, अनिल चौहान, डिंपल सरदार, मांगेराम, अफजल मिष्स्त्री, अनिल, जुगल, अर्जुन सैनी सहित दर्जनों होटल व पर्यटन कारोबारी शामिल रहे।

# शराब पीकर ड्राइविंग करने पर पुलिस ने किए दस वाहन सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम व नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस ने शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए 10 लोगों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए वाहनों को सीज कर दिया। जबकि अन्य नियमों के उल्लंघन पर 32 लोगों का मौके पर ही चालान कर 17500 रूपए जुर्मान वसूल किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नशे मे वाहन चलाने, ओवरस्पीड, नो एण्ट्री प्रतिषेध, गलत दिशा से वाहन चलाने, रैश ड्राईविंग, स्टैड ड्राईविंग, रेट्रो साईसेंसर, प्रेशर हॉर्न के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के अनुपालन में नगर कोतवाली कोतवाली पुलिस ने बुधवार की रात चण्डी चौक, शिवमुर्ति, रोडवेज बस अड्डा, ब्रह्मपुरी तिराहा पर चौकिंग अभियान चलाया। चौकिंग के दौरान शराब पीकर दोपहिया वाहन चलाते मिले 10 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए वाहनों को सीज कर दिया। जबकि अन्य नियमों के उल्लंघन पर 32 लोगों का मौके पर ही चालान कर 17500 रूपए जुर्मान वसूल किया।



# नर्सिंग छात्रों को दी जर्मनी और जापान में नर्सिंग शिक्षा के अवसरों की जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**बहादराबाद।** केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग में आयोजित एक विशेष सत्र में लर्न स्किल फॉर लाइफ और कैरियर कोच काउंसलरों नव्या, उमाशंकर, अंकित भट्ट, साहिल और तेजेश्वर ने नर्सिंग छात्रों को जर्मनी और जापान में नर्सिंग शिक्षा के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को विदेश में पढ़ाई की प्रक्रिया, वहां उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं, वीजा प्रक्रिया, पढ़ाई की लागत और इसके दीर्घकालिक लाभों के बारे में भी विस्तार से बताया। केयर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के निदेशक राजकुमार शर्मा ने बताया कि जर्मनी और जापान जैसे देशों में नर्सिंग पेशेवरों की बढ़ती मांग को देखते हुए, कालेज ने अपने छात्रों को इन देशों में शिक्षा और करियर के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। काउंसलिंग सत्रों के माध्यम से छात्रों को भाषा प्रशिक्षण, वीजा प्रक्रिया और विदेशी स्वास्थ्य प्रणालियों की जानकारी दी जाती है, ताकि वे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बना सकें। कालेज का लक्ष्य न केवल कुशल नर्स तैयार करना है, बल्कि ऐसी नर्स तैयार करना है जो करुणा, साहस और पेशेवर उत्कृष्टता का प्रतीक हों।



# आध्यात्मिक ज्ञान से ही कल्याण का मार्ग होता है प्रशस्त : मधूसूद

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** कनखल सन्यास मार्ग स्थित श्री बापेश्वर धाम आश्रम के परमाध्यक्ष महंत मधुसूदन गिरी ने श्रद्धालु भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि संत महापुरूषों के सानिध्य में प्राप्त आध्यात्मिक ज्ञान से ही भक्त के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। महंत मधूसूदन गिरी ने कहा कि माता पिता और गुरू की सेवा करने और उनकी आज्ञा का पालन करने वाले व्यक्ति पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है। इसलिए सभी को माता पिता और गुरू की शिक्षाओं का पालन करना चाहिए और मानव कल्याण में योगदान करना चाहिए। श्रद्धालु भक्तों को पर्यावरण और गंगा संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि असंतुलित हो रहे पर्यावरण की वजह से समस्त मानव जगत को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मानवीय गलतियों के चलते गंगा भी प्रदूषित हो रही है। सभी की सहभागिता से ही पर्यावरण और गंगा को प्रदूषण से बचाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मां गंगा के दर्शन, गंगा जल के आचमन और गंगा जल में स्नान करने से सभी प्रकार के पापों और कष्टों से मुक्ति मिलती है।

## अखाड़ा परिषद ने शुरू की कुंभ मेला 2027 की तैयारियां

# हरिद्वार कुंभ के आयोजन को लेकर अखाड़ों ने दिए सरकार को सुझाव

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने वर्ष 2027 में धर्मनगरी हरिद्वार में होने वाले कुंभ मेले को भव्य और दिव्य रूप से आयोजित करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रदेश सरकार भी कुंभ मेले के भव्य आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई है। सरकार की और से कुंभ मेले के आयोजन को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद से सुझाव मांगे गए थे। अखाड़ा परिषद से जुड़े सभी 13 अखाड़ों ने अपने सुझाव सरकार को दे दिए हैं। कुंभ मेले को लेकर जल्द ही सरकार और अखाड़ों की बैठक भी होने वाली है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ के सफल और भव्य आयोजन के बाद अखाड़ा परिषद ने वर्ष 2027 में होने वाले अर्द्धकुंभ को पूर्ण कुंभ के रूप में आयोजित करने का निर्णय लिया था। उत्तराखंड सरकार द्वारा सभी अखाड़ों से वार्ता कर कुंभ मेले के भव्य आयोजन के लिए सुझाव मांगे गए थे। सभी 13 अखाडों ने अपने सुझाव सरकार को उपलब्ध करा दिए हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सभी अखाड़े के संतों के साथ बैठक कर कुंभ मेले की तैयरियों को लेकर चर्चा करेंगे। हरिद्वार कुंभ मेला प्रयागराज महाकुंभ मेले की तर्ज पर भव्य और दिव्य रूप से मनाया जाएगा।



# सीवर लाइन न डालने पर कालोनीवासियों का हंगामा, आंदोलन की चेतावनी

## नक्शे में महेंद्र विहार फेस-2 कॉलोनी का नाम न होने पर संबंधित अधिकारियों को बुलाया मौके पर

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** रानीपुर विधानसभा क्षेत्र के जगजीतपुर में स्थित महेंद्र बिहार में सीवर लाइन डालने का काम किया जा रहा है। मगर यह फेस 1 में ही किया जा रहा है। वहीं फेस 2 में सीवर लाइन डालने की मांग लोगों ने की। जिस पर सीवर लाइन डाल रहे लोगों ने बताया कि नक्शे में उनकी कालोनी का नाम नहीं है। इस पर कालोनीवासी एकत्र हो गए और वहां पर संबंधित अधिकारी को बुला लिया। इसके बाद उनको समस्या से अवगत कराया गया कि सीवर लाइन का कार्य समस्त नगर निगम क्षेत्र में होना है किंतु महेंद्र बिहार फेस 2 को नक्शे से क्यों वंचित रखा गया है। बताया गया कि यहां पर जहां अभी तक किसी भी प्रकार की मार्किंग नहीं हुई है और न ही कार्य किया जा रहा है जबकि उसके अगल बगल की समस्त कॉलोनी यो में कार्य प्रगति पर है। गुस्साए कॉलोनी वासियों का कहना है कि यदि हमारी कॉलोनी को सीवर लाइन से वंचित रखा जाएगा तो भविष्य में हम उग्र आंदोलन करने को मजबूर हो जाएंगे। कालोनी वासियों ने विधायक आदेश चौहान से मांग की है कि जल्द से जल्द सीवर लाइन का कार्य शुरू कराया जाए। संदीप चौहान व कमल पांडे ने कहा कि जब पूरे शहर में सीवर लाइन का कार्य चल रहा है तो उनकी कालोनी में काम क्यों नहीं किया जा रहा है। यदि उनकी कालोनी में सीवर लाइन डालने का काम नहीं किया गया तो वह विरोध करेंगे। उनकी कालोनी के साथ भेदभाव किया जा रहा है। इसको लेकर वह विधायक आदेश चौहान, मेयर किरण जैसल और नगर निगम के अधिकारियों से भी बात करेंगे। इस दौरान कमल राजपूत ,चंदन सैनी, विवेक तिवारी, संदीप चौहान, कमल पांडे, प्रहलाद बिष्ट, विजय जोशी, नवल किशोर, अरुण मिश्रा, बृजेश कंसवाल मौजूद रहे।



# व्याख्यान एवं सम्मान समारोह का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय वजीराबादी खड़खड़ी में श्रवण सेवा एवं शोध संस्थान द्वारा व्याख्यान एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथी नगर निगम मेयर किरण जैसल, मुख्य वक्ता डा. पुष्पा रानी वर्मा, नगर निगम पार्षद सुमित चौधरी, प्रधानाचार्य सरिता सिंह, कार्यक्रम संयोजक डा. अशोक गिरि ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता डा.पुष्पा रानी वर्मा ने कहा कि मोबाईल से अच्छी शिक्षा लेनी चाहिए और इसका दुरुप्रयोग नहीं करना चाहिए। मोबाईल में केवल अच्छी प्रवृति के कार्यक्रम देखने चाहिए। कार्यक्रम में कक्षा 6, 7, 8 व 9 की छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में काव्य-पाठ कुमारी कवीशा और कुमारी अपराजिता ने काव्य पाठ किया। समारोह में अभिषेक गुप्ता, दीपक मेहता, दीनदयाल दीक्षित, प्रदीप शर्मा, प्रमोद गिरि, अपराजिता, सबरनी सोलंकी, अंजुम नेगी सहित विद्यालय की सैकड़ों छात्राएं उपस्थित रही।

# दिव्य महापुरुष थे ब्रह्मलीन आचार्य पुष्पराज : पारस मुनि



शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भूपतवाला स्थित विश्व सद्भावना मंदिर के परमाध्यक्ष आचार्य पारस मुनि के सानिध्य में ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज महाराज का 96वां अवतरण दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह में संत समाज और श्रद्धालु भक्तों ने ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज महाराज का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। आचार्य स्वामी पारस मुनि ने कहा कि पूज्य गुरूदेव ब्रह्मलीन आचार्य स्वामी पुष्पराज महाराज दिव्य महापुरूष और धर्मशास्त्रों के प्रकाण्ड विद्वान थे। पूज्य गुरूदेव के सानिध्य में प्राप्त शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए समाज का मार्गदर्शन और आश्रम को सेवा का प्रमुख केंद्र बनाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। स्वामी रविदेव शास्त्री व स्वामी सुतिक्ष्ण मुनि ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी पुष्पराज संत समाज के प्रेरणा स्रोत थे। सनातन धर्म संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन और प्रचार प्रसार में ब्रह्मलीन आचार्य पुष्पराज का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि आचार्य पारस मुनि की उनके गुरूदेव के प्रति अगाध श्रद्धा सभी के लिए प्रेरणादायी है। दीपक जैन, सौरभ जैन, साध्वी माता चंदन बाला, भक्त दुर्गादास ने फूलमाला पहनाकर सभी संत महापुरूषों का स्वागत किया। इस अवसर पर स्वामी हरिहरानंद, महंत गणेश दास, महंत सुतिक्ष्ण मुनि, महंत साधनानंद, स्वामी शिवानंद, स्वामी दिनेश दास, सुनील तनेजा, ओमप्रकाश वाधवा, विजय, निर्मल बैद, विनोद गुप्ता, शोभा कटारिया, चित्रा पोपली, ज्योति अरोड़ा, रजनी पोपली, हितेश ननकानी, अशोक छलानी, सुभाष ईष्टवाल आदि मौजूद रहे।

## सूचना संबंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र शाहरूख और उसकी पत्नी शहनाज को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदल कर अपने सभी संबंध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी कृत्य व लेने-देन की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। बुल हसन पुत्र अजीमुद्दीन, निवासी गांव लालवाला खालसा, थाना बुग्गावाला, तहसील भगवानपुर, जिला हरिद्वार।

# चारधाम यात्रा के लिए यात्रियों को सुविधा देने के लिए प्रशासन मुस्तैद

### क्षेत्रीय विधायक ने विभिन्न समस्याओं से निपटने को विभागीय अधिकारियों की ली बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** उत्तराखंड में शुरू होने वाली चारधाम यात्रा को लेकर इस बार हरिद्वार, ऋषिकेश के साथ ही विकासनगर क्षेत्र में भी यात्रियों को तमाम सुविधा देने की तैयारी शासन प्रशासन स्तर पर की जा रही है। जिसको लेकर हरबर्टपुर स्थित उत्तराखंड परिवहन निगम द्वारा संचालित बस अड्डे पर चारधाम यात्रा तैयारियों को लेकर विक. ासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान और एडीएम देहरादून कृष्ण कुमार मिश्रा द्वारा सभी संबंधित विभागों की एक समीक्षा बैठक ली गई।

चारधाम यात्रा को लेकर आयोजित बैठक में तहसील, एनएच, पीडब्ल्यूडी, परिवहन, स्वास्थ्य, नगर पालिका, विद्युत सहित जलसंस्थान विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा बैठक में पिछले साल चारधाम यात्रा के दौरान सामने आई विभिन्न समस्याओं पर मंथन करने के साथ ही उनसे कैसे निपटा जाए इस पर चर्चा हुई। वहीं विधायक मुन्ना सिंह चौहान द्वारा इस बात पर भी जोर दिया गया कि चारधाम यात्रा के समय स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों की आर्थिकी को कैसे मजबूत किया जाए। इसके साथ ही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले ढालीपुर आसन वैटलैंड, गौतम ऋषि आश्रम गंग भेवा बाबड़ी, डाकपत्थर बैराज स्थित पार्क, गुरुग्राम, कालसी के अशोक शिलालेख सहित विभिन्न स्थानों की जानकारी पर्यटकों को कैसे दी जा सकती है, इसके साथ ही पर्यटक स्थल के संबंध में बोर्डों के माध्यम से जानकारी देने की बात भी विधायक जी द्वारा कही गई।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सरदार जसविंद्र सिंह बिट्टू, नीरू देवी अध्यक्ष नगर पालिका हरबर्टपुर, एसडीएम विकासनगर विनोद कुमार, तहसीलदार विकासनगर विवेक राजौरी, भास्कर साह सीओ विकासनगर, मनीष तिवारी एआरटीओ विकासनगर, सतएन्द्र कुमार भाटी एसएसआई विक. ासनगर, ईओ बीएल आर्य, ईओ विकासनगर बद्री प्रसाद भट्ट सहित तमाम विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया।

## एमडीडीए ने दो जगहों से की 44 बीघा अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एमडीडीए की कार्रवाई जारी है। गुरुवार को एमडीडीए की टीम ने दो जगह सोरना डोभरी और बाबूगढ़, ढकरानी, विकासनगर से 44 बीघा अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया। एमडीडीए के एई अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि सोरना डोभरी में किसी सैनी और पीसी कपूर की ओर से चालीस बीघा भूमि पर प्लाटिंग की जा रही थी, लेकिन इसके लिए एमडीडीए की अनुमति नहीं ली गई थी। विभाग की ओर से उन्हें नोटिस भी दिया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई जबाब नहीं दिया गया। जिसके बाद संयुक्त सचिव एमडीडीए के निर्देश पर गुरुवार को जेसीबी लेकर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

वहीं दूसरी सत्या देवी व सुरेश कुमार की ओर से बाबूगढ़ ढकरानी में प्लाटिंग की गई थी। इसकी भी अनुमति एमडीडीए से नहीं ली गई थी। जिसके बाद इसे भी ध्वस्त कर लिया गया। बताया कि टीम में जेई अमनपाल, मनीष, प्रीतम, सिद्धार्थ सेमवाल, अनुराग नौटियाल, सुप. रवाइजर प्यारे लाल आदि मौजूद रहे।

# चकराता में आंधी-तूफान से सेब की फसल तबाह



बागवानों की मेहनत पर फिरा पानी, एप्पल मिशन के तहत तैयार बगीचों को भारी नुकसान, बागवानों ने की सहायता की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** बुधवार रात अचानक बदले मौसम ने चकराता क्षेत्र में तबाही मचा दी। तेज आंधी और तूफान के चलते सेब की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। कई स्थानों पर पॉलीहाउस और सेब के पौधों को ढकने के लिए लगाई गई जालियां उड़ गईं, जिससे बागवानों को भारी क्षति उठानी पड़ी है।

बागवान शमशेर सिंह, बृजेश जोशी और आशीष शर्मा ने बताया कि एप्पल मिशन योजना के तहत फरवरी माह में सेब बगीचों का काम पूरा किया गया था। एक माह पूर्व ही उन्होंने संबंधित सचल अधिकारी को निरीक्षण के लिए सूचना दी थी, लेकिन अधिकारी समय से नहीं पहुंचे।

अब तेज तूफान के कारण बगी. चों में लगाया गया सारा संरक्षण तंत्र तहस-नहस हो गया है। बृजेश जोशी ने बताया कि उद्यान विभाग के माध्यम से मिलने वाले लाभ तभी संभव हो पाएंगे, जब अधिकारी समय पर कार्य की रिपोर्ट शासन को भेजेंगे। रिपोर्ट में देरी और अब प्राकृतिक आपदा के चलते पौधे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। पौधों के सुरक्षा कवच भी तेज हवाओं की भेंट चढ़ गए।

बागवानों ने बताया कि एप्पल मिशन के तहत लगाए गए सेब, नींबू, आड़ू, प्लम और कीवी के पौधों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई बागवानों ने कर्ज लेकर यह कार्य शुरू किया था और अब उनके सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि शीघ्र सर्वे कराकर उन्हें आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे फिर से अपने बगीचे संवार सकें।

# सेपियंस विद्यालय में एनसीसी भर्ती प्रक्रिया का आयोजन

### 24 विद्यार्थियों का किया गया चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल हरबर्टपुर में कक्षा 8 और 9 के छात्रों का एनसीसी की भर्ती के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन किया गया। जिसमे 74 विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। भर्ती प्रक्रिया को 29 यूके बटालियन एनसीसी ट्रेनर हवलदार अजय सिंह तथा हवलदार पारस थापा की उपस्थिति में किया गया।

उन्होंने विद्यार्थियों का विभिन्न व्यायामों जैसे 1200 मीटर की दौड़, पुशअप्स, सिट अप्स तथा विद्यार्थियों के कद और भार के माध्यम से शारी. रिक परीक्षण किया। तत्पश्चात उनकी लिखित परीक्षा आयोजित की गई और इनके आधार पर ही परिणाम घोषित किया गया। इनमें कुल 24 विद्यार्थियों का चयन किया गया जिसमें 18 लड़के और 6 लड़कियों का एनसीसी की भर्ती के लिए चयन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्या रश्मि गोयल तथा उप प्रधानाचार्या गीता नेगी ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में थर्ड ऑफिसर मती निशा चौहान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# शत-प्रतिशत रहा संस्कृत महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा पूर्व मध्यमा द्वितीय (कक्षा 10वीं) एवं उत्तर मध्यमा (कक्षा 12वीं) के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय, हल्द्वानी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता प्राप्त की, जो संस्था के लिए गौरव का विषय है। महाविद्यालय से परीक्षा में कुल 28 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कक्षा 10वीं के छात्र दिनेश चन्द्र पनेरू ने 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश स्तर की टॉप-10 सूची में दसवां स्थान अर्जित किया। इस उपलब्धि से महाविद्यालय का नाम प्रदेश भर में रोशन हुआ है। विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार पांडे ने बताया कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक घनानंद जोशी, अध्यक्ष मोहनगिरी गोस्वामी, अशोक वार्ष्णेय, डा. गोपालदत्त त्रिपाठी, हरीश चन्द्र बेलवाल सहित सभी गुरुजनों ने विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं दूसरी ओर श्री महादेव गिरि संस्कृत उत्तर मध्यमा विद्यालय, देवलचौड़, हल्द्वानी के छात्र भास्कर पाण्डेय ने 12वीं में प्रदेश स्तर पर पांचवां स्थान प्राप्त किया, जो क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। विद्यालय के प्रधानाचार्य नवीन चन्द्र जोशी ने परीक्षा परिणाम को शत-प्रतिशत बताते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को इस सफलता का आधार बताया।

## देव डोलियों के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सहिया।** पर्यटन विलेज कोटी कनासर में देव डोलियों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं देव डोलियों के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

बौठा महासू देवता मन्दिर हनोल, बाशिक महासू देवता मन्दिर मैन्दरथ, पवासी महासू देवता मन्दिर ठडियार, चालदा महासू देवता मन्दिर दसऊ देवताओं डोलियों को कोटी कनासर के पूरचन्द राणा ने अपने नए होटल बनाने के शुभारंभ पर बुलाया था। कोटी कनासर पहुं. चने पर देव डोलियों के दर्शनों को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर देव माली मुन्ना बिजलवाण, सरदार सिंह, रमेश कुढियाल, जयपाल राणा, जगत सिंह राणा, प्रताप सिंह, पूरचन्द, फतेह सिंह, नदाण आदि मौजूद रहे।

# देश के विकास की व्यवस्था को संतुलित करने को एक राष्ट्र एक चुनाव जरूरी: गाड़ियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा देहरादून द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के निमित संवाद को बीएफआईटी कॉलेज सिद्धोंवाला में शुरू किया गया। जिसमें विधायक सहदेव पुंडीर ने कहा पूरे देश को एक राष्ट्र,एक चुनाव कि जरूरत है प्रदेश और देश के विकास कि व्यवस्था को संतुलित करने के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव आवश्यक है।

मुख्य वक्ता रमेश गाड़िया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक राष्ट्र एक चुनाव का विजन देश की अर्थव्यवस्था और सरकारी सुविधा के लिए बहुत ही आवश्यक है। बार-बार चुनाव होने से देश की प्रगति में बाधा उत्पन होती है। उन्होंने कहा भारत विश्व का सबसे बड़ा लो. कतांत्रित देश है एक राष्ट्र एक चुनाव संपूर्ण देश वासियों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। जनता भी हर समय चुनाव के कारण परेशान रहती है। इसलिए लोस एवं विस चुनाव एक साथ होने से सरकारी संसाधनों पर दबाव कम होगा। सुरक्षा बल ठीक प्रकार से व्यवस्था कर पाएंगे और विकास कार्य भी बाधित नहीं होंगे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा मीता सिंह, भाजयुमो जिलाध्यक्ष संजय तोमर, सुखदेव फरसवान, राहुल गुप्ता, देवेंद्र प्रसाद, नीरज चौहान, सागर ठाकुर, गौरव तोमर, सिकंदर चौहान, शतांश आदि लोग उपस्थित रहे।

## गन्ने की अधिक उपज के लिए टिप्स

**हल्द्वानी।** गन्ना विश्व की एक प्रमुख नकदी फसल है, जिसे किसान साल में तीन बार-शारदकाल, बसंतकाल और ग्रीष्मकाल में बोते हैं। गन्ने की इसी महत्त्वपूर्ण फसल के अधिक उत्पादन के लिए आज कृषि विज्ञान केंद्र, ज्योलिकोट की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. कंचन नैनवाल ने हरिपुर जमन गांव में कृषकों को वैज्ञानिक विधियों की विस्तृत जानकारी दी।

कार्यक्रम के दौरान डा. नैनवाल ने किसानों के खेतों का भ्रमण कर 'नौलख' एवं अन्य नकदी फसलों में पनप रहे विभिन्न प्रकार के खरपतवारों की पहचान कराई और उनके प्रभावी नियंत्रण के उपाय बताए। उन्होंने बताया कि खरपतवारों के समय पर नियंत्रण से न केवल फसल की गुणवत्ता बढ़ती है बल्कि उत्पादन और लाभ में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर डा. नैनवाल ने कृषकों को प्रक्षेत्र परीक्षण के लिए विभिन्न प्रकार के खरपतवारनाशकों का वितरण भी किया। उन्होंने यह भी समझाया कि यदि इन रसायनों का उपयोग सही समय और सटीक मात्रा में किया जाए, तो गन्ने की फसल में उल्लेखनीय बढ़ोतरी संभव है।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग

पत्रांक : 72/निविदा सूचना/2025-26 — दिनांक:17/अप्रैल/ 2025

**संशोधित निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा अपने पत्र सं0 17/निविदा आ0 सूचना/2025-26 दि0 05 अप्रैल, 2025 के द्वारा नगर क्षेत्रान्तर्गत् विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की गई थी, जोकि दि0 23-04-2025 को समिति के सम्मुख खोली जानी है, उक्त निविदा सूचना के क्रमांक सं0 05 पर आंशिक संशोधन किया गयाहै।

| निविदा कार्य का क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलन धनराशि (लाख में) | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 05 | वार्डनं 03 रूद्रप्रयाग में श्रीराजपाल सिंह के घर के पास से चोपड़ा रोड़ तक सी0सी0 रोड़ और इंटरलॉक टाईल्स मरम्मत कार्य | 6.07 लाख | 18000/– | 1000+ GST | 04 माह |

निविदा की तिथि तक समय व अन्य नियम व शर्ते यथावत रहेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
रूद्रप्रयाग।

### कार्यालय जिला पंचायत, रूद्रप्रयाग

संख्या: 37/नि0-08/को0/2025-26 — दिनांक: 17/4/2025

**संशोधित सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत रुद्रप्रयाग कार्यालय की टेण्डर सूचना संख्या-33/काम्पैक्टर संचालन निविदा/2025 दिनांक 16/04/2025 द्वारा काम्पैक्टर संचालन हेतु लिपिकीय त्रुटिवशं दिनांक 17/04/2025 की सांय 4.00 बजे निर्धारित शुल्क देकर प्राप्त किये जा सकते हैं लिखा गया है को दिनांक 24/04/2025 को सांय 4.00 बजे तक पढ़ा जाये।

अपर मुख्य अधिकारी,
जिला पंचायत रुद्रप्रयाग।

### सूचना

मैं नागव्वा मुदगल मदर आफ नंबर 21003659वाई रैंक एल/एनके (एम/के) परमेश्वर मुदगल निवासी वड्डार ओनी पोस्ट ऑफिस मुगाड जिला धारवाड़ राज्य कर्नाटक पिन-580007, मैंने अपना नाम नागव्वा से बदलकर नागव्वा मुदगल कर लिया है और जन्म तिथि 24-07-1968 से 01-01-1971 कर ली है। भविष्य में यही माना जाए।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, देहरादून

पत्रांक- 93/निविदा सूचना/2025-26 — 17 अप्रैल 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

**आउटसोर्सिंग**

नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर द्वारा चारधाम यात्रा-2025 के दृष्टिगत हरबर्टपुर बस अड्डा/यात्रा ट्रांजिस्ट कैम्प पर यात्रियों की सुविधा हेतु उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली-2017 के अंतर्गत सफाई व्यवस्था के लिए बाह्या श्रोतो से पर्यावरण मित्र एवं पर्यावरण पर्यवेक्षण आउटसोर्स पर माह मई 2025 से जुलाई 2025 के लिए आपूर्ति बाबत पंजीकृत फर्मो/एजेन्सीयों से दिनांक 23-04-2025 को सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन समय सायं 4:00 बजे निविदाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-04-2025 से सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित शुल्क रू0 2,000.00+GST जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ रू0 50,000.00 की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी के पदनाम से बंधक कर देनी अनिवार्य होगी। किसी एक या समस्त निविदाओं को स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरित को सुरक्षित रहेगा। निविदा की शर्तें किसी भी कार्यालय दिवस में देखी या प्राप्त की जा सकती है।

1- निविदा से सबंधित प्रमाण पत्र समस्त शर्तें मंजूर है स्टाम्प पेपर पर प्रमाणित करते हुए हार्ड कॉपी अनिवार्य रूप से जमा की जानी होगी।

2- निविदा की वैधता हेतु अन्डरटेकिंग जो रू0 100.00 मात्र का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रू0 1.00 के रैवेन्यू पर हस्ताक्षर वैधता की अवधि एवं कार्य का नाम इंगित किया गया हो।

3- निर्धारित धरोहर धनराशि एवं शपथ पत्र निविदा आमंत्रण की तिथि के पश्चात के मान्य होंगे।

4- जी0एस0टी0 रजिस्ट्रेशन एवं विगत वर्ष के जी0एस0टी0 रिटर्न की प्रमाणित प्रति।

5- मेन पॉवर आपूर्ति करने संबंधी श्रम विभाग द्वारा जारी प्रमाण पत्र, ई0पी0एफ0, ई0एस0आई0 रजिस्ट्रेशन की प्रति।

6- उक्त कार्य की निविदा बजट स्वीकृति की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही है।

7- विगत वर्ष 2022-23, 2023-24, 2024-25 का आयकर रिटर्न एवं पेन कार्ड की प्रति होना अनिवार्य है।

8- उत्तराखंड के विभिन्न विभागों में मेन पावर आपूर्ति करने का कम से कम 3 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र की प्रति।

9- निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र देना होगा की फर्म किसी विभाग द्वारा ब्लैक लिस्ट नहीं है।

10- निविदा के साथ रू0 100.00 के स्टाम्प पेपर पर शपथ पर देना होगा कि उसकी फर्म द्वारा सभी दस्तावेज सही है।

बी0एल0 आर्य — अधिशासी अधिकारी
नीरू देवी — अध्यक्ष

### कार्यालय नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर, देहरादून

पत्रांक- 182/निविदा सूचना/2025-26 — 17 अप्रैल 2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद हरबर्टपुर देहरादून द्वारा चारधाम यात्रा 2025 के दृष्टिगत हरबर्टपुर बस अड्डे पर यात्रियों की सुविधा हेतु उत्तराखंड अधिप्राप्ति नियमावली-2017 के अंतर्गत सफाई व्यवस्था में कीटनाशक दवाई का छिड़काव एवं कूड़ा प्रबंधन आदि निम्नलिखित सामग्री के लिए दिनांक 23-04-2025 को समय 2:00 बजे तक मान्यता प्राप्त कंपनी/फर्म/डीलर से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन समय 4:00 बजे निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 22-04-2025 को सायं 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा के साथ धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0 अधिशासी अधिकारी के पदनाम बंधक कर देनी होगी।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता | कार्य पूर्ण करने हेतु समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **सफाई सामग्री-** रिफलेक्टिंग जैकेट, कपूर, पौधा, हैण्ड वॉश, हार्पिक नीला/लाल, टॉयलेट ब्रश, वाईपर, फूल झाड़ू, ऑडोनील, डिटोल साबुन, ग्लवस यूज एण्ड थ्रो, माक्स यूज एण्ड थ्रो, गम्बूट एवं टॉयलेट क्लीनर। | 50,000.00 | 2000.00 +GST | 45 दिन | 1 सप्ताह |
| 2 | **कीटनाशक दवाईयां-** मैलाथेन डस्ट, पायरेथ्रम 2% E.C फोगिंग, टेमिफोज एन्टीलार्वा छिड़काव, ब्लीचिंग पाउडर, टॉयलेट क्लीनर, मैलाथोन डस्ट 50% E.C 25 कि.ग्रा0 प्रति बैग। | | | | |
| 3 | **कूड़ा प्रबन्धन-** डस्टबीन प्लास्टिक 60 लीटर गारबेज बैग। | | | | |

बी0एल0 आर्य — अधिशासी अधिकारी
नीरू देवी — अध्यक्ष

# वीकेंड के लिए डायवर्जन प्लान

## आज से 20 अप्रैल तक हल्द्वानी-काठगोदाम में नई ट्रैफिक व्यवस्था

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** वीकेंड के दौरान यात्रा रूट में पर्यटक वाहनों के अधिक दबाव को देखते हुए नैनीताल पुलिस ने 18 से 20 अप्रैल तक यातायात प्लान तैयार किया है। यह ट्रैफिक प्लान हल्द्वानी व काठगोदाम क्षेत्र और नैनीताल व कैंचीधाम के लिए तैयार किया गया है। हल्द्वानी एवं काठगोदाम क्षेत्र के लिए जारी ट्रैफिक प्लान के तहत वीकेंड के दौरान यात्रा रूट में भारी वाहनों का आवागमन सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा। मैदानी क्षेत्र से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त पर्यटक वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार होते हुए नरीमन तिराहे से अपने गंतव्य को जाएंगे। कालाढूंगी रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन थाना मुखानी क्षेत्र में ऊँचापुल तिराहा से चौफला चौराहा से चंबलपुल तिराहा के मध्य रोड के बाईं ओर रोके जायेंगे। तीनपानी, मंडी, टीपीनगर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने




वाले भारी वाहनों को थाना बनभूलपुरा क्षेत्र में गौलापार, आरटीओ फिटनेस सेंटर के सामने डिवाइडर से पीछे रोड के बांई ओर रोके जायेंगे। चोरगलिया रोड से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले भारी वाहन चौकी खेडा क्षेत्र में खेड़ा चौराहा के आस पास रोड के बांई ओर रोके जायेंगे। पर्वतीय क्षेत्र से शहर हल्द्वानी की ओर आने वाले समस्त प्रकार के भारी वाहन समय सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक जनपद सीमा पर रोके जायेंगे। रोडवेज, केमू बसें व टैक्सी वाहन अपने निर्धारित रूट से चलेंगी और हल्द्वानी से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले समस्त वाहन भीमताल तिराहा से वाया ज्योलिकोट होते हुए जाएंगे। काठगोदाम क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक होने की स्थिति में दोपहर 3 बजे बाद कैंची धाम की ओर से आने वाले समस्त पर्यटक वाहन नंबर 1 बैंड ज्योलिकोट से रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट होकर रूसी बाईपास प्रथम होते हुए वाया कालाढूंगी से अपने गंतव्यों को जायेंगे व तल्लीताल की ओर से आने वाले वाहन रूसी-2 हल्द्वानी रोड से रूसी-1 कालाढूंगी रोड, मंगोली होते हुए जायेंगे। पुलिस ने पर्यटकों, आम जनमानस एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित रूट प्लान के तहत ही नैनीताल, भवाली, कैंचीधाम, मुक्तेश्वर, अल्मोड़ा व रानीखेत की ओर यात्रा करे।

### नैनीताल एवं कैंचीधाम के लिए ट्रैफिक प्लान

**हल्द्वानी।** नगर नैनीताल के अंदर पार्किंग स्थल भर जाने पर कालाढूंगी की ओर से आने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को शहर के बाहर अस्थायी पार्किंग रूसी-1 व नारायण नगर कालाढूंगी रोड़ में रोक कर पार्क कराया जाएगा एवं वहां से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जायेगा। हल्द्वानी की ओर से आने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को अस्थायी पार्किंग रूसी-2 हल्द्वानी रोड़ में पार्क कराया जायेगा एवं वहां से शटल सेवा के माध्यम से नैनीताल भेजा जायेगा। नैनीताल एवं नम्बर-1 बैंड ज्योलिकोट की ओर से आने वाले एवं भवाली, कैंचीधाम की ओर जाने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को रातीघाट मार्ग सैनेटोरियम भवाली पर पार्क कराया जायेगा व भवाली सेनेटोरियम से शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम भेजा जायेगा। हल्द्वानी-भीमताल मार्ग से आने वाले समस्त पर्यटक वाहनों को विकास भवन भीमताल से संचालित शटल सेवा के माध्यम से कैंचीधाम भवाली भेजा जायेगा।

## गैस की कालाबाजारी का भंडाफोड़

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में खाद्य विभाग की टीम ने घरेलू गैस की कालाबाजारी का खुलासा करते हुए बड़ी छापेमारी की कार्रवाई को अंजाम दिया। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में 19 घरेलू गैस सिलेंडर और रीफिलिंग के उपकरण बरामद किए गए। पूर्ति निरीक्षक ललित मोहन मेर ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें एक मुखबिर से घरेलू गैस की अवैध रीफिलिंग की सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना पर उत्तर उजाला के पीछे स्थित टीन शेड में छापेमारी की गई, जहां पर टीम को सिलेंडर रीफिलिंग की व्यवस्था मिली। मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा, हैड ऑपरेटेड पंप, लोहे की पाइप, इलेक्ट्रॉनिक मोटर और दो रेग्युलेटर भी बरामद किए गए, जिनका उपयोग गैस रीफिलिंग में किया जा रहा था। हालांकि, कार्रवाई के दौरान मौके पर कोई भी आरोपी मौजूद नहीं मिला और न ही पास में जमा लोगों से कोई जानकारी प्राप्त हो सकी। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि पूर्ति निरीक्षक ललित मोहन मेर की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

# दोस्ती गांठकर नाबालिग से किया दुष्कर्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दो बच्चों के बाप ने 15 वर्षीय समुदाय विशेष की नाबालिग को हवस का शिकार बना लिया। किशोरी बनभूलपुरा क्षेत्र की रहने

### समुदाय विशेष की किशोरी, आरोपी के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में मुकदमा दर्ज

वाली है और आरोपी गौलापार का। इतना ही नहीं आरोपी ने किशोरी का मोबाइल छीन लिया और सोशल मीडिया पर उसकी इंस्टाग्राम आईडी से छेड़छाड़ कर डीपी पर अपशब्द लिख दिए। शिकायत पर एक बार पुलिस ने समझौता करा दिया था, लेकिन आरोपी बाज नहीं आया। बनभूलपुरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। बनभूलपुरा में रहने वाली 15 वर्षीय पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि आरोपी गौलापार निवासी दो बच्चों का पिता रिंकू है। आरोप है कि रिंकू और उसकी बेटी की मुलाकात पिछले वर्ष अप्रैल में कालीचौड़ मंदिर के पास हुई थी। रिंकू से पीड़िता की दोस्ती पीड़िता की ही सहेली ने कराई थी। जिसके बाद दोनों के मिलने-जुलने का सिलसिला शुरू हो गया। आरोपी ने बेटी को पहले गौलापार के एक होटल में बुलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद रोडवेज स्टेशन के पास होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि कुछ दिन पहले किशोरी घर से बाजार जा रही थी। आरोपी ने उसे रास्ते में घेर लिया और मोबाइल छीन लिया। इसके बाद उसने किशोरी के इंस्टाग्राम आईडी से उसकी फोटो अपलोड कर लिख दिया कि ये दो हजार रुपये में बिकती है। आरोप तो यह भी है कि पूर्व में आरोपी कि शिकायत कोतवाली पुलिस से की थी और जब पुलिस ने दोनों के बीच समझौता करा दिया था। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने बताया कि महिला की शिकायत पर किशोरी का मेडिकल कराया गया, जिसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई। मामले में धारा 64 और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।

## टैक्सी चालक ने पर्यटक को जड़ा थप्पड़

शाह टाइम्स संवाददाता

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में पैर से टैक्सी का दरवाजा बंद करने पर टैक्सी चालक ने पर्यटक को थप्पड़ जड़ दिया। पर्यटक की शिकायत पर पुलिस ने टैक्सी चालक के खिलाफ कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार लखनऊ से घूमने के लिए आए तीन पर्यटक कैंची धाम घूमने गए हुए थे। वीरवार को वापसी में भवाली से नैनीताल आने के लिए व टैक्सी में बैठे। नैनीताल पहुंचने पर टैक्सी से उतर कर पर्यटकों ने टैक्सी चालक को पैसे दिए और जाने लगे। इस दौरान टैक्सी चालक ने पर्यटकों से टैक्सी के खुले दरवाजे को बंद करने की बात कही। एक पर्यटक ने गाड़ी के दरवाजे को पैर से धक्का मारकर बंद कर दिया। इस पर टैक्सी चालक ने पर्यटक को थप्पड़ जड़ दिया। जिस पर मौके पर विवाद हो गया। विवाद के बाद पर्यटक ने पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने चालक को भी चौकी में बुला लिया। पूछताछ के बाद टैक्सी चालक ने अपनी गलती मान ली। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि पर्यटकों से मारपीट करने पर गेठिया निवासी धीरेंद्र सिंह के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई है।

# रेलवे ट्रैक पर अज्ञात महिला का शव मिलने से हड़कंप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरूवार को रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही बनभूलपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर



पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार घटना इंदिरानगर रेलवे फाटक के पास स्थित स्लॉटर हाउस के पास की है। सुबह करीब 6 से 7 बजे के बीच स्थानीय लोगों ने रेलवे ट्रैक पर महिला का शव देखा और इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पर बनभूलपुरा पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि महिला का एक पैर कट चुका था, जबकि एक हाथ कई जगह से टूटा हुआ था। महिला की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं है कि दुर्घटना गुरुवार सुबह की है या बुधवार रात की है, और ना ही मृतक महिला की शिनाख्त हो सकी है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में सुरक्षित रखवाकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और शिनाख्त के प्रयास जारी हैं।

# एसडीएम ने किया चौंसला का निरीक्षण

## अतिक्रमण हटाने के आदेशों का भौतिक सत्यापन किया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** जिलाधिकारी नैनीताल द्वारा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण की निगरानी के लिए दिए गए निर्देशों के क्रम में आज गुरूवार को एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह द्वारा राजस्व विभाग की टीम के साथ ग्राम चौंसला का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम द्वारा सरकारी भूमि पर वर्तमान अतिक्रमण की स्थिति की जांच की गई तथा पूर्व में जारी किए गए अतिक्रमण हटाने के आदेशों का भौतिक सत्यापन किया गया। मौके पर यह भी देखा गया कि किन स्थानों पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा स्वयं अतिक्रमण हटाया जा रहा है और कहां आगे की कार्रवाई आवश्यक है।



निरीक्षण के दौरान पूर्व में 9 अतिक्रमणकर्ताओं को नोटिस का अनुपालन की जांच की गई। 5 अतिक्रमण, जिनमें एक मस्जिद से सटा निर्माण भी शामिल है, को अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा स्वयं से हटाया जा रहा है। एसडीएम द्वारा मौके पर ही सीमांकन को अद्यतन करने तथा अभिलेखों के समुचित संधारण के लिए निर्देश दिए गए। पटवारी एवं लेखपाल को निर्देशित किया गया कि वे अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं शेष बचे अतिक्रमण के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करें। प्रशासन सरकारी भूमि के संरक्षण एवं अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। निरीक्षण में एसडीएम हल्द्वानी राहुल शाह, तहसीलदार मनीषा बिष्ट, राजस्व निरीक्षक अशरफ अली, लेखपाल अनिता पांडे मौजूद रहे।

# लिगेसी वेस्टेज प्लांट शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** ट्रंचिंग ग्राउंड गौलापार में कूड़े के ढेर से अब लोगों परेशानी नहीं झेलनी पड़ेगी। ट्रंचिंग ग्राउंड



गौलापार में लिगेसी वेस्टेज प्लांट ने कार्य करना शुरू कर दिया है। लिगेसी प्लांट की एक मशीन 1000 मेट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारित करेगी। गुरुवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट ने विधिवत प्लांट का शुभारंभ किया। इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट ने कहा कि यह प्लांट पुराने जमा कचरे के निस्तारण में बड़ी भूमिका निभाएगा। इस प्लांट से निस्तारित कूड़े का प्रयोग मिट्टी भरान के लिए किया जाएगा। प्लांट के लगने से आने वाले कूड़े के ढेर को साफ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर निगम और एनटीपीसी के बीच हुए एमओयू के तहत भविष्य में यहां प्लांट भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या को ध्यान में रखते हुए निगम लगातार कार्य कर रहा है और इस दिशा में यह बड़ी पहल है। लिगेसी प्लांट की एक मशीन 1000 मेट्रिक टन कूड़ा प्रतिदिन निस्तारित करेगी। इस मौके पर नगर आयुक्त ऋचा सिंह, स्वास्थ्य अधिकारी मनोज कांडपाल, लेखाकार गणेश भट्ट सहित निगम कर्मचारी मौजूद रहे।

# सीएम के निर्देशों पर सचिवों का ग्राम भ्रमण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक सही रूप में पहुँच रहा है या नहीं, यह सुनिश्चित

### अपर सचिव रीना जोशी ने फतेहपुर व गुजरौड़ा में सुनी जनसमस्याएं

करने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवों को ग्रामों का नियमित भ्रमण करने के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में अपर सचिव परिवहन, सत्रकर्ता, नियोजन एवं कार्मिक रीना जोशी ने गुरुवार को रामनगर और हल्द्वानी ग्रामीण क्षेत्र के फतेहपुर, गुजरौड़ा क्षेत्रों का निरीक्षण कर लोगों से मुलाकात की और उनकी



समस्याएं सुनकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। गुजरौड़ा में लोगों ने अपर सचिव रीना जोशी को बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जो लाइन बिछाई गई है, उसमें लगभग एक वर्ष से पानी नहीं आ रहा है। इस पर अपर सचिव ने जल जीवन मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि 15 मई तक जलापूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। यदि निर्धारित समय-सीमा तक जलापूर्ति नहीं होती है तो ग्राम प्रधान उन्हें इसकी सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तय समय के भीतर कार्य न होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई भी तय है। इसके बाद उन्होंने फतेहपुर ग्राम सभा में केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री आवास योजनाओं के तहत नवनिर्मित भवनों के साथ ही पेयजल टैंक का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की और से संचालित जो भी योजनाएं है उन्हें धरातल पर साकार करें ताकि समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक उन योजनाओं का लाभ पहुँचे। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, उपजिलाधिकारी रेखा कोहली, खंड विकास अधिकारी तनवीर असगर, जिला बाल विकास अधिकारी अनुलेखा बिष्ट, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी डीएन कांडपाल आदि मौजूद रहे।

## नजूल भूमि पर लिया कब्जा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत के क्रम में नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सिंधी चौराहा क्षेत्र में स्थित लगभग 1200 वर्ग फुट नजूल भूमि को अपने कब्जे में ले लिया है। गुरूवार को नगर आयुक्त ऋचा सिंह के नेतृत्व में नगर निगम की टीम सिंधी चौराहे पर पहुंची और कब्जे की कार्रवाई शुरू कर दी।

नगर निगम के अनुसार, यह संपत्ति उनके अभिलेखों में नजूल संपत्ति के रूप में दर्ज है। शिकायत प्राप्त होने के बाद नगर निगम की टीम मौके पर पहुंची और संबंधित भूमि पर कब्जा सुनिश्चित कराया गया। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा और रख-रखाव के लिए विभाग निरंतर सतर्क है, और भविष्य में भी ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई जारी रहेगी।

# हनुमान मंदिर में चोरी करने वाला धरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** कोतवाली परिसर के पास स्थित हनुमान मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने दस घंटे के भीतर खुलासा करते हुए



एक शातिर चोर को मूर्ति सहित अन्य सामान के साथ किया गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए शातिर चोर पर पूर्व में 11 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार कोतवाली परिसर के पास स्थित हनुमान मंदिर में बीते बुधवार की रात्रि अज्ञात चोर ने मंदिर का दरवाजा तोड़कर श्री गणेश, शिवलिंग व शिव परिवार, एक गोलज्यू महाराज की मूर्ति सहित तीन बडे दीपक, एक बडा लोटा, एक छोटा लोटा तांबा, एक नटवर महाराज दो सिहासन पीतल के, एक बडी व तांबे की छोटी परात, एक गदा पीतल का और 2000 हजार की नगदी चोरी कर ली थी। इस मामले में कोतवाली हल्द्वानी निवासी भावेश जोशी ने चोरी का मुकदमा दर्ज कराया। चोरी के खुलासे के लिए एक टीम का गठन किया। जिसके बाद पुलिस ने चोर की तलाश शुरू करते हुए गुरूवार को वार्ड नंबर-14 जवाहरनगर थाना बनभूलपुरा निवासी रिजवान पुत्र इस्तियाक को प्रेम टाकिज के सामने निर्माणाधीन विल्डिंग के अन्दर चोरी की मूर्ति सहित 1500 सौ रूपये की नगदी के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी युवक के खिलाफ पूर्व में 11 मुकदमें दर्ज है। पुलिस ने शातिर चोर के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसएसआई महेन्द्र प्रसाद, भोटिया पड़ाव चौकी प्रभारी अनिल कुमार, कांस्टेबल अनिल गिरी व धीरेन्द्र सिंह अधिकारी शामिल रहे।

# सीवरेज कार्यों का निरीक्षण

**हल्द्वानी।** तल्ली हल्द्वानी वार्ड-58 में किए जा रहे सीवरेज कार्यों को लेकर गुरूवार को स्थानीय पार्षद मनोज जोशी ने विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान पार्षद जोशी ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं की जायेगी। इसके साथ ही उन्होंने गलियों में चल रहे कार्यों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से कहा कि सभी कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप हों, ताकि कार्य पूर्ण होने के बाद स्थानीय निवासियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि कार्य के दौरान प्रशासन का सहयोग करें और यदि किसी प्रकार की कमी या समस्या दिखाई दे, तो तुरंत सूचित करें ताकि



समय रहते सुधार किया जा सके। निरीक्षण के दौरान दोनों विभागीय अधिकारियों ने भी मौके पर मौजूद ठेकेदारों और उनकी टीम को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए और स्थानीय जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता दीनदयाल पांडे, रोहित जोशी, पार्षद मनोज जोशी सहित ठेकेदार व उनकी टीम मौजूद रही।

## स्मैक के साथ तस्कर दबोचा

**हल्द्वानी।** शहर में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 9.40 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को एसआई नरेंद्र कुमार व उनकी टीम ने वर्कशॉप रोड से पकड़ा। गिरफ्तार युवक की पहचान राजेश कुमार साहू पुत्र राम करण साहू निवासी वार्ड-13, राजपुरा के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपी ने कबूल किया कि वह यह स्मैक रिछा बहेड़ी के पास स्थित कलमन गांव निवासी तसलीम से खरीदकर लाया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग
email id:- npprudraprayag6@gmail.com , Tel. 8791041698

पत्रॉक: 69 / निविदा आ0सूचना / 2024—25
दिनॉक: 17.04.2025

निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025—26 हेतु पालिका निधि (Board Fund) से विभिन्न अनुभवी फर्मो / संस्थाओं / आश्रम प्रबन्धकों से नगर क्षेत्रान्तर्गत् निराश्रित / असहाय गौवंश के संरक्षण हेतु पालिका स्वामित्व की गौशाला में रखे जाने हेतु प्रति गौवंश की दरो के अनुसार नियमानुसार निविदा आमंत्रित की जाती है। फर्म / संस्था आश्रम पशु कल्याण बोर्ड / उत्तराखण्ड सरकार से पंजीकृत होना अनिवार्य है। संस्था द्वारा नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत् विचरण कर रहे असहाय गौवंश का संरक्षण किया जाएगा।

उपरोक्त के क्रम में दिनांक 03—05—2025 को अपरान्ह 01:00 बजे तकसील बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं, जोकि उसी दिन अपरान्ह 03:00 बजे पालिका निविदा समिति के सम्मुख खोली जायेगी, निविदा प्रपत्र निविदा मूल्य + जीएसटी जमाकर के कार्यालय से दिनांक 02—05—2025 तक प्राप्तः 10:00 बजे से सायं 3:00 बजे तक प्राप्त की जा सकती हैं। निविदा कार्य एवं निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है एवं किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय में देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत / निरस्त करने का अधिकार समिति मे निहित होगा। सूचना को जनपद की बेबसाइट http://rudraprayag.nic.in मे भी देखी जा सकती हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
रूद्रप्रयाग।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद,
रूद्रप्रयाग।

# मोबाइल कनेक्टिविटी से जुड़ेंगे गांव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** डिजिटल इंडिया के ड्रीम को सार्थक करने के लिए देश भर में मोबाइल नेटवर्क से अछूते क्षेत्र को नेटवर्किंग से जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में जनपद नैनीताल के सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्रों में बीएसएनएल द्वारा 48 टावर लगाये गये हैं जिन्हें शीघ्र ही 4-जी नेटवर्क से जोडा जायेगा। सांसद अजय भटट ने कहा जनपद नैनीताल के सभी पर्वतीय क्षेत्रों मे मोबाइल कनेक्टिविटी होने से प्रत्येक गांवों में सीएससी सेंटर से जोडने का कार्य किया जायेगा। पर्वतीय लोगों को डिजिटल इंडिया के ड्रीम सुविधायें सभी गांवों को शीघ्र उपलब्ध होगी। सांसद अजय भट्ट ने बीएसएनएल के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों मे जिन स्थानों पर मोबाइल टावर स्थापित हो गये है उन स्थानों पर लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिले इसके लिए प्रयास किये जा रहे हैं।

### नैनीताल के पर्वतीय क्षेत्रों में बीएसएनएल ने लगाए 48 टावर

उन्होंने बताया इन टावरों को बेहतर मोबाइल नेटवर्किंग के लिए ओएफसी (ऑप्टिकल फाइबर केबल) से शीघ्र ही जोडा जायेगा। उन्होंने बताया पर्वतीय क्षेत्रों में जिन 48 स्थानों पर मोबाइल टावर बनाये गये हैं, उन स्थानों में मोबाइल टावरों के लिए एक-एक व्यक्ति को स्थानीय स्तर पर चयन ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य अथवा जनप्रतिनिधियों द्वारा मनोनीत किया जायेगा। बीएसएनएल द्वारा कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए मनोनीत व्यक्ति को सिम कमीशन के आधार पर उपलब्ध कराये जायेगे जिससे उक्त व्यक्ति को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जिन पर्वतीय क्षेत्रों में मोबाइल कनेक्टिविटी की नहीं आ रही है उन क्षेत्रों के लोग उन्हें सीधे संपर्क कर सकते है अथवा स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी सूचित कर सकते हैं। बैठक में महाप्रबंधक कुमाऊ बीएसएनएल संजय प्रसाद, एजीएम परियोजना ललित मोहन तिवारी, जीएस कार्की, विमलेश एवं धीरेन्द्र कुमार मौजूद थे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।
सम्पादक:
एस.एन. राना
*कार्यकारी सम्पादक
आनन्द बत्रा 'सुमन'
स्थानीय सम्पादक
चेतन गुरूंग
देहरादून कार्यालय 63/9
ई-राजपुर रोड देहरादून
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।





# नीरज चोपड़ा की दमदार वापसी

## ● 84.52 मीटर दूर भाला फेंक कर दक्षिण अफ्रीका में जीता पाट इनविटेशनल ट्रैक टूर्नामेंट ●

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने दक्षिण अफ्रीका के पोटचेफस्ट्रूम में पाट इनविटेशनल ट्रैक प्रतियोगिता जीतकर अपने सत्र की शानदार शुरुआत की है। नीरज ने बुधवार को वर्ल्ड एथलेटिक्स कान्टिनेंटल टूर चौलेंजर प्रतियोगिता में 84.52 मीटर की दूरी तक भाला फेंककर छह खिलाड़ियों के बीच चले मुकाबले में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारतीय स्टार नीरज अफ्रीका के 25 वर्षीय डौव स्मिट से आगे रहे, जिनका सर्वश्रेष्ठ थ्रो 82.44 मीटर का था। नीरज का प्रदर्शन हालांकि उनके व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर से कम था, जबकि स्मिट अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 83.29 मीटर के करीब पहुंच गए। इस प्रतियोगिता में सिर्फ दो खिलाड़ियों नीरज और स्मिट ने ही 80 मीटर की दूरी पार की। अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी राबर्टसन 71.22 मीटर के प्रयास के साथ तीसरे स्थान पर रहे। नीरज अपने नए कोच चेक गणराज्य के जान जेलेज्नी की निगरानी में पोटचेफस्ट्रूम में अभ्यास कर रहे हैं। जेलेज्नी तीन बार के ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक हैं। भारत का यह 27 वर्षीय खिलाड़ी पिछले साल लंबे समय तक अपने कोच रहे जर्मनी के क्लास बार्टोनिट्ज से अलग हो गए थे। वह 16 मई को दोहा डायमंड लीग में एलीट प्रतियोगिताओं में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। नीरज ने 2020 टोक्यो (स्वर्ण) व 2024 पेरिस (रजत) ओलंपिक खेलों में लगातार दो पदक जीते। नीरज का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था। वह पिछले लंबे समय से 90 मीटर का आंकड़ा छूने का प्रयास कर रहे हैं। जेलेज्नी के मार्गदर्शन में नीरज अपनी कामयाबी को एक अलग स्तर पर ले जाने की कोशिश करेंगे। 1992, 1996 और 2000 के ओलंपिक खेलों में स्वर्ण विजेता जेलेज्नी के नाम अब तक के शीर्ष दस सर्वश्रेष्ठ थ्रो में से पांच थ्रो हैं।

## सौरभ कोठारी ने आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स खिताब जीता



**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता के सौरव कोठारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आईबीएसएफ विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम कर लिया है। आयरलैंड के कार्लो में खेले गए फाइनल मुकाबले में चालीस वर्षीय कोठारी ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी और दिग्गज बिलियड्र्स खिलाड़ी पंकज आडवाणी को 725-480 से हराकर विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। कोठारी का यह दूसरा विश्व खिताब है।

# एयरपोर्ट पर धोनी ने व्हीलचेयर पर बैठी प्रशंसक के साथ ली सेल्फी

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया। एयरपोर्ट पर धोनी ने दरियादिली दिखाई और व्हीलचेयर पर बैठी एक प्रशंसक के साथ सेल्फी ली।

धोनी सुरक्षाकर्मियों के बीच से गुजर रहे थे और उनकी नजर प्रशंसक पर पड़ी जो उनके साथ फोटो लेना चाहती थी। धोनी थोड़ी देर के लिए रुके और प्रशंसक की तरफ गए। धोनी ने उस प्रशंसक का फोन लिया और उनके साथ सेल्फी ली। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और लोग माही के इस व्यवहार की काफी प्रशंसा कर रहे हैं। भारत को अपनी कप्तानी में विश्व कप दिला चुके धोनी कई बार ऐसा कर चुके हैं और प्रशंसकों के साथ उनका व्यवहार हमेशा ही सरल होता है। उन्हें अक्सर प्रशंसकों के साथ फोटो खिंचवाते देखा जाता है, खासकर अपने गृहनगर रांची में। धोनी इस वक्त आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे हैं। सीएसके के नियमित कप्तान ॠतुराज गायकवाड़ चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट के शेष सत्र से बाहर हो गए हैं जिस कारण धोनी उनकी अनुपस्थिति में कमान संभाल रहे हैं। धोनी का समर्थन करने के लिए चेन्नई के घरेलू मैदान एमए चिदंब. रम स्टेडियम पर ही नहीं, बल्कि हर वेन्यू पर प्रशंसक आ रहे हैं। सोमवार को सीएसके और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच मैच के दौरान अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में भी धोनी की दीवानगी देखने को मिली थी। धोनी ने लखनऊ में अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया और सीएसके ने लगातार पांच मैच हारने के बाद जीत हासिल की थी। उस मैच में धोनी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया था और 2018 सीजन के बाद पहली बार उन्हें प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया था। धोनी आईपीएल इतिहास में प्लेयर आफ द मैच जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। सीएसके का सामना अब रविवार को मुंबई से वानखेड़े स्टेडियम पर होगा।

■ धोनी के व्यवहार ने एक बार फिर प्रशंसकों का दिल जीत लिया

## संक्षिप्त खेल समाचार

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025: मशाल गौरव यात्रा का भव्य स्वागत

**समस्तीपुर, वार्ता।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के बिहार में आयोजन के अवसर पर मशाल गौरव यात्रा आज समस्तीपुर जिले में पहुंची। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान स्थानीय प्रशासन, खेल प्रेमियों, युवाओं और आम जनता ने मशाल गौरव यात्रा का अत्यंत उमंग और उल्लास के साथ भव्य स्वागत किया। यह यात्रा खेलो इंडिया यूथ गेम्स के प्रति जनजागरण और उत्साह बढ़ाने के लिए बिहार के 38 जिलों से होकर गुजर रही है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 का आयोजन पहली बार बिहार में किया जा रहा है, जो 04 मई से 15 मई तक नालंदा, पटना, गया, भागलपुर, बेगूसराय में संपन्न होगा। इस आयोजन में देशभर के हजारों युवा खिलाड़ी भाग लेंगे, जो अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाएंगे। मशाल गौरव यात्रा का उद्देश्य खेलों के प्रति युवाओं में उत्साह जगाना और पूरे राज्य में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करना है। समस्तीपुर में मशाल गौरव यात्रा के स्वागत के दौरान युवाओं और खेल प्रेमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, जिससे इस आयोजन की सफलता की उम्मीद और भी मजबूत हुई। स्थानीय अधिकारियों ने भी इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी पूरी सक्रियता दिखाई।

### वनडे क्रिकेट एक अलग तरह की चुनौती: रोहित

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट की बढ़ती साख के बीच वनडे क्रिकेट के भविष्य का समर्थन किया है।

रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के साथ एक पाडकास्ट में बताया कि किस तरह आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान के दौरान उनकी टीम को चुनौतियों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि वनडे क्रिकेट हमेशा से ऐसी चुनौती पेश करता है जो कोई प्रारूप नहीं देता। रोहित ने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा व्यवस्था में टी-20 क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता के बावजूद, वनडे क्रिकेट खेल के सबसे सम्मानित प्रारूपों में से एक बना हुआ है। उन्होंने बताया कि 50 ओवर के प्रारूप से उनका जुड़ाव गहरा है, जो एक क्रिकेटर के रूप में उनके प्रारंभिक वर्षों से जुड़ा है। रोहित ने कहा, मुझे पता है कि वनडे क्रिकेट को लेकर कई तरह की बातें की जाती हैं कि यह स्थायी है या नहीं। हम सभी लोग वनडे विश्व कप, आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी देखकर ही बड़े हुए हैं और हमने ये खेल खेला भी है। वो सब मैच रोमांचक होते हैं। मुझे पता है कि वह पहले की बातें हैं क्योंकि लोग अब टी-20 क्रिकेट देख रहे हैं, लेकिन वनडे क्रिकेट की चुनौती अलग ही है। भारत ने हाल ही में रो. हित की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। रोहित ने इस दौरान पांच मैचों में 180 रन बनाए थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में 83 गेंदों पर 76 रन बनाए थे जिससे भारत खिताब अपने नाम करने में सफल रहा था।

पचास ओवर के प्रारूप से मेरा जुड़ाव गहरा रहा है: रोहित शर्मा

# गंभीर के कमेंट्स लीक होने के बाद बड़ी कार्रवाई

## बीजीटी में हार के बाद BCCI ने कोचिंग स्टाफ को दिखाया बाहर का रास्ता

**मुंबई, वार्ता।** बीसीसीआई ने बार्डर गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) में टीम इंडिया की 1-3 से हार और ड्रेसिंग रूम की बातें लीक होने पर तीन कोचिंग स्टाफ को हटा दिया है। इसमें सहायक कोच अभिषेक नायर के अलावा फील्डिंग कोच टी दिलीप और ट्रेनर सोहम देसाई शामिल हैं। हालांकि बीसीसीआई की ओर से इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुता. बिक नायर की जगह किसी को नियुक्त नहीं किया जाएगा, क्योंकि बल्लेबाजी कोच के तौर पर सितांशु कोटक पहले ही टीम इंडिया के साथ जुड़े हुए हैं।

वहीं, दिलीप का काम सहायक कोच रेयान टेन डेस्काटे देखेंगे। ट्रेनर सोहम देसाई की जगह ट्रेनर सोहम देसाई की जगह एड्रियन ली लेंगे, जो अभी आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ जुड़े हुए हैं। वे 2008 से 2019 तक ज्ञज्ञत टीम के साथ भी थे। उन्होंने 2002 से 2003 तक टीम इंडिया के साथ भी काम किया। उनका बीसीसीआई के साथ कान्ट्रैक्ट हो गया है। दिलीप और सोहम को भारतीय टीम के साथ तीन साल से ज्यादा समय हो गया था।

जबकि अभिषेक नायर 8 महीने पहले ही टीम के साथ जुड़े थे। बीजीटी के दौरान गंभीर की ड्रेसिंग रूम में कही बात लीक हो गई थी बीजीटी के दौरान मेलबर्न टेस्ट में हार के बाद भारतीय टीम के हेड कोच गौतम गंभीर ने खिलाड़ियों की परफार्मेंस को लेकर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद पूरी टीम से कहा कि अब बहुत हो गया। गंभीर ने खिलाड़ियों के गलत शॉट सिलेक्शन पर भी नाराजगी जताई। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि नेचुरल गेम खेलने का बहाना बनाने वाले खिलाड़ियों को सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा। गंभीर की यह बात लीक हो गई थी। उसके बाद गंभीर ने कहा था कि प्लेयर्स और कोच के बीच की बातचीत ड्रेसिंग रूम तक ही सीमित रहनी चाहिए। इसे बाहर नहीं आना चाहिए। गंभीर ने ड्रेसिंग रूम में तनाव की खबरों का भी खंडन किया था और कहा कि ये केवल रिपोर्ट हैं, इसमें सच्चाई नहीं। भारत पहला टेस्ट जीता, एक ड्रा और तीन ऑस्ट्रेलिया के नाम रहे भारत बार्डर गावस्कर सीरीज 3-1 से हारा था। इस सीरीज का पहला मैच पर्थ में खेला गया था। भारत ने 295 रन से इस मैच को जीता था। उसके बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की और एडिलेड में खेले गए दूसरे टेस्ट में भारत को 10 विकेट से हराया। वहीं, बिस्ब्रेन में खेला गया तीसरा मुकाबला ड्रा रहा। मेलबर्न में खेले गए चौथे मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 184 रनों से हराया। सिडनी में खेला गया आखिरी मुकाबला भी ऑस्ट्रेलिया 6 विकेट से जीता। भारत के दो मुख्य बल्लेबाज रोहित और कोहली का खराब प्रदर्शन भारत के दो टॉप बैटर रोहित शर्मा और विराट कोहली टीम की सबसे बड़ी कमजोरी साबित हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। जबकि, रोहित से 5 पारियों में मात्र 31 रन बन सके। भारतीय टीम सीरीज की 9 इनिंग में 6 बार 200 का आंकड़ा पार न कर सकी। आईपीएल मैच एनालिसिस आईपीएल में रोमांचक सुपर ओवर थ्रिलररूस्टार्क की जादुई गेंदबाजी से दिल्ली ने राजस्थान को हराया, टेबल टॉपर बनी कैपिटल्स दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रायल्स को आईपीएल के 18वें सीजन के पहले सुपर ओवर में हरा दिया।




# सुरुचि-सौरभ ने मिश्रित स्पर्धा में जीता सोना



● सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए चीन की जोड़ी को 17-19 से हराकर स्वर्ण पदक कब्जाया

**लीमा, वार्ता।** भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने आईएसएसएफ विश्वकप 2025 में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया है।

हुई स्पर्धा में सुरुचि और सौरभ ने स्वर्ण पदक के लिए हुए मुकाबले में 8-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीन की याओ कियानक्सुन और हू काई की जोड़ी को 17-9 से हराया। इस वर्ष आईएसएसएफ विश्वकप में सुरुचि का यह तीसरा स्वर्ण और कुल मिलाकर चौथा पदक था। उन्होंने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में और मंगलवार को लीमा में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजी स्पर्धा जीत दर्ज की थी। उन्होंने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में सौरभ के साथ कांस्य पदक भी जीता था। दूसरी ओर, सौरभ ने भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर लगभग तीन वर्षों में आईएसएसएफ विश्वकप में अपना पहला व्यक्तिगत पदक जीता था। इस बीच, 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के कांस्य पदक मैच में मनु भाकर और रविंदर सिंह को चीन के मा कियानके और झांग यिफान की जोड़ी ने 16-6 से हराया। 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन राउंड में सुरुचि सिंह (291) और सौरभ चौधरी (289) ने कुल 580 अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया था।

## दिल्ली स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष एनएफसी सेमीफाइनल में

**छत्तीसगढ़, वार्ता।** गत चैंपियन दिल्ली ने गुरुवार को चंडीगढ़ को 8-0 से हराकर स्वामी विवेकानंद अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप 2025 के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। यहां खेले गए मुकाबले के पहले सत्र में दिल्ली ने सात गोल किये। दिल्ली की ओर से मोइरंगथेम राज. ेश्वर सिंह, आदित्य अधिकारी और लैशराम राहुल मैतेई ने दो-दो गोल तथा सांखिल दारपोल तुइशांग और अरमान अहमद ने एक-एक गोल किए। दिल्ली ने शुरू से ही मैच पर पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और सातवें मिनट में मोइरंगथेम राजेश्वर सिंह के गोल कर दिल्ली को बढ़त दिलाई। आदित्य अधिकारी ने 16वें मिनट में दूसरा गोल किया।

# आर्सेनल चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में




**मैड्रिड, वार्ता।** आर्सेनल एफ सी ने रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को खेले गए मुकाबले में आर्सेनल ने रियल मैड्रिड 2-1 हराया। आर्सेनल की ओर से पहला गोल 65वें मिनट में बुकायो साका ने किया। वहीं उसने दूसरा गोल गेब्रियाल मार्टिनेली ने इंजरी टाइम में किया। इस जीत के साथ ही आर्सेनल ने 16 साल बाद सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इससे पहले आर्सेनल ने 2009 चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। आर्सेनल ने पिछले सप्ताह लंदन में खेले गए क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में 3-0 से जीत दर्ज की थी और इस तरह से उसने रियाल मैड्रिड को कुल मिलाकर 5-1 से करारी शिकस्त दी। इसी के साथ रियल मैड्रिड का टूर्नामेंट में अभियान समाप्त हो गया है। सेमीफाइनल में आर्सेनल का मुकाबला पेरिस सेंट-जर्मेन से होगा। दूसरा सेमीफाइनल बार्सिलोना और इंटर मिलान के बीच खेला जाएगा।

# हैदराबाद ने मुंबई को 163 रनों का लक्ष्य दिया

## अभिषेक ने 40, क्लासन ने 37 रन बनाए, मुंबई से विल जैक्स को 2 विकेट

**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल के 33वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस को 163 रन का टारगेट दिया। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई ने बालिंग चुनी।

हैदराबाद ने 5 विकेट खोकर 162 रन बनाए। हेनरिक क्लासन ने 37 और अभिषेक शर्मा ने 40 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। मुंबई इंडियंस ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 7 रन बना लिए हैं। टीम से रायन रिकेलटन और रोहित शर्मा ओपनिंग करने उतरे। हैदराबाद से मोहम्मद शमी ने पहला ओवर फेंका। सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बैटिंग की और 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 162 रन बना दिए। पैट कमिंस ने 8 और अनिकेत वर्मा ने 18 रन बनाकर टीम को इस स्कोर तक पहुंचाया। अभिषेक शर्मा ने 40 और हेनरिक क्लासन ने 37 रन बनाए। मुंबई से विल जैक्स ने 2 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह, ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पंड्या ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई से 20वां ओवर कप्तान हार्दिक पंड्या ने फेंका। उनके खिलाफ अनिकेत वर्मा ने 2 और पैट कमिंस ने 1 छक्का लगाया। इस ओवर में 22 रन बन गए। इससे पहले 18वें ओवर में दीपक चाहर के खिलाफ 21 रन बने थे। हैदराबाद ने 19वें ओवर में पांचवां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ओवर की पहली बाल लो फुल टॉस फेंकी। हेनरिक क्लासन बाल को पूरी तरह मिस कर गए और बोल्ड हो गए। उन्होंने 37 रन बनाए। 17वें ओवर में हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवा दिया। ट्रेंट बोल्ट ने ओवर की चौथी बाल फुलर लेंथ फेंकी, नीतीश रेड्डी बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन लान्ग आन पर तिलक वर्मा के हाथों कैच हो गए। नीतीश ने 21 गेंद पर 19 रन बनाए। 15वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 100 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने ट्रेंट बोल्ट के खिलाफ दूसरी बाल पर चौका लगाया और टीम की सेंचुरी पूरी करा दी। 12वें ओवर में मुंबई इंडियंस को तीसरा विकेट मिला। विल जैक्स ने ओवर की पहली बाल ऑफ स्टंप के बाहर शार्ट पिच फेंकी। ट्रैविस हेड लान्ग ऑफ पर मिचेल सैंटनर के हाथों कैच हो गए। हेड ने 29 गेंद पर 28 रन बनाए। 10वें ओवर में ट्रैविस हेड नो बाल पर कैच हो गए। ओवर की तीसरी गेंद हार्दिक पंड्या ने गुड लेंथ पर फेंकी, हेड डीप मिड-विकेट पोजिशन पर कैच हो गए। हेड पवेलियन जाने लगे, लेकिन थर्ड अंपायर ने नो बाल का सायरन बजा दिया। हेड फ्री हिट पर भी कैच हुए। वे इस वक्त 24 रन पर बैटिंग कर रहे थे। 9वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने दूसरा विकेट गंवाया। विल जैक्स ने ओवर की चौथी बाल ऑफ स्टंप के बाहर गुड लेंथ पर फेंकी। ईशान किशन आगे निकलकर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन स्टंपिंग हो गए। वे 2 ही रन बना सके। 8वें ओवर में मुंबई इंडियंस ने पहला विकेट लिया।



# मंगलौर पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, फायरिंग

## पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश घायल, दूसरा मौके से फरार, तलाश जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** गंगनहर पटरी पर मध्य रात्रि कार सवार बदमाशों की पुलिस टीम के साथ मुठभेड़ हो गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर तीन फायर किए। एक गोली पुलिस के वाहन पर लगी जिससे शीशा टूट गया इस दौरान वाहन चालक पुलिसकर्मी बाल बाल बचा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने कार सवार बदमाशों पर फायरिंग की। जिसमें एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जबकि उसका साथी अंधेरे का लाभ उठा कर खेतों के रास्ते से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस टीम ने फरार बदमाश को पकड़ने के लिए कॉबिंग की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। घायल बदमाश हत्या के प्रयास में वांछित था। उसके खिलाफ यूपी व मंगलौर में आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं।

कोतवाली प्रभारी शांति कुमार गंगवार हमराहो के साथ रात्रि गश्त कर रहे थे। बताया गया हैं कि पुलिस टीम मध्य रात्रि लिबारहेडी नसीरपुर के पास गंगनहर पटरी पर पहुंची तो इसी दौरान एक क्रेटा कार आती दिखाई दी। पुलिस टीम ने टार्च की रोशनी से कार सवारों को रुकने का इशारा किया। पुलिस को देख



बदमाशों ने कार को दौड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान कार चालक बदमाश ने पुलिस टीम पर एक फायर कर दिया। पुलिसकर्मी सभलपाते इसी बीच कार में सवार एक अन्य युवक ने दूसरा फायर कर दिया। पुलिस टीम ने बदमाशों को ललकारा तो बदमाशों ने पुलिस वाहन पर तीसरा फायर कर दिया जिसमें गोली लगने से चालक पुलिसकर्मी बाल बाल बचा। जवाबी कार्रवाई में पुलिस टीम ने भी बदमाशो पर फायर किया जिसपर चालक का संतुलन गड़बड़ा गया और कार पिलर से टकराकर रुक गई। कार में सवार बदमाश भागने लगे। एक बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गया जबकि एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल होकर खेत में गिर गया। पुलिस ने घायल बदमाश

**❖बदमाशों की गोली से पुलिस की गाड़ी का शीशा चकनाचूर, बाल बाल बची चालक की जान**

को उपचार के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस टीम ने फरार बदमाश को पकड़ने के लिए कॉबिंग की लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। सूचना मिलने पर एसपी देहात शेखर चंद सुयाल सिविल अस्पताल पहुंचे और जानकारी ली। पुलिस पूछताछ में घायल बदमाश ने अपना नाम विशाल उर्फ काकू निवासी मेघा शंकरपुर थाना पुरकाजी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश व फरार साथी का नाम आर्यन निवासी खेड़ाजट मंगलौर बताया हैं। घायल बदमाश के कब्जे से एक तमंचा, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा बरामद किया हैं। एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया बदमाश विशाल हत्या के प्रयास के केस में वांछित था। उसके खिलाफ यूपी में चार व मंगलौर कोतवाली में दो मुकदमे दर्ज हैं। बताया यूपी पुलिस भी घायल बदमाश को काफी समय से पकड़ने का प्रयास कर रही थी। बताया कि विशाल व आर्यन के खिलाफ पुलिस टीम पर फायरिंग करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया हैं। फरार बदमाश को पकड़ने के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं।

# गंगनहर पुलिस ने एक शातिर अपराधी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** गंगनहर पुलिस ने आज 'कुख्यात अपराधी को गुंडा अधिनियम मेंगिरफ्तार किया है। दिनांक 16/04/2025 को अपर उप निरीक्षक मनीष कवि तथा कांस्टेबल 885 मनमोहन सिंह रवाना सुध ा देखरेख शांति व्यवस्था तथा वाद संख्या 39/2025-26 माननीय अपर जिला मजिस्ट्रेट वित्त एवं राजस्व हरिद्वार के आदेश के अनुपालन मे एक नफर अभियुक्त आकिब उर्फ बकासुर पुत्र फिरोज निवासी शेखपुरी रुड़की को अंतर्गत धारा 3/10 गुंडा अधिनियम में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त आकिब उर्फ बकासुर को न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट की एवं राजस्व हरिद्वार द्वारा वाद संख्या 39/2025- 26 दिनांक 01/04/2025 को गुंडा अधिनियम में एक माह के लिए जिला बदर जनपद की सीमा के बाहर) के आदेश पारित किए गए थे कोतवाली गंग नहर पुलिस द्वारा अभियुक्त आकिब को नोटिस तमिल करते हुए जिला बदर की कार्रवाई अमल में लाई गई थी किंतु अभियुक्त द्वारा दिनांक 16.4.2025 को बिना मजिस्ट्रेट की परमिशन के सीमा के अंदर प्रवेश किया गया इस संबंध में मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त आकिब उर्फ बकासुर को उसके मसकन शेखपुरी से अंतर्गत धारा 3/10 गुंडा अधिनियम में गिरफ्तार किया गया अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है अभियुक्त का आपराधिक इतिहास निम्न प्रकार से है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त आकिब उर्फ बकासुर के विरुद्ध कोतवाली रुड़की में धारा 307 तथा अवैध आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत हैं। आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में अपर उपनिरीक्षक मनीष कवि कांस्टेबल मनमोहन सिंह आदि शामिल रहे।

# चुनावी रंजिश में दो पक्षों में जमकर संघर्ष, 27 के खिलाफ मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** चुनावी रंजिश को लेकर कोटा गांव मुरादनगर गांव में हुए विवाद में ग्राम प्रधान की तहरीर पर 27 लोगों के खिलाफ मारपीट गाली गलौज ,घर मे घुसकर तोड़फोड़ करना और जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं। पिरान कलियर थाना क्षेत्र के कोटा मुरादनगर गांव प्रधान मुजम्मिल और पूर्व प्रधान के बीच चुनावी रंजिश चली आ रही।जिसमे देर रात दोनो पक्षों में संघर्ष हो गया था ।ग्राम प्रधान मुजम्मिल ने तहरीर देकर बताया कि गांव में चुनावी रंजिश के चलते पूर्व प्रधान शाहजहां के परिवार के लोगो उससे रंजिश रखते हैं उसने बताया कि शाहजहां पत्नी फरमान ने फर्जी दस्तावेज बनाकर ग्राम प्रधान का चुनाव लड़ा था।जिसकी शिकायत उसने उच्च अधिकारियों से की थी।जिसके बाद जिलाधिकारी ने जांच कर उसे प्रधान पद से हटा दिया था।और उप चुनाव में वह विजय घोषित हो गए थे।जब से वह उससे रंजिश रखते हैं।मंगलवार को वह घर बाहर कूड़े का ढ़ेर होने की शिकायत पुलिस से कर लौट रहा था।इस बीच हसीब,साहिब,एजाज, अम्मार, सलीम, हमीद,वसी, समी, रिजवान,उस्मान, फारूक,शोएब आदि निवासी कोटा मुरादनगर ने उसे रास्ते मे रोकर उसके साथ गालीगलौज ओर धारदार हत्यार से उस पर हमला कर दिया जिससे वह घायल हो गया सौर की आवाज सुनकर ग्रमीणों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।ओर इनके साथियों में शकील ,मस्तफा, समद,जुनैद ,तुफैल,नाजिम खादिम ,ताबिस , समीर ,शाहजाद, अहबाब, नौशाद , नौमान, मोमिन,आफताब आदि ने घर मे घुसकर तोड़फोड़ कर सभी कीमती सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।पीड़ित ने बताया कझ उसके भाई रियाजुल ,आजम अली,पुत्र दाऊद हसन,भीतेज ईजाजुल ओर साकिब पर हमला कर उन्हें भी घायल कर दिया है।घर मे खड़ी मोटरसाइकिल को भी क्षतिग्रस्त कर दिया हैं।पीडित ने आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की हैं।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर हसीब,साकिब, ऐजाज, अम्मार, सलीम, वसी, समी, रिजवान, उस्मान, फारुख, सोयब, शकील, मस्तफा, समद, जुनैद, तुफैल,नाजिम,खादिम,ताबिस, समीर,शहजाद, अहबाब,नौशाद, नौमान,मोमिन, आफताब ओर अलियास के खिलाफ गालीगलौज मारपीट करना और घर मे घुसकर तोड़फोड़ व जान से मारने की धमकी देने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। वही पुलिस ने दो हमलवार उस्मान, मोमिन निवासी कोटा मुरादनगर को गिरफ्तार किया है।

# सीओ ने किया बुग्गावाला थाने का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला।** क्षेत्राधिकारी बुग्गावाला संजय चौहान आज छमाही निरीक्षण करने थाना बुग्गावाला पहुंचे। निरीक्षण करते हुए क्षेत्राधिकारी ने आवश्यक दिशा-निर्देश अधीनस्थों को दिये।

जानकारी के अनुसार संजय चौहान पुलिस उपाधीक्षक बुग्गावाला द्वारा थानाध्यक्ष की उपस्थिति में थाना बुग्गावाला का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम थाना परिसर/भवन व बैरक का निरीक्षण किया गया व बेरक का रखरखाव व साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई। मालखाने के रखरखाव एवं संपूर्ण सरकारी संपत्ति को चेक किया गया तथा माल निस्तारण किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। हवालात



खघली व सफाई संतोषजनक पायी गयी। इसके पश्चात थाना हाजा पर उपलब्ध सरकारी संपत्ति व अस्लाह तथा दंगा नियंत्रण उपकरण, आपदा उपकरण का निरीक्षण किया गया, जिसका रखरखाव संतोषजनक पाया गया।

थाना बुग्गावाला के अधिकारी/कर्मचारीगणों को अपनी उपस्थिति में शस्त्रों की हैंडलिंग कराई गयी व हैंडलिंग तथा शस्त्रों की साफ सफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात थाना कार्यालय, कंप्यूटर कक्ष का निरीक्षण करते हुए सीसीटीएनएस बै सॉफ्टवेयर के संबंध में सभी अधिकारी व कर्मचारी गणों को उक्त सॉफ्टवेयर में निरंतर रूप से कार्य किए जाने हेतु निर्देशित किया गया तथा सीएम पोर्टल अन्य पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाली ऑनलाइन शिकायतों तथा चरित्र सत्यापन आदि को निश्चित समय सीमा के अंदर संबंधित अधिकारी/ विभाग को रिपोर्ट प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। थाना हाजा पर लंबित माल मुकदमाती, लावारिस, कुर्की आदि मालों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए तथा एमवी एक्ट, लावारिस व अभियोगों से संबंधित मालों का शीघ्र निस्तारण व नीलामी प्रक्रिया के जाने हेतु मालखाना मोहर्रिर को निर्देशित किया गया। थाना हाजा पर उपलब्ध सभी अभिलेखों को अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया गया व अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। तथा अभिलेखों को संबंधित शाखा व विभागों से मिलान किए जाने हेतु निर्देशित किया। क्षेत्राधिकारी बुग्गावाला द्वारा अपराध नियंत्रण और रोकथाम तथा विवेचनाओ व शिकायती प्रार्थना पत्र एंव अन्य जांच अहकमात, अदालत व पुलिस का समयबद्ध व शीघ्रता से विधिक निस्तारण किए जाने तथा उच्चाधिकारियों द्वारा चलाए जा रहे अभियानों में बढ़-चढ़कर रुचि लेने हेतु निर्देशित किया गया।

# पुलिस ने दबोचा अपहरण कर पैसे वसूलने का आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थाना पुलिस ने जबरन रास्ते में रोक कार में डालकर अपहरण करने पैसे वसूलने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वादी फुरकान पुत्र कुर्बान निवासी ग्राम सिकरौड़ा थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार द्वारा थाना भगवानपुर आकर तहरीर तहरीर दी कि अभियुक्त साहिब पुत्र सुलेमान उर्फ बीरबल निवासी सिकरौड़ा थाना भगवानपुर द्वारा अपने स्कूटर से वादी का रास्ता रोकना व तभी स्फिट कार सवार तीन अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने व पैसा वसूलने के इरादे से जबरन बलपूर्वकर वादी को कार में जबरन बैठाकर अपहरण करना व शोर मचाने पर गांव वालों के रोके जाने पर रास्ते में फेंक कर भाग जाने के समंबन्ध मे जी गई जिसके आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0-130/2025, धारा 126 (2)125/115(2)/140(2)भारतीय न्याय संहिता पंजीकृत किया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुये तत्काल उक्त अभियोग के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक थाना भगवानपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल से व आने-जाने वाले रास्तो के सीसीटीवी फुटेज संकलित कर विश्लेषण किया गया जिससे काफी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है परिणाम स्वरूप दिनांक-16/04/25 को वादी मुकदमाती व ग्राम वासीयो की मदद से अभि0 01-संगत पाल पुत्र विक्रमजीत सिंह निवासी माणसा थाना सिटी 2 पंजाब 02-हरप्रीत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ख्याला कला माणसा पंजाब 03-संजू सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी माणसा पंजाब को घटना मे प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार किया गया अभि0 गणो को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। नाम पता अभि0-1-संगत पाल पुत्र विक्रमजीत सिंह निवासी माणसा थाना सिटी2 पंजाब 2-हरप्रीत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी ग्राम ख्याला कला माणसा पंजाब 3-संजू सिंह पुत्र प्रेम सिंह निवासी माणसा पंजाब बरामद सामान का विवरण:- 1-कार स्विफ्ट डिजायर वांछित अभि0 साहिब पुत्र सुलेमान उर्फ बीरबल निवासी सिकरौड़ा थाना भगवानपुर है। पुलिस टीम का विवरण 1-अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान -थाना भगवानपुर 2-का0 1588 राहुल कुमार थाना भगवानपुर 3-का0 संजय नेगी थाना भगवानपुर 4-का0 मुकेश नौटियाल थाना भगवानपुर शामिल रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत परिजनों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर** क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई है जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार सेठपुर गांव के ग्रामीणो ने बताया की हमारे गांव में सूचना मिली की एक औरत के अचानक मौत हो गई है जिससे परिजन एव ग्रामीणो मौके पर पहुंचे मौके पर देखा तो महिला की मौत हो गई है किसी व्यक्ति के द्वारा यह सूचना लक्सर पुलिस को दी गई। पुलिस के द्वारा तुरंत ही मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे में लेकर उसका पंचनामा भरकर पोस्मास्टम के लिए रूडकी भेज दिया है ग्रामीणओं के द्वारा यह भी बताया गया की महिला के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं वहीं भीम आर्मी प्रदेश अध्यक्ष दीपक सेठपुर के द्वारा बताया गया की जिस महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। ईस मामले की सूचना मिली थी अभी ईस मामले में कुछ कहा नहीं जा सकता क्योंकी महिला की मौत अचानक हुई है जवान मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हल है। लक्सर पुलिस का कहना है कि महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# दर्जा मंत्री देशराज कर्णवाल का पार्षदों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** झबरेड़ा के पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल को समाज कल्याण योजनाए एवं अनुश्रवण समिति का उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्षदों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि इनकी नियुक्ति का लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा।



रुड़की प्रशासनिक भवन में आयोजित कार्यक्रम में नगर निगम रुड़की के पार्षदों ने नवनियुक्त दर्जा प्राप्त मंत्री देशराज कर्णवाल का फूल मालाओं से स्वागत किया। पार्षदों ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कर्णवाल को यह जिम्मेदारी देकर प्रत्येक आम कार्यकर्ता का सम्मान किया है क्योंकि वह पार्टी के सच्चे सिपाही हैं और सभी के साथ मिलकर कार्य करते हैं। वहीं कर्णवाल ने पार्षदों का आभार जताया और कहा कि जनता के हितों के लिए मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि शासन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह उसका निर्वाहन मजबूती के साथ करेंगे। इस अवसर पर पार्षद डॉक्टर नवनीत शर्मा, अनुराग त्यागी, सरदार सतवीर सिंह, मनोज कुमार, आकाश जैन, राजन गोयल,यूजूर प्रजापति, पूनम प्रधान, अजय प्रधान, संदीप वर्मा,सागर सैनी, अमित कुमार,जयवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# अवैध चाकू के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाए जाने के लिए सभी थाना प्रभारीयो को निर्देशित किया था जिसमें 16 अप्रैल 2025 को चेकिंग के दौरान लक्सर क्षेत्र से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके पास से एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पूछताछ करने पर उस व्यक्ति ने अपना नाम जीशान उर्फ ढील्ला पुत्र मोहम्मद असलम निवासी निकट जामा मस्जिद के पास सुल्तानपुर कोतवाली लक्सर बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल मनोज मीनान कांस्टेबल अनूप पोखरियाल शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# फर्जी तरीके से जमीन की खरीद फरोख्त मे संलिप्त महिला को पुलिस ने पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा फर्जी तरीके से जमीन की खरीद फरोक्त में संलिप्त महिला को गिरफ्तार किया गया है। लक्सर कोतवाली प्रभारी राजीव रौथाण ने बताया 27 दिसंबर 2024 को श्रीमती कुरमला पत्नी स्वर्गीय विक्रम पर निवासी दरगाहपुर थाना कोतवाली लक्सर द्वारा दरगाहपुर परगना ज्वालापुर में स्थित अपनी भूमि के कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी से दीपक कुमार सरफराज राशीद द्वारा बैनामा अपने नाम करने के संबंध में थाना कोतवाली लक्सर पर धोखाधड़ी संबंधित अभियोग पंजीकृत किया गया था एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में वांछित अभियुक्तगण की धर पकड़ गिरफ्तारी के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा अभियुक्त गणों की तलाश के लिए मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया गया। जिसका नाम सहेन्द्री पत्नी राजपाल निवासी ताहरपुर थाना कोतवाली देहात जनपद सहारनपुर उत्तर प्रदेश बताया उसको पकड़ने वाली पुलिस टीम में रायसी पुलिस चौकी प्रभारी कमलकांत रतूड़ी कांस्टेबल अनिल वर्मा होमगार्ड वंदना शामिल रहे पकड़ी गई महिला को संबंधित मुकदमें में दाखिल कर संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## मारपीट करने पर पति का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** बस्तीराम पुत्र प्रकाश निवासी अकबरपुर ऊद लक्सर जनपद हरिद्वार के द्वारा कोतवाली गंगनहर पर सूचना दी गई कि उसकी पुत्री मीनू का विवाह शुभम पुत्र कर्ण सिंह निवासी सलेमपुर राजपूतान थाना कोतवाली गंगनहर जनपद रुड़की के साथ दिनांक 4.12.2022 को हुआ था दोनों पक्षों का विवाद होने के कारण लक्सर कोर्ट में अभियोग चल रहा है। दिनांक 24.3.2025 को श्रीमती मीनू ने लक्सर हॉस्पिटल में पुत्र को जन्म दिया दिनांक 16.4. 2025 को मीनू का पति शराब के नशे में मात्र 22 दिन के नवजात शिशु को लेकर कहीं चला गया और उसने बच्चे को छिपा दिया काफी प्रयास के पश्चात पुलिस के प्रयास के पश्चात नवजात शिशु को ग्राम बेलड़ा से बरामद कर श्रीमती मीनू के सुपुर्द किया और शुभम पुत्र कर्ण सिंह निवासी सलेमपुर राजपूतान का चालान अंतर्गत धारा 170 ठछै के अंतर्गत किया गया।

## विद्युत पोल पर चढ़ा लाइनमैन करंट लगने से झुलसा

**लंढौरा।** बिजली ठीक करने के लिए विधुत पोल पर चढ़ा लाइनमैन करंट की चपेट में आने से नीचे जा गिरा घायल बिजली कर्मचारी को बदहवास हालत में रुड़की के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुंडलाना निवासी 28 वर्षीय प्रमोद कुमार ठेकेदार के अंडर में बिजली का काम करता है। लंढौरा में रुड़की लक्सर मार्ग पर नगर पंचायत गेट के पास लगे ट्रांसफार्मर वाले पोल पर लाइन ठीक करने के लिए चढ़ा था। झुलस गया।

# राउमावि नन्हेड़ा में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नन्हेड़ा में आज प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसके लिए प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बच्चों के साथ बैनर लेकर गांव की गली-गली में भ्रमण किया। बच्चों ने अपने प्रधानाचार्य द्वारा दिए गए नारे बड़े जोश खरोश के साथ लगाएं। जैसे आओ चलें स्कूल की ओर, जीना है तो पढ़ना होगा, ओ बच्चा पढ़ाई करना, जो पढ़ेगा वो बढ़ेगा। इस छोटे से जुलूस से गांव में काफी हलचल रही और लोग अपने बच्चों का दाखिला कराने स्कूल पहुंचे।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ताजीम अली ने कहा कि आप दूसरों की मदद तभी कर सकते हैं जब आप खुद शिक्षित और सक्षम होंगे इसलिए आपको स्वयं को शक्तिशाली बनाना है। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति के पास जितना ज्ञान होता है उसकी उतनी ही इज्जत होती है।

वरिष्ठ शिक्षक श्री रोशन लाल ने कहा कि गांधी जी और बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के पास ज्ञान की अनूठी शक्ति थी जिसके बल पर ही वे अपने देश और समाज की मदद कर पाए। शिक्षक जसमेंद्र कुमार ने भी बच्चों को पढ़ाई की ओर ध्यान लगाने को कहा। शिक्षिका श्रीमती रुपाली वशिष्ठ



ने कहा कि बच्चों आपको पढ़ने का अवसर मिला है इसे मत गवाएं। जुलूस में वरिष्ठ सहायक अभिषेक राज चंदन और ट्यूटर कंचन नौटियाल सहित बड़ी संख्या में बच्चे शामिल थे।

# ईडी के कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई किए जाने पर कार्यकर्ताओं ने पीएम का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर नगर पालिका क्षेत्र मिल गेट के सामने कांग्रेस नेताओं पर ईडी की कार्यवाही से प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया है। लक्सर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के द्वारा बताया गया कि जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आते हैं वैसे ही भाजपा के नेता दूसरी पार्टियों पर ईडी की कार्रवाई को सक्रिय कर देते हैं। उन्होंने कहा जिस तरह से भाजपा के नेताओं द्वारा ईडी का इस्तेमाल किया जा रहा है यह बहुत ही गलत है क्योंकि भाजपा पर विकास के नाम कोई मुद्दा नहीं है भाजपा वाले दूसरी पार्टी के नेताओं को ईडी से डराते रहते हैं क्योंकि इनके पास विकास के नाम पर कुछ भी नहीं है केवल लोगों को बरगलाते रहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से भाजपा दूसरी पार्टी के नेताओं के खिलाफ कार्रवाई कर रही है इसकी हम बहुत ही घोर निंदा करते हैं। उन्होंने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी दहन किया है वहां पर जो मुख्य रूप से पीएम का पुतला दहन में शामिल रहे उनमें राजीव चौधरी जिला अध्यक्ष संजय सैनी एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष जिला पंचायत मेंबर भगत सिंह चौधरी नगर अध्यक्ष अदनान नवाज खान कांग्रेस नेता गुफरान अंसारी बालेश्वर सिंह प्रदेश सचिव अखिल पवार



अजीत सिंह अनीता बर्मन नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार मोहित कुमार जावेद सलमानी राहुल वाल्मीकि अंकित चौधरी आकिल हसन ऋषिपाल राजकुमार अशोक कुमार आदि कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।


# सम्पादकीय

शुक्रवार, 18 अप्रैल 2025

## वक्फ पर अंतरिम रोक

गुरुवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा वक्फ संशोधन अधिनियम पर आया फैसला निश्चित रूप से केंद्र सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। मुख्य न्यायधीश संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की तीन सदस्यीय पीठ ने केंद्र सरकार की और से पेश सॉलिसिटर तुषार मेहता की दलील सुनने के बाद कहा कि मौजूदा वक्त में अगली सुनवाई तक कोई बदलाव नहीं होना चाहिए। वक्फ संशोधन मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी। हालांकि सरकारी वकील तुषार मेहता का कहना था कि वह इस संबंध में केंद्र सरकार की तरफ से चार दिन के भीतर जवाब दाखिल करेंगे और अगली तारीख तक परिषद या बोर्ड में कोई नियुक्ति नहीं होगी। तुषार मेहता का यह भी कहना था कि देश की शीर्ष अदालत ने वक्फ संशोधन अधिनियम पर कुछ ज्यादा ही कठोर रूख अपनाया है। यह अपनाना नहीं चाहिए था। जाहिर है सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपनी बात को असरदार तरीके से रख पाने में सफल नहीं हुई। जिस तरह का रूख सुप्रीम कोर्ट का बुधवार को सुनवाई के दौरान देखने को मिला था। तभी साफ हो गया था कि सरकार अपना पक्ष मजबूती के साथ नहीं रख पा रही है। अदालत बुधवार को ही अंतरिम फैसला सुनाने जा रही थी, लेकिन सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की इस अपील पर कि सरकार को और सुनने का मौका दिया जाना चाहिए। तब पीठ गुरुवार को सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई थी। अब सब कुछ शीर्ष अदालत के रूख पर निर्भर करेगा कि आगे चलकर वह किस तरह का फैसला सुनाते है। कानूनी जानकार तो यह भी मानकर चल रहे है कि बहुत संभव है कि वह निचली अदालत को सुनवाई के आदेश दे दे, तो अगर ऐसा होता है, तो मामला काफी लंबे समय के लिए लटक सकता है। यह तो पांच मई की सुनवाई के बाद ही पता चलेगा, लेकिन एक बात साफ है यह सरकार के लिए किसी झटके से कम नहीं है। जिस तरह सरकार वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर तेजी से आगे बढ़ रही थी उस पर तो ब्रेक लग ही गया है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि जब यह मामला अदालत में विचारधीन है तो लोग भी संयम का परिचय दे, लेकिन यह तभी संभव होगा जब सभी अपनी जिम्मेदारी को ठीक से समझें औरों की तो बात छोड़िए दो बड़े प्रदेशों के मुख्यमंत्री जिस तरह एक-दूसरे से उलझते दिखाई दे रहे है निसंदेह वह बेहद चिंता पैदा करने वाला है। बात तो बदकलामी तक पहुंच गई है। हम बात यहां उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच छीड़े जुबानी जंग की कर रहे है। जहां योगी आदित्यनाथ ममता पर यह आरोप लगा रहे है कि वह दंगाईयों से हमदर्दी रखती है तो वहीं ममता बनर्जी भी योगी को भोगी कहकर उन पर पलटवार कर रहीं है। ऐसी भाषा से बचना होगा। इस तरह की भाषा देश का वातावरण ही खराब करती है। बेहतर यही है कि सब अदालत के फैसले का इंतजार करें।

### अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे



भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे, ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है, एक हालिया फैसले में राष्ट्रपति को निर्देश दिया गया है, ऐसी कल्पना नहीं की थी, जहां राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने के लिए कहा जाएगा और अगर वे फैसला नहीं लेंगे, तो कानून बन जाएगा, अब जज विधायी चीजों पर फैसला करेंगे। वे ही कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उनकी कोई जवाबदेही भी नहीं होगी क्योंकि इस देश का कानून उन पर लागू ही नहीं होता।

**जगदीप धनखड़**
**उपराष्ट्रपति**

# रिटायरमेंट के बाद अकेलेपन की कैद

## क्या शहर हमारे बुजुर्गों के लिए बन रहे हैं जेल?

**रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं और लोग सुनते नहीं, संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं, एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं**





**वीरेंद्र कुमार**

शहरों की चमचमाती रौशनी के पीछे एक स्याह साया है, जो हर शाम ढलते ही किसी खिड़की में उदासी बनकर टिक जाता है। यह साया किसी बुजुर्ग का है जो रिटायरमेंट के बाद, जीवन की उस अवस्था में पहुंचा है जहां उसे सबसे ज्यादा संवाद, साथ और सम्मान की ज़रूरत होती है। लेकिन इन महानगरों में, जहां वक्त की क़ीमत दौड़ से तय होती है, वहां उम्रदराज़ लोग अक्सर एक कोने में छूट जाते हैं। रिटायरमेंट के बाद का अकेलापन केवल एक भावनात्मक पीड़ा नहीं, बल्कि एक गहराता हुआ सामाजिक संकट है, जिसमें बुजुर्गों को उनका ही घर धीरे-धीरे एक ऐसी जेल में बदलता दिखता है, जहां दीवारें बोलती नहीं, और लोग सुनते नहीं।

संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के उदय ने बुजुर्गों के जीवन में गहरी दरारें डाल दी हैं। एक समय था जब दादी-नानी की कहानियां केवल बच्चों के मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि रिश्तों की जड़ों को सींचने वाली संवेदनाएं थीं। अब वही बुजुर्ग एक कमरे में टीवी के सामने अकेले बैठते हैं, जिन्हें केवल दवाइयों की समय-सीमा याद रखी जाती है, बाक़ी किसी संवाद की कोई आवश्यकता नहीं समझी जाती। शहरी जीवन की आपाधापी में बच्चे करियर, ट्रैफिक और प्रतिस्पर्धा में इतने उलझ गए हैं कि उन्हें अपने माता-पिता की आंखों में उगते सन्नाटे दिखाई ही नहीं देते। यह अकेलापन धीरे-धीरे अवसाद में बदलता है, फिर चुप्पी में, और अंततः कभी-कभी एक अनकहे अंत में। भारत जैसे देश में जहां 'मातृ-पितृ देवो भव' जैसी पंक्तियां संस्कृति का हिस्सा रही हैं, वहां रिटायरमेंट के बाद बुजुर्गों के जीवन की विडंबना और भी कटु हो जाती है। शहरों में बुजुर्गों के लिए न सार्वजनिक स्थल हैं, न सामुदायिक संवाद के मंच, और न ही कोई ऐसा तंत्र जो उन्हें जीवन के इस नए चरण में सक्रियता और सम्मान के साथ जीने का अवसर दे। उनकी सारी भूमिका केवल घर की रखवाली, दवाइयों की सूची और कभी-कभार बच्चों की देखभाल तक सीमित रह जाती है। धीरे-धीरे वे अपने ही घर में 'अतिरिक्त' महसूस करने लगते हैं। कुछ बुजुर्ग स्वयं वृद्धाश्रम की शरण लेते हैं, क्योंकि वहां कम से कम कोई उनकी बात तो सुनता है।

मानसिक स्वास्थ्य की दृष्टि से यह एक गंभीर चुनौती है। बुजुर्गों में डिप्रेशन, चिंता, भूलने की बीमारी (**Dementia**), और नींद की समस्याएं आम होती जा रही हैं। खासकर रिटायरमेंट के बाद, जब उनका दिनचर्या, पहचान और सामाजिक भूमिका अचानक ख़त्म हो जाती है, तो वे स्वयं को व्यर्थ महसूस करने लगते हैं। यह स्थिति केवल भावनात्मक नहीं, शारीरिक रूप से भी उन्हें कमजोर बनाती है। कई अध्ययनों से पता चलता है कि जो बुजुर्ग सामाजिक रूप से कटे रहते हैं, उनमें बीमारियां अधिक होती हैं और उनकी मृत्यु दर भी अधिक होती है। इस अकेलेपन की रोकथाम के लिए सबसे पहले समाज को यह समझना होगा कि बुजुर्ग 'निष्क्रिय' नहीं होते उन्हें केवल एक नई भूमिका, एक नई पहचान की आवश्यकता होती है। रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी, अगर सही रूप से पुनर्गठित की जाए, तो यह 'आत्म-संवर्धन' और 'सामाजिक मार्गदर्शन' का काल बन सकती है। इसके लिए ज़रूरी है कि परिवार अपने बुजुर्गों को सिर्फ सहानुभूति से नहीं, बल्कि सहभागिता से देखें। उन्हें घर के निर्णयों में शामिल करें, उनके अनुभव को सम्मान दें, और उन्हें संवाद का अवसर दें।

समाज स्तर पर बुजुर्गों के लिए सामुदायिक केंद्रों का निर्माण होना चाहिए जहां वे अपनी रुचियों, जैसे संगीत, लेखन, बागवानी या योग के माध्यम से एक-दूसरे से जुड़ सकें। ऐसे समूह बुजुर्गों को उद्देश्य देते हैं और उनके मानसिक स्वास्थ्य को सशक्त करते हैं। कुछ स्थानों पर 'इंटरजनरेशनल संवाद' की पहल की जा रही है, जहाँ बुजुर्ग स्कूल या कॉलेज जाकर अपने अनुभव साझा करते हैं। यह मॉडल बच्चों और बुजुर्गों के बीच संवाद का सेतु बनाता है। सरकार की भूमिका भी अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। आज भारत में 'राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक नीति' (**National Policy for Senior Citizens**) है, लेकिन यह ज़मीनी स्तर पर बहुत सीमित प्रभाव छोड़ पाई है। सरकार को चाहिए कि वह प्रत्येक शहर में बुजुर्गों के लिए 'डे-केयर सेंटर्स', 'सामाजिक सहभागिता केंद्र' और मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्रों की स्थापना करे। बुजुर्गों के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा, ट्रांसपोर्ट में रियायत जैसे उपाय तो ज़रूरी हैं, लेकिन उससे भी ज्यादा ज़रूरी है। उन्हें फिर से 'समाज का हिस्सा' महसूस कराना। दूसरे देशों के अनुभव से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं।

जापान में बुजुर्गों के लिए 'इकिगाई' की अवधारणा है, जिसमें उन्हें जीवन के किसी उद्देश्य से जोड़ा जाता है कृ चाहे वह सामुदायिक सेवा हो, बच्चों को नैतिक शिक्षा देना, या स्थानीय स्वच्छता अभियानों में भाग लेना। स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में बुजुर्गों के लिए रिटायरमेंट के बाद 'सक्रिय नागरिकता' (**active citizenship**) कार्यक्रम चलते हैं, जिनमें वे सामुदायिक निर्णयों में भाग लेते हैं और स्थानीय सरकार के साथ सहयोग करते हैं। कनाडा में कई बुजुर्गों को पार्ट-टाइम वॉलंटियरिंग या प्रोफेशनल मेंटरशिप में शामिल किया जाता है। ये सारे मॉडल दिखाते हैं कि रिटायरमेंट के बाद की ज़िंदगी को अर्थपूर्ण बनाया जा सकता है। बशर्ते समाज और सरकार दोनों इसकी ज़िम्मेदारी लें।

शायद अब समय आ गया है कि हम बुजुर्गों को किसी जिम्मेदारी से मुक्त व्यक्ति नहीं, बल्कि स्मृतियों और अनुभवों की जीवित पुस्तक मानें। जिसे पढ़ने, सुनने और समझने की आवश्यकता है। वे कोई बोझ नहीं हैं, बल्कि हमारे भविष्य की नींव रखने वाले हाथ हैं। अगर हम उनकी ख़ामोशी को नहीं सुन पाए, उनके अकेलेपन को नहीं देख पाए, तो यह हमारी संवेदनशीलता की नहीं, हमारी सभ्यता की हार होगी। जिस समाज की नींव अपने बुजुर्गों को अकेला छोड़ने पर टिकी हो, वह कभी स्थिर नहीं रह सकता। इसलिए यदि हमें भविष्य सुरक्षित करना है, तो हमें अपने अतीत, अपने बुजुर्गों को अपनाना ही होगा। यह सिर्फ कर्तव्य नहीं, बल्कि उस मानवता की पहचान है, जिसके बिना कोई भी समाज समाज नहीं कहलाता।

# जीव विज्ञान का मॉडल जीवः हाइड्रा...

**डॉ. किशोर पंवार**

**हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है, हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है, इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनता है**

हमारे समाज में सेलिब्रिटी उस हस्ती या शख्स को कहा जाता है जो प्रतिष्ठित हो। जिसे अभिनय, राजनीति, फैशन, खेल या संगीत जैसे किसी क्षेत्र में विशेष रुतबा हासिल हो। इन ख्याति प्राप्त लोगों की एक ब्रांड वैल्यू होती है। सेलिब्रिटी के द्वारा विज्ञापित उपभोक्ता सामग्री लोग खरीदते हैं। वे क्या करते हैं? क्या पहनते हैं? उनके घर में कौन सा पंखा या वॉटर प्यूरीफायर है? इन सबकी देखा-देखी लोग शॉपिंग करते हैं, इनकी कहा-कही में आकर युवा अपनी ज़ुबां केसरिया करते हैं। लेकिन, यहां हम जिन सेलिब्रिटीज़ की बात करने जा रहे हैं वे इनसे बिलकुल अलग हैं। ये खुद अपना गुणगान नहीं करते, किंतु उन पर किए गए शोध कार्यों ने मानव स्वास्थ्य, आनुवंशिक बीमारियों और वृद्धावस्था पर महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई है।

हमारे शरीर में जीन्स कैसे काम करते हैं, उनके होने या न होने से क्या फर्क पड़ता है? यह सब जानकारी हमें इन्हीं से पता चली है। दरअसल, कुछ ऐसे प्रयोग भी होते हैं जो नैतिक रूप से इंसानों पर नहीं किए जा सकते। और, हमारे शरीर की जटिलता, लंबा जीवनकाल, बहुत बड़ा जीनोम आदि के कारण ये प्रयोग मनुष्य पर करना संभव भी नहीं है। इसलिए ऐसे महत्वपूर्ण प्रयोग इन मॉडल जीवों पर किए जाते हैं। तो, मॉडल जीव उन्हें कहते हैं जिनका उपयोग आनुवंशिकी, विकास और अन्य जैविक प्रक्रियाओं को समझने के लिए किया जाता है। किसी भी जीव को मॉडल के रूप में चुनते समय शोधकर्ता उनकी स्थिरता, छोटा जीवन चक्र और जीनोम में संसाधनों की उपलब्धि जैसी बातों पर विचार करते हैं।

फलमक्खी (**Drosophila melanogaster**), गोलकृमि (**Caenorhabditis elegans**), घरेलू चूहा (**Mus musculus**), न्यूरोस्पोरा (**Neurospora**), एग्रोबैक्टीरियम टयूमिफेशियंस (**Agrobacterium tumefaciens**), एसिटेबुलरिया (**Acetabularia**), हाइड्रा (**hydra**), बेकर्स यीस्ट (**Saccharomyces cerevisiae**), माउस ईयर क्रेस (**Arabidopsis thaliana**) ऐसे ही कुछ मॉडल जीव हैं जिन पर पिछले कई वर्षों से अनुसंधान किया जा रहा है।

### हाइड्रा के बारे में...

जीव विज्ञान में हाइड्रा को अमर कहा गया है यानी जो कभी नहीं मरता। इसे हाइड्रा नाम प्रसिद्ध जीव विज्ञानी कार्ल लीनियस ने दिया था। दरअसल यह नाम ग्रीक मायथॉलॉजी में वर्णित एक सर्प के रूप और गुणों पर आधार पर दिया था जिसके नौ सिर थे और एक सिर काटने पर उसके स्थान पर फिर दो सिर उग जाते थे। अर्थात उसमें पुनर्जनन की गज़ब की क्षमता थी। ऐसी ही क्षमता हाइड्रा में भी है, इसके भी दो टुकड़े कर दो तो दोनों टुकड़ों से नए हाइड्रा बन जाते हैं।

हाइड्रा मीठे पानी का एक अकशेरुकी मांसाहारी जीव है। यह एक छोटे ताड़ के पेड़ की तरह दिखता है। पूरा शरीर बेलनाकार नलीलुमा होता है। इसमें एक आधार डिस्क (पैर) होती है, जिससे यह किसी आधार पर चिपका रहता है। डिस्क में ग्रंथि कोशिकाएं होती हैं जो चिपचिपा पदार्थ स्रावित करती हैं। नलीनुमा शरीर के स्वतंत्र सिरे पर एक छिद्र मुंह होता है जो मुंह और गुदा दोनों का काम करता है। यह 4 से लेकर 12 तक संवेदी टेंटेकल्स से घिरा रहता है।

हाइड्रा एक डिप्लोब्लास्टिक जीव है अर्थात इसका शरीर दो परतों से बना होता है। बाहरी परत को एपिडर्मिस कहते हैं, और अंदर की परत गैस्ट्रोडर्मिस कहलाती है, यह पेट की आंतरिक सतह होती है। हाइड्रा का पूरा शरीर 50000 से लेकर 10 लाख कोशिकाओं का बना होता है। हाइड्रा में प्रजनन मुख्य रूप से मुकुलन द्वारा होता है। इस प्रक्रिया में हाइड्रा के शरीर पर एक कलिका बनती है और धीरे-धीरे यह कलिका बढ़ने के बाद अलग होकर एक नया हाइड्रा बनती है। इसे वर्धी प्रजनन कहते हैं। अलबत्ता, कतिपय परिस्थितियों में हाइड्रा में लैंगिक प्रजनन भी होता है।

### हाइड्राः एक मॉडल जीव...

हाइड्रा के आणविक और कोशिकीय जीव विज्ञान पर कार्य करने वाली प्रोफेसर सेलिना जूलियानो का कहना है कि जहां तक हम जानते हैं यह जीव ना तो बूढ़ा होता है और ना ही मरता है। आप इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट दीजिए और उन टुकडों से पूरा नया जीव बन जाता है। सबसे आश्चर्यजनक बात तो यह है कि यदि हाइड्रा को एक-एक कोशिका में विभाजित कर दें, और उनको मिलाकर एक गेंद बना दें, तो फिर से एक नया हाइड्रा निकल आएगा। इसकी यही क्षमता उपचार और बुढ़ापे के अध्ययन के लिए इसे एक आदर्श मॉडल जीव बनाती है। पेड़-पौधों में तो ऐसा होता ही रहता है।

गुलाब की कलम से एक नया गुलाब का पौधा तैयार हो जाता है। हालांकि पेड़-पौधों में पाया जाने वाला पुनर्जनन का यह गुण हम मनुष्यों में नहीं पाया जाता। पर अगर आ जाए तो कितना बढ़िया होगा, कटे हुए हाथ की जगह नया हाथ, और दुर्घटना में खोई हुई टांग की जगह नई टांग! यह कोई खाम-ख्याली नहीं है। प्रयोगशाला में वैज्ञानिकों ने लीवर के टुकड़े से पूरा लीवर फिर से बना लिया है, त्वचा को भी उगा लिया है। बस कुछ और काम बाकी हैं जो हाइड्रा पर अनुसंधान की मदद से और उसकी पुनर्जनन क्षमता की बेहतर समझ से जल्दी ही पूरे हो जाएंगे।

जूलियानो द्वारा हाइड्रा की प्रत्येक प्रकार की कोशिका में अभिव्यक्त जीन्स को सटीक रूप से पहचान लिया गया है, उनके कार्यों के बारे में जानकारी जुटा ली गई है। आजकल इस जीन अभिव्यक्ति को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने के लिए औज़ार भी विकसित किए जा रहे हैं। बुढ़ाने पर काम करने वाले डेनियल मार्टीनेज़ ने 1998 में एक्सपेरिमेंटल जेरेन्टोलॉजी नामक एक शोध पत्रिका में दावा किया था कि हाइड्रा जैविक रूप से अमर है। हाइड्रा की स्टेम कोशिकाओं में अनिश्चितक. ल तक स्व-नवीनीकरण की क्षमता होती है। और लगातार स्व-नवीनीकरण करने में प्रतिलेखन (**transcription**) कारक 'फोर्कहेड बॉक्स-ओ' यानी फॉक्स-ओ की भूमिका होती है। द्विपक्षीय सममिति (**bilateral symmetry**) वाले जीवों, जैसे फल मक्खियों और कृमि मॉडलों, में यदि इस प्रतिलेखन कारक को हटा दिया जाए तो उनका जीवनकाल काफी कम हो जाता है। हाइड्रा वल्गैरिस एक चक्रीय सममिति वाला जीव है। प्रयोग द्वारा देखा गया है कि जब फॉक्स-ओ के स्तर में कमी आती है तो हाइड्रा की कई प्रमुख विशेषताओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है लेकिन फिर भी उसकी मृत्यु नहीं होती।

स्रोत फीचर्स


# गुड फ्राइडे : प्रेम की सूली पर टिका युगों का उजाला

**गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है, यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास व बलिदान का स्मरण करने का दिन है**



**योगेश कुमार गोयल**

ईसा मसीह के उस महान बलिदान की याद में मनाया जाने वाला दिन है 'गुड फ्राइडे', जिसे ईसाई समुदाय श्रद्धा, शोक और आत्मचिंतन के रूप में मनाता है। यह दिन न केवल ईसा मसीह की सूली पर चढ़ाए जाने की घटना को स्मरण करने का दिन है बल्कि प्रेम, क्षमा, दया, करुणा और मानवता के सर्वोच्च मूल्यों की पुनः स्थापना का अवसर भी है। गुड फ्राइडे का महत्व केवल एक ऐतिहासिक घटना तक सीमित नहीं है बल्कि यह उस सार्वभौमिक संदेश को भी प्रकट करता है, जो युगों-युगों तक मानव समाज को प्रेरणा देता रहेगा। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, करीब दो हजार वर्ष पूर्व जब समाज में धार्मिक पाखंड, अंधविश्वास, अन्याय और अमानवीयता अपने चरम पर थी, तब ईसा मसीह एक ऐसे सुधारक के रूप में प्रकट हुए, जिन्होंने मानवता को सत्य, प्रेम, अहिंसा, दया और क्षमा का मार्ग दिखाया। वे लोगों को यह सिखाते थे कि ईश्वर का सच्चा उपासक वही है, जो दूसरों की सेवा करता है और दूसरों के प्रति प्रेम, दया और करुणा रखता है। ईसा मसीह का सम्पूर्ण जीवन परोपकार, त्याग और मानवता की सेवा के लिए समर्पित रहा। गुड फ्राइडे उस ऐतिहासिक शुक्रवार का स्मरण है, जब धार्मिक कट्टरपंथियों की ईर्ष्या, भय और राजनीतिक साजिशों के चलते ईसा मसीह को यरूशलम में क्रॉस पर लटका दिया गया था। उस समय के धार्मिक नेताओं को ईसा मसीह के उपदेशों से यह भय सताने लगा था कि यदि लोग उनकी बातों पर विश्वास करने लगे तो उनका प्रभुत्व समाप्त हो जाएगा। ईसा मसीह के विचार समाज में व्यापक रूप से फैलने लगे थे। लोग उन्हें परमेश्वर का पुत्र मानने लगे थे और उनके पास अपनी पीड़ाओं का समाधान खोजने लगे थे। यह देखकर धार्मिक प्रतिष्ठान असुरक्षित महसूस करने लगे और अंततः षड्यंत्रपूर्वक उन्हें क्रॉस पर लटकाने का निर्णय लिया गया। ईसा मसीह का यह बलिदान केवल उनकी मृत्यु नहीं थी बल्कि एक ऐसा आदर्श बन गया, जो दर्शाता है कि सच्चाई, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति को कितनी भी यातना दी जाए, वह अपनी ध्येयनिष्ठा से विचलित नहीं होता। ईसा मसीह ने सूली पर चढ़ते हुए भी अपने हत्यारों के लिए प्रार्थना की थी, 'हे परमपिता! इन्हें क्षमा करना, ये नहीं जानते ये क्या कर रहे हैं।' यह कथन आज भी क्षमा और करुणा की पराकाष्ठा का प्रतीक माना जाता है।



गुड फ्राइडे, ईस्टर संडे से पहले आने वाला शुक्रवार होता है और इस वर्ष यह 18 अप्रैल को मनाया जा रहा है। यह दिन पूरी दुनिया के ईसाइयों के लिए गहरे आत्मनिरीक्षण, प्रार्थना, उपवास और बलिदान को स्मरण करने का दिन होता है। इस दिन चर्चों में विशेष पूजा-अर्चना होती है। पारंपरिक रूप से इस दिन चर्च की घंटियां नहीं बजाई जाती बल्कि लकड़ी के खटखटे बजाए जाते हैं, जो इस दिन की गंभीरता और शोक को व्यक्त करते हैं। लोग काले वस्त्र धारण कर ईसा मसीह के बलिदान को स्मरण करते हैं, चर्चों में जाकर क्रॉस को चूमते हैं और प्रभु ईशु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट करते हैं। गुड फ्राइडे के दिन कई स्थानों पर नाटय रूपांतरण के माध्यम से 'क्रूसीफिक्शन' यानी ईसा को क्रॉस पर चढ़ाने की घटना का दृश्य प्रस्तुत किया जाता है। इससे लोगों को उस ऐतिहासिक घटना को समझने और महसूस करने का अवसर मिलता है। अनुयाई इस दिन अपने गुनाहों के लिए क्षमा मांगते हैं, संयम और आत्मनियंत्रण का पालन करते हैं तथा सांसारिक भोग-विलास से दूरी बनाते हैं।

कैथोलिक परंपरा के अनुसार, गुड फ्राइडे से 40 दिन पहले उपवास और प्रार्थना की अवधि आरंभ हो जाती है। यह अवधि 'लेन्ट' कहलाती है और इसकी शुरुआत 'राख बुधवार' से होती है। इस दिन से ईसाई अनुयायी संयम, उपवास, पश्चाताप और प्रार्थना में लीन हो जाते हैं। 'राख बुधवार' का महत्व इस बात से है कि इस दिन अनुयायी अपने माथे पर राख का चिह्न लगाते हैं, जो इस बात का प्रतीक है कि मनुष्य नश्वर है और उसे अपने पापों के लिए ईश्वर से क्षमा मांगनी चाहिए। यह उपवास काल ईसा मसीह के उन चालीस दिनों की याद दिलाता है, जब उन्होंने मानव सेवा आरंभ करने से पहले रेगिस्तान में एकांतवास किया और उपवास रखते हुए ईश्वर की आराधना की। गुड फ्राइडे के दिन चर्चों और घरों से सजावटी वस्तुएं हटा दी जाती हैं या उन्हें कपड़े से ढक दिया जाता है। यह सादगी और शोक का प्रतीक है। यह दिन बाहरी चमक-धमक की जगह अंतर्मन की शुद्धता, संयम और आंतरिक प्रकाश को महत्व देने का दिन होता है। चर्चों में कोई विवाह समारोह, उत्सव या जश्न नहीं होता बल्कि यह दिन आत्मचिंतन और प्रभु ईशु के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने का अवसर प्रदान करता है। 'प्रेम ही ईश्वर है' ईसा मसीह के जीवन का संदेश था। उन्होंने मानव प्रेम की सीमाओं को तोड़कर उसे एक सार्वभौमिक स्वरूप प्रदान किया। वे जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र से ऊपर उठकर प्रत्येक व्यक्ति को अपना भाई और बहन मानते थे। उन्होंने बताया कि ईश्वर की आराधना केवल धार्मिक अनुष्ठानों से नहीं बल्कि सेवा, दया, करुणा और परोपकार से होती है। उन्होंने जीवनभर पापियों, दरिद्रों, रोगियों और उपेक्षितों के साथ प्रेमपूर्वक व्यवहार किया। उन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। ईसा मसीह का बलिदान मानवता के लिए एक अमूल्य प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि सत्य के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति कष्टों से भले ही गुजरे परंतु उसकी आत्मा सदा मुक्त और शांत रहती है। उनके अनुयायी उन्हें 'शांति-दूत', 'क्षमा-मूर्ति' और 'महात्मा' के रूप में पूजते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि व्यक्ति जब दूसरों की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर देता है, तब वह स्वयं भी ईश्वर से एकाकार हो जाता है। ईसाई मान्यताओं के अनुसार, गुड फ्राइडे के तीन दिन बाद रविवार को एक चमत्कारी घटना घटित हुई, जब ईसा मसीह पुनः जीवित हो गए। इसे 'ईस्टर संडे' के रूप में मनाया जाता है। यह ईसाई धर्म का सबसे पावन पर्व माना जाता है क्योंकि यह न केवल पुनरुत्थान का प्रतीक है बल्कि विजय का प्रतीक भी है, मृत्यु पर जीवन की, अंधकार पर प्रकाश की और पाप पर पुण्य की। कहा जाता है कि ईसा मसीह पुनरुत्थान के पश्चात 40 दिनों तक अपने शिष्यों और अनुयायियों के बीच रहे। मरियम मदीलिनी नामक महिला को उन्हें सबसे पहले देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, जो ईस्टर की सुबह उन्हें देखने गई थी।

# घर पर 15 मिनट में बनाकर तैयार करें पेरी-पेरी सॉस

दक्षिण अफ्रीका में पेरी-पेरी सॉस बड़े चाव के साथ खाई जाती है। इसका स्वाद मसालेदार होता है, इस वजह से इसको पेरी-पेरी सॉस के नाम से जाना जाता है। आमतौर पर चिकन, मांस और सब्जियों के साथ यह सॉस सर्व किया जाता है। इस सॉस की यह खासियत होती है कि इसका स्वाद तीखा और मसालेदार होता है। यह सॉस हर स्नैक्स को स्वादिष्ट बनाता है। पेरी-पेरी सॉस को बहुत ही खास तरीके से तैयार किया जाता है और इसमें पेरी-पेरी मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है।

पेरी-पेरी मिर्च के कारण इसका स्वाद काफी खास हो जाता है। लेकिन हर जगह यह मिर्च नहीं मिलती है। लेकिन इसको अलग-अलग तरीकों से तैयार किया जाता है। अगर आप भी पेरी-पेरी सॉस बनाना चाहते हैं, तो इसके लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास पेरी-पेरी मिर्च हो। आप नॉर्मल मिर्च से भी यह सॉस बनाकर तैयार कर सकते हैं।

### सामग्री...

- पेरी पेरी मिर्च-1 कप
- लहसुन कलियां- आधा कप
- अदरक का पेस्ट- 1/4 कप
- टोमेटो सॉस- 2 बड़े चम्मच
- नींबू का रस- 1/4 कप
- चीनी- 1 बड़ा चम्मच
- जैतून का तेल- 1/4 कप
- काली मिर्च पाउडर-आधा छोटा चम्मच
- नमकः स्वादानुसार
- लाल मिर्च पाउडरः आधा छोटा चम्मच

### पेरी पेरी सॉस की विधि...

सबसे पहले ऊपर बताई गई सभी सामग्रियों को तैयार करके रख लें और फिर पेरी पेरी मिर्च या मिर्च को धोकर साफ कर लें। इनके बीज भी निकाल दें।

अब लहसुन की कलियों को छील लें और अदरक का पेस्ट बना लें। फिर एक ब्लेंडर में पेरी-पेरी मिर्च, लहसुन, जैतून का तेल, नींबू का रस, अदरक, नमक, चीनी, लाल मिर्च पाउडर और काली मिर्च पाउडर डालकर स्मूद सा पेस्ट बना लें।

इसके बाद एक पैन में सॉस को हल्की आंच पर गर्म करें और 5 से 7 मिनट तक पकाएं। इसको तब तक पकाएं जब तक कि यह सॉस गाढ़ा न हो जाए। अब सॉस को ठंडा करने के लिए एक ओर रख दें।

इस तरह से पेरी-पेरी सॉस बनकर तैयार हो जाएगा, जिसको आप स्नैक्स के साथ सर्व कर सकते हैं। वहीं अगर आप इसको तीखा रखना चाहते हैं, तो आप पेरी-पेरी मिर्च या लाल मिर्च पाउडर का अधिक इस्तेमाल कर सकते हैं।

# खाली करना ही होगा पीओके



- पाक आर्मी चीफ के टू-नेशन थ्योरी वाले बयान पर विदेश मंत्रालय ने कहा-बांग्लादेश बनते ही यह थ्योरी फेल हुई
- जनरल मुनीर ने कश्मीर को पाक के गले की नस व टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया

**नई दिल्ली/इस्लामाबाद।** भारत सरकार ने गुरुवार को कहा कि पीओ. के भारत का अभिन्न अंग है। इस पर पाकिस्तान का अवैध रूप से कब्जा है। पाकिस्तान को पीओके हर हाल में खाली करना पड़ेगा। भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ के कश्मीर और टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। उनके टू नेशन थ्योरी वाले बयान पर जायसवाल ने कहा कि यह थ्योरी 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद ही खारिज हो चुकी थी। पाकिस्तान के आर्मी चीफ मुनीर ने बुधवार को कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओव. रसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। जनरल मुनीर ने इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में बुधवार को कश्मीर और टू नेशन थ्योरी को लेकर विवादित बयान दिया था। पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल असीम मुनीर ने कहा है कि पाकिस्तान की नींव कलमे (इस्लाम धर्म का मूल मंत्र) पर रखी गई है। हम हर मामले में हिंदुओं से अलग हैं। हमारा धर्म अलग है, हमारे रीति-रिवाज अलग हैं। हमारी संस्कृति और सोच अलग है। यही टू-नेशन थ्योरी की नींव थी। इस्लामाबाद में पहले ओवरसीज पाकिस्तानी सम्मेलन में जनरल मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान की कहानी अपने बच्चों को आपको जरूर सुनानी है। हमारे पूर्वजों ने सोचा कि हम हिंद. ुओं से अलग हैं। हमारी सोच, हमारी महत्वाकांक्षाएं अलग हैं। इसी वजह से हम दो देश हैं, एक देश नहीं हैं। इस देश के लिए हमारे पूर्वजों ने बलिदान दिया है। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। जनरल मुनीर ने कहा-आज तक सिर्फ दो रियासतों की बुनियाद कलमे पर पड़ी। पहली रियासत-ए-तैयबा, क्योंकि तैयबा को हमारे नबी (मोहम्मद साहब) ने नाम दिया था। आज उसे मदीना कहते हैं। वहीं, दूसरी रियासत 1300 साल बाद अल्लाह ने पाकिस्तान बनाई। जनरल मुनीर ने कश्मीर को गले की नस बताया था। मुनीर ने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया था। उन्होंने कहा, हमारा रुख बिल्कुल साफ है। कश्मीर हमारी गले की नस था, है और रहेगा। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे। हम अपने कश्मीरी भाइयों को उनके वीरतापूर्ण संघर्ष में अकेले नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कश्मीर को गाजा से जोड़ते हुए कहा, पाकिस्तानियों का दिल गाजा के मुसलमानों के साथ धड़कता है। जनरल मुनीर ने बलूचिस्तान में बढ़ते अलगाववादी आंदोलनों और आतंकी गतिविधियों पर भी कड़ा रुख अपनाया। उन्होंने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बीएलए को चेतावनी देते हुए कहा कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का गौरव है। क्या आप इसे आसानी से छीन लेंगे? दस पीढ़ियां भी इसे नहीं ले पाएंगी। इंशाअल्लाह, हम इन आतंकियों को जल्द ही कुचल देंगे। उन्होंने बलूचिस्तान में हाल के हमलों, जैसे मार्च 2025 में जफर एक्सप्रेस ट्रेन के अपहरण का जिक्र किया और कहा कि 1500 आतंकी देश का भविष्य नहीं बदल सकते। अगर 13 लाख सैनिकों वाली भारतीय सेना पाकिस्तान को डरा नहीं सकी, तो आतंकी कैसे डरा सकते हैं। जनरल मुनीर ने आतंकवाद के कारण निवेश न आने की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, क्या आपको लगता है कि आतंकी देश का भाग्य छीन सकते हैं? जब तक पाक जनता सेना के साथ है, कोई भी चुनौती हमें नहीं रोक सकती। सवाल यह नहीं कि पाक कब तरक्की करेगा, सवाल यह है कि कितनी तेजी से करेगा।

## भारत-चीन से व्यापार बढ़ाना चाहता है ईरान

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामनेई ने भारत, चीन और रूस जैसे देशों के व्यापार बढ़ाने की बात कही।

उन्होंने कहा कि ईरान को एशिया के आर्थिक केंद्र वाले देशों के साथ आर्थिक संबंध बढ़ाने चाहिए और पड़ोसी देशों को प्राथमिकता देनी चाहिए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनिया के सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाया था, जबकि चीन को छोड़कर बाकी सभी देशों के लिए 90 दिन तक रोक दिया गया। ऐसे में दुनिया के ज्यादातर देश अमे. रिका पर निर्भरता कम करने के लिए रीजनल व्यापार को बढ़ावा देने की कोशिश कर रहे हैं।

# मेहुल चोकसी को वापस लाने की कोशिश जारी



**भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है, पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है।**

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को मीडिया को बताया कि भारत सरकार भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण के लिए बेल्जियम के साथ मिलकर काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार की औपचारिक अपील पर शनिवार को चोकसी को बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। भगोड़ा हीरा कारोबारी और पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) घोटाले का मुख्य आरोपी मेहुल चोकसी पर 13,850 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। पिछले महीने खुलासा हुआ था कि मेहुल चोकसी बेल्जियम में है। रिपोर्ट्स के मुता. बिक, मेहुल पत्नी प्रीति चोकसी के साथ रह रहा है, जिन्हें बेल्जियम की नागरिकता मिली है। बेल्जियम के विदेश मंत्रालय ने ही चोकसी की मौजूदगी की जानकारी दी थी। सूत्रों के मुताबिक, मेहुल चोकसी बेल्जियम से स्विट्जरलैंड भागने की कोशिश कर रहा था।

## फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने हरमंदिर साहिब में टेका मत्था

**अमृतसर।** फ्रांसीसी राजदूत थिएरी माथु ने गुरुवार को हरमंदिर साहिब में मत्था टेका। दरबार साहिब के दर्शन करते समय राजदूत माथु ने गुरबाणी कीर्तन का श्रवण किया तथा गुरु रामदास जी के लंगर में भी गए। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पवित्र स्थान पर आकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने शिरोमणि कमेटी से मिले सम्मान के लिए पदाधिकारियों का भी आभार व्यक्त किया। शिरोमणि कमेटी के सचिव प्रताप सिह राजदूत माथु को दरबार साहिब का स्वर्णिम मॉडल, लोई और धार्मिक पुस्तकें देकर सम्मानित किया।

# ट्रम्प-मेलोनी की मुलाकात में टैरिफ समाधान की उम्मीद

**मॉस्को।** यूरोपीय संघ (ईयू) के व्यापार वार्ताकारों को उम्मीद है कि इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेला. ेनी की वाशिंगटन यात्रा और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ उनकी बैठक अमेरिकी टैरिफ मांगों पर मंजूरी मिल सकती है। द फाइनेंशियल टाइम्स में गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र की रिपोर्ट में कहा है कि ब्लॉक के वार्ताकारों ने कथित तौर पर शिकायत की है कि उन्हें अमे. रिकी मांगों के बारे में जानकारी नहीं दी गई है और अब उन्हें उम्मीद है कि सु. मेलोनी की यात्रा से स्थित स्पष्ट हो जाएगी। इसके साथ ही नाटो में इटली के पूर्व राजदूत स्टेफानो स्टेफनिनी का मानना है कि इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी को यूरोपीय संघ के मध्यस्थों पर इसका लाभ मिल सकता है क्योंकि वह निर्णायकों से बात कर रही हैं और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ उनके मधुर संबंध हैं। चार यूरोपीय संघ देशों के अनाम राजनयिकों ने बताया कि पारस्परिक टैरिफ पर इटली के नरम रुख की कुछ सदस्य देशों द्वारा आला. ेचना की जाती है, लेकिन उन्होंने बताया कि ट्रम्प के साथ सु. मेलोनी के मधुर संबंध फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इतालवी प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक रूप से ब्रुसेल्स के इस प्रस्ताव का समर्थन किया कि यदि वाशिंगटन भी ऐसा ही करता है तो वह औद्योगिक वस्तुओं पर सभी टैरिफ हटा लेगा, हालांकि वार्ता के बारे में जानकारी रखने वाले राजनयिकों ने कथित तौर पर कहा कि अमेरिका टैरिफ कम करने में रुचि नही रखता है और उसके घोषित 10 प्रतिशत टैरिफ दर के बने रहने की संभावना है।

## अमेरिकी टैरिफ वृद्धि अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नहीं: चीन

**बीजिंग।** चीन ने कहा है कि उनके देश से आयातित कुछ उत्पादों पर अमे. रिका द्वारा लगाया गया 245 प्रतिशत टैरिफ अब आर्थिक रूप से तर्कसंगत नही रह गया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उस पर अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ में अत्यधिक वृद्धि केवल आंकड़ों का खेल बन चुकी है, जिससे आर्थिक रूप से अब कोई वास्तविक अंतर नही पड़ता, सिवाय इसके कि यह और अधिक स्पष्ट हो जाता है कि कैसे अमेरिका दूसरों को मजबूर करने एवं धमकाने के लिए टैरिफ का उपयोग करता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन इन युद्धों में शामिल नही होना चाहता।

## वार्ताकार गाजा के बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखें: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इजरायली वार्ताकारों को गाजा में अभी भी बंधकों की रिहाई के प्रयास जारी रखने को आदेश दिया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक संघर्ष विराम बहाल करने के प्रयास ठप लग रहे हैं।

बयान में कहा गया है कि नेतन्याहू ने गाजा में बंधकों की रिहाई के लिए कदम जारी रखने का आदेश दिया है। यह फैसला सुरक्षा अधिकारियों और वार्ताकारों के साथ बैठक के बाद लिया गया, जहां 59 बंधकों की स्थिति पर चर्चा हुई। इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि इस बीच, मिस्र और कतर ने हमास को 10 बंधकों की रिहाई तथा अस्थाई युद्धविराम का नया प्रस्ताव दिया है, जिस पर हमास विचार कर रहा है।

# तकनीकी बारीकियों को परखने ब्राजील के खेतों में उतरे शिवराज



**वर्षा में उसमें जल इकट्ठा होता है और उस पानी को यहां स्प्रिंकलर जैसी जो रचना बनी है, उसमें देते हैं ताकि कम पानी में ज्यादा सिंचाई हो सके और पूरा कंट्रोल्ड सिस्टम है। जितना पौधे को न्यूट्रिएंट चाहिए और जितना पानी चाहिए, उतना ही पानी जाता है। शिवराज ने ब्राजील में मक्का के खेतों में पहुंचकर नरवाई निपटान तकनीक को समझा।**

**ब्रासीलिया/ नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान मंत्री शिव. राज सिह चौहान गुरुवार को ब्राजील के खेतों में उतरे और टमाटर मक्का एवं सोयाबीन सहित कई फसलों को जांचा परखा तथा तकनीक के प्रयोग और प्रक्रिया के तरीकों को समझा।

चौहान ने ब्राजील के ब्रासीलिया में कृषि कार्यों को देखने के लिए खेतों में गए और खेती में प्रयोग की जा रही मशीनों तथा प्रक्रियाओं को देखा। चौहान ब्रिक्स देशों के कृषि मंत्रियों की 15वीं बैठक के लिए ब्राजील प्रवास पर हैं। केंद्रीय मंत्री ने ब्राजील में सोयाबीन उत्पादन संयंत्र और टमाटर के खेतों सहित कुछ अन्य स्थानों का दौरा किया। उन्होंने ब्राजील में, खेती में अपनाई जा रही मशीनों और सिंचाई की अत्याधुनिक पद्धतियों का अवलो. कन किया। चौहान ने कहा कि भारतीय कृषि के और तेजी से विकास के लिए ब्राजील से प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया गया है। केन्द्रीय मंत्री ब्राजील के कृषि मंत्री के साथ टमाटर और मक्का के खेत पर भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि यहां आकर मैं खेती देख रहा हूं और यहां से सीख भी रहा हूं और भारत में हम कैसे हम मिलकर इस दिशा में खेती को आगे ले जा सकते हैं, उत्पादन बढ़ाने के लिए भी, उस दिशा में भी प्रयत्न करेंगे। ब्राजील के सोयाबीन उत्पादन संयंत्र का अवलोकन करते हुए, चौहान ने भारत में सोयाबीन के क्षेत्र के विकास पर कहा कि भारत में सोयाबीन का उत्पादन बघने और प्रसंस्करण के क्षेत्र में भी ब्राजील के साथ मिलकर काम किया जा सकता है। ब्राजील से भारत सोया तेल आयात करता है। उन्होंने कहा कि भारत में सोया संयंत्र लगाने पर विचार किया जा सकता है। कपास के क्षेत्र में भी दोनों देश मिलकर काम कर सकते हैं।

# ताइवान ने चीन के 34 विमान, छह जहाज़ ढूंढे

**बीजिंग।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के 34 विमान और छह जहाजों का पता लगाया है। जिसमें से 22 विमानों ने ताइवान की सीमा में प्रवेश किया था। मंत्रालय ने कहा कि आज सुबह छह बजे (बुधवार को 22:00 जीएमटी) तक ताइवान के आसपास 34 पीएलए विमान, छह पीएलएएन जहाज और 2 आधिकारिक जहाजों का पता लगाया गया।ह मंत्रालय ने उल्लेख किया कि इनमें से 22 विमानों ने ताइवान जलडम मध्य की मध्य रेखा को पार कर ताइवान के वायु रक्षा क्षेत्र में प्रवेश किया। ताइवान ने स्थिति पर नज़र रखने के लिए विमान, नौसैनिक जहाज और तटीय-आधारित मिसाइल सिस्टम तैनात किए हैं।

यह घटना चीन और ताइवान के बीच बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि में हुई है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और उसे बलपूर्वक अपने अधीन करने की बात करता है। ताइवान स्वयं को स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र मानता है।

# गाजा पर बमबारी, 19 फलस्तीनी मरे

## गाजा के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाया

**गाजा।** गाजा पट्टी के विभिन्न क्षेत्रों में हुए इजरायली हमलों में कम से कम 19 फलस्तीनी मारे गए। यह जानकारी गाजा के नागरिक सुरक्षा ने दी। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता महमूद बसल ने सिन्हुआ से बुधवार को कहा कि गाजा शहर के उत्तर-पूर्व में अल-तुफ्फा में हसौना परिवार के घर को निशाना बनाकर किए गए इजरायली हवाई हमले में बच्चों और महिलाओं सहित 10 लोग मारे गए। गाजा पट्टी के उत्तर में जबालिया क्षेत्र में इजरायली सेना ने तीन लोगों की हत्या कर दी और अन्य को घायल कर दिया। गाजा पट्टी के दक्षिण में खान यूनिस में इजरायली ड्रोन हमलों में कम से कम दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। बसल ने कहा कि एक इजरायली विमान ने नुसेरात के केंद्रीय शहर में विस्थापितों को भोजन वितरित करने वाले एक तंबू को निशाना बनाया, जिसमें एक फलस्तीनी मारा गया। फलस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि बुधवार की सुबह से ही इजरायली तोपखाने की गोलाबारी गाजा शहर के पूर्वी इलाक. ों, बेत हनून और उत्तरी गाजा पट्टी के बेत लाहिया इलाकों पर जारी है। इस बीच, हमास की सशस्त्र शाखा अल-कस्साम ब्रिगेड ने एक बयान में कहा कि उसके सदस्यों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-वफा अस्पताल के पास तीन इजरायली मर्कवा 4 टैंकों को निशाना बनाया। इजरायली सेना ने अभी तक हमलों पर कोई टिप्पणी नही की है। इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को एक बयान में कहा कि 18 मार्च से गाजा पट्टी में नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत हमास के राजनीतिक ब्यूरो के कुल 11 वरिष्ठ अधिकारी मारे गए हैं। इसने कहा कि अब तक नवीनीकृत अभियान के अंतर्गत इजरायली वायुसेना के 350 लड़ाकू विमानों और विमानों द्वारा लगभग 1,200 आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। 100 से अधिक लक्षित ठिकानों को नष्ट किया गया है और गाजा पट्टी में आतंकी संगठनों के सैकड़ों आतंकवादियों और सैन्य कमांडरों को मार गिराया गया है। गाजा में स्वास्थ्य अधिकारियों ने बुधवार को घोषणा किया कि पिछले 24 घंटों में गाजा में कम से कम 25 लोग मारे गए तथा 89 अन्य घायल हुए।

## आईएमएफ से ऋण दिलाने में मदद के लिए चीन का धन्यवाद: शहबाज

**इस्लामाबाद/बीजिंग।** पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने चीन को अपना सबसे सच्चा मित्र बताते हुए कहा कि आईएमएफ से ऋण प्राप्त करने में चीन की कूटनीतिक और वित्तीय सहायता बहुत महत्वपूर्ण थी। उल्लेखनीय है कि 26 मार्च को, आईएमएफ के कर्मचारियों ने पाकिस्तान के साथ 1.3 अरब डॉलर के नए समझौते पर पहुंचने के साथ-साथ वर्तमान में चल रहे 37 महीने की बेलआउट कार्यक्रम की पहली समीक्षा पर भी सहमति व्यक्त की। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की वित्तीय स्थिति बहुत खराब हो चुकी है, उसका विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से घट रहा है, जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में सुधार की कमी के कारण वह अक्सर आईएमएफ की ऋण मांगों को पूरा करने में असमर्थ हो जाता है। चीन से समय पर मिले ऋण ने पाकिस्तान को आईएमएफ, विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी संस्थाओं से ऋण लेने में मदद की है। डॉन के अनुसार, पिछले महीने, चीन ने इस्लामाबाद को 2 अरब डॉलर के ऋण की पुनर्भुगतान अवधि एक वर्ष बढ़ा दी, जिससे बहुत आवश्यक वित्तीय राहत मिली और पाकिस्तान के संकटग्रस्त कम विदेशी मुद्रा भंडार को स्थिर करने में मदद मिली। सरकार सितम्बर 2024 में सात अरब डॉलर के आईएमएफ बेलआउट को सुरक्षित करने के बाद अपने वित्त को मजबूत करने पर काम कर रही है।

# ब्रिटेन में ट्रांसजेंडर को नहीं माना जाएगा महिला




## ब्रिटिश सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण देने से इन्कार किया, कहा- महिला वही जो जन्म से फीमेल

**लंदन।** ब्रिटेन में अब ट्रांसजेंडर को महिला नहीं माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महिला होने की कानूनी परिभाषा पर फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि जो जन्म से महिला यानी बायोलॉजिकल फीमेल है, उसे ही महिला माना जाएगा। कोर्ट के इस फैसले से ट्रांसजेंडर अधिकारों पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। कोर्ट ने समानता अधिनियम 2010 की व्याख्या करते हुए बताया कि महिला और लिंग शब्द बायोलाजिकल फीमेल और बायोलॉजिकल जेंडर को बताते हैं। पांच जजों की बैंच ने सर्वसम्मति से यह फैसला दिया। बैंच में शामिल जज पैट्रिक हाज ने कहा कि यह एक्ट ट्रांसजेंडर लोगों को उनके साथ जेंडर के आधार पर होने वाले भेदभाव से सरंक्षण देता है। 2018 में स्काटलैंड की सरकार ने एक कानून बनाया, जिसमें सार्वजनिक संस्थाओं में 50 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी जरूरी थी। इस कानून में ट्रांसजेंडर महिलाओं (जिनके पास जेंडर रिकग्निशन सर्टिफिकेट या जीआरसी है) को भी महिला माना गया। फार वुमन स्काटलैंड नाम के समूह ने इसका विरोध किया और कहा कि यह कानून महिला की परिभाषा को गलत तरीके से बदल रहा है। पांच जजों ने एकमत से कहा कि इक्विलिटी एक्ट में महिला और सेक्स का मतलब जन्म से महिला और प्राकृतिक सेक्स है। ट्रांसजेंडर महिलाएं, भले ही उनके पास जीआरसी हो, लेकिन कानूनी रूप से वे महिला की कैटगरी में नहीं आएंगी। कोर्ट ने कहा कि अगर ट्रांसजेंडर को शामिल किया गया, तो कानून अव्यवहारिक हो जाएगा। ट्रांसजेंडर महिलाओं को अब महिलाओं के लिए बने टायलेट, चें. जंग रूम, अस्पताल वार्ड, जेल, या रेप काउंसलिंग सेंटर जैसी जगहों से बाहर रखा जा सकता है। पहले महिलाओं के टायलेट या चेंजिंग रूम का ट्रांसजेडर इस्तेमाल कर सकती थीं। अब उन्हें इसका इस्तेमाल करने के लिए जायज वजह देना होगा। ट्रांसजेंडर को महिलाओं के खेलों से बाहर किया जा सकता है। यह फैसला अमेरिका जैसे देशों में ट्रांसजेंडर अधिकारों पर बहस को प्रभावित कर सकता है, जहां इसे उदाहरण के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108